

सच, सिर्फ सच ** 

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 09 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 61, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 555 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला दूसरे दिन जारी रहा और तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 555.23 अंक यानी 0.73 प्रतिशत टूटकर 75,577.58 अंक पर बंद हुआ। } 10

## तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा रक्षा और क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे। } 12



संक्षेप

### भारत की यात्रा पर आयेंगे राष्ट्रपति पुतिन

नई दिल्ली/मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इफकार समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। नई दिल्ली में 12 सितंबर को इफकार नेताओं की बैठक से पहले 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच द्विपक्षीय मुलाकात होगी। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मोदी और पुतिन की मुलाकात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूस भारत को अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं। पेस्कोव के मुताबिक, मोदी और पुतिन की बातचीत में व्यापार, आर्थिक सहयोग, परिवहन और दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल होंगे।

### एशियार्ड : नीली जर्सी में खेलेगी हॉकी टीम

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने मंगलवार को कहा कि भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें जापान के आइची-नागोया में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में नीली जर्सी पहनकर खेलेंगी। टिर्की ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने टीम किट के रंगों को लेकर विकल्प दिए थे जिसके बाद हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की जर्सी के लिए नीले रंग को पहली पसंद बनाया। टिर्की ने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने जा रहे खिलाड़ियों के लिए आयोजित विदाई समारोह के इतर भाषा से कहा, आईओए ने हमें टीम किट के लिए रंगों के विकल्प दिए थे। हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की जर्सी के लिए पहला रंग नीला और दूसरा रंग ऑरेंज चुना है। हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए विश्व कप से ठीक पहले भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग पारंपरिक नीले से बदलकर ऑरेंज किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उस समय टिर्की ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उनकी या कार्यकारी बोर्ड की जानकारी के बिना जर्सी का रंग बदलने का फैसला लिया गया था।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को अब मिलेंगे 12 हजार, सहायिकाओं को छह हजार मानदेय

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से की बड़ी घोषणा, हर साल पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज, दो की जगह अब मिलेंगी तीन साड़ियां

जिला संवाददाता

अयोध्या। प्रदेश की 2.91 लाख आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बड़ी सौगात दी। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय आठ हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये और सहायिकाओं का चार हजार से बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यकत्रियों, सहायिकाओं तथा उनके परिवारों को हर वर्ष पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। अब उन्हें दो के बजाय तीन साड़ियां मिलेंगी। सीएम ने स्मार्टफोन और रियल टाइम डेटा के इस्तेमाल से आंगनवाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाने की भी घोषणा की।



मुख्यमंत्री योगी अयोध्या धाम में आईसीडीएस के तहत आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। अयोध्या में करीब 12 हजार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं मौजूद रहीं, जबकि सभी 75 जिलों में आयोजित कार्यक्रमों से मंत्री, सांसद, विधायक और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं जुड़ीं। बुधवार से शुरू हो रहे पोषण माह से पहले मुख्यमंत्री योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, अतिरिक्त साड़ी और स्मार्टफोन की चार प्रमुख सौगातें दीं। अपने संबोधन में सीएम ने कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## टेक्सटाइल बनेगा नयी औद्योगिक ताकत : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का मतलब अप यानी अनलिमिटेड पोटेंशियल है। उत्तर प्रदेश के पास विरासत, हुनर, मानव संसाधन, उद्योग, उद्यमिता और देश का सबसे बड़ा बाजार है। दुनिया की सबसे युवा वर्कफोर्स भी हमारे पास है। अब इसी ताकत के सहारे उत्तर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाना है। हमारा लक्ष्य फाइबर से यार्न, यार्न से फैब्रिक, फैब्रिक ...शेष पृष्ठ 10 पर



# पीएम मोदी का जेन-जेड ने किया ग्रैंड वेलकम

## ❍ छात्रों को मुफ्त कोचिंग का ऐलान ❍ मालगाड़ी को भी दिखायी हरी झंडी ❍ राहुल गांधी को बताया नाराज फूफा

एजेंसी

अहमदाबाद/वडोदरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में 6 हजार युवाओं यानी 'जेन-जेड' के साथ एक खास संवाद किया। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी एकदम अलग अंदाज में नजर आए। उनके स्वागत में खासतौर पर बनाए गए आकार के रैंप पर चलते समय क्वीन का मशहूर गाना वी विल रॉक यू और 'आरी आरी' बजाया गया

छात्रों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बड़ा ऐलान किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सरकार जल्द ही मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा शुरू करेगी। उन्होंने वडोदरा को 'गतिशक्ति यूनिवर्सिटी' का शहर बताते हुए 'चिप्स से लेकर शिप्स' तक के नए विनिर्माण भविष्य पर भी जोर दिया. इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर दो स्टैक वाली मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर विकास को नई रफ्तार दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धुरंधर-2 के सांग आरी-आरी से वडोदरा के 'नमो 4 विकसित भारत' कार्यक्रम में ग्रैंड एंट्री ली। पीएम मोदी इस कार्यक्रम में एक बदले अंदाज में दिखे। पीएम नरेंद्र मोदी के सरकारी कार्यक्रम की तुलना एक यूर्थ कंसर्ट से हो रही है। इसकी वजह यह है कि यह पहला मौका था जब पीएम मोदी किसी सरकारी कार्यक्रम रैंप पर चलकर स्टेज पर पहुंचे। इस कार्यक्रम में जहां नई तकनीक का इस्तेमाल हुआ तो वहीं दूसरी तरफ एक के एक कई गाने भी बजे। जिनसे पूरे कार्यक्रम का माहौल यूथ कंसर्ट वाला हो गया। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में कांग्रेस और राहुल गांधी का नाम नहीं लिया लेकिन 35 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ पिछली सरकार कहकर हमला बोला। पीएम मोदी ने 'नमो फॉर विकसित भारत' ...शेष पृष्ठ 10 पर



## अब यूपीआई के वैश्विक विस्तार की तैयारी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को फिनटेक क्षेत्र से एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की वैश्विक पहुंच बढ़ाने, इसे अन्य देशों की स्थानीय भुगतान प्रणालियों से जोड़ने और प्रवासी भारतीयों के लिए पैसा भेजने की लागत कम करने में मदद करने का आह्वान किया। मोदी ने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन के सातवें संस्करण के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में कहा कि यूपीआई मंच अब 11 ...शेष पृष्ठ 10 पर



## प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से की झूठे वादों से बचने की अपील

वडोदरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। इस कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की। पीएम ने कहा लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के छात्रों की गूंज अभियान पर तंज माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर वाई आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना 'वी विल रॉक यू' बजाया गया। इसके बाद 'धुरंधर' का गाना 'आरी आरी' भी बजा। जंतर-मंतर प्रोटेस्ट के बाद बीजेपी का पूरा फोकस जेन-जी वोटर्स पर है। दरअसल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सीएम योगी सख्त, पांच तहसीलदार निलंबित

## 13 तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत राजस्व मामलों में लापरवाही और उदासीनता पर कड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व अदालतों में लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने पांच तहसीलदारों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि 13 तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

7 सितंबर को प्रदेश के सभी राजस्व न्यायालयों में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-34 के तहत दाखिल वादों की तहसीलवार और अधिकारीवार गहन समीक्षा की गई थी, जिसके बाद यह सख्त कार्रवाई की गई। निलंबित किए गए अधिकारियों में अमित यादव तहसीलदार संडीला हरदोई, कृष्ण कुमार मिश्रा तहसीलदार देवरिया, सौरभ कुमार तहसीलदार जौनपुर, रंजन वर्मा तत्कालीन नायब

> ❍ राजस्व अदालतों में लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण में प्रगति नहीं मिलने पर हुई कार्रवाई

तहसीलदार अयोध्या व सम्प्रति तहसीलदार गाजीपुर और अलख शुक्ला तहसीलदार जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं। इससे पहले 1 सितंबर 2026 को भी चार तहसीलदारों और एक नायब तहसीलदार को निलंबित किया गया था। यह कार्रवाई 29 अगस्त 2026 को मुख्यमंत्री की ओर से राजस्व अदालतों में लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण की उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद दिए गए निर्देशों के क्रम में की जा रही है। समीक्षा में राजस्व वादों का निर्धारित समय सीमा के भीतर हर स्थिति में निस्तारण सुनिश्चित करने और किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही अथवा उदासीनता पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा वादों के निस्तारण में बरती गई लापरवाही के दृष्टिगत 13 तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें चंद्रशेखर वर्मा तत्कालीन तहसीलदार देवरिया व सम्प्रति तहसीलदार गोरखपुर, गोपाल तत्कालीन नायब तहसीलदार देवरिया व सम्प्रति ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बने मोहसिन रजा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मंत्री और भाजपा नेता मोहसिन रजा को राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी के साथ उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया जाएगा। नियुक्ति से कुछ समय पहले ही रजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

मोहसिन रजा लंबे समय से भाजपा से जुड़े हैं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद रजा को मंत्री बनाया गया। अगस्त 2019 में



> ❍ पूर्व मंत्री को मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा

उनके पास अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज से जुड़े विभागों की जिम्मेदारी रही। सरकार में मंत्री रहते हुए वह अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कक्षाओं में तैयार होती है मजबूत राष्ट्र की आधारशिला

## विद्यार्थियों को संस्कार व जिम्मेदारी का बोध कराना उद्देश्य : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मजबूत राष्ट्र की आधारशिला कक्षाओं में तैयार होती है। विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा उनके भविष्य के साथ-साथ समाज की दिशा भी तय करती है। इसलिए शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करना या रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसी पीढ़ी तैयार करना होना चाहिए, जिसमें ज्ञान के साथ चरित्र, अनुशासन, संवेदनशीलता और अपने दायित्वों के प्रति जागरूकता हो।

मुख्यमंत्री ने यह विचार मुख्य सेवक सदन में आयोजित ज्ञान गंगा सम्मान समारोह एवं छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षा



के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन कुसुम कांता फाउंडेशन और मंथन वेलफेयर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से किया। सीएम धामी ने कहा कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण किसी प्रतिभावान विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए समाज के सक्षम वर्गों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग देने के साथ उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति आगे ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


❍ सहायक आचार्य के 1,936 पदों पर भर्ती शुरू (पृष्ठ-02)
❍ जल गुणवत्ता जांच में यूपी मॉडल अपनायेगा बिहार (पृष्ठ-02)
❍ कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बढ़ी महंगाई (पृष्ठ-10)
❍ रुपया 28 पैसे टूटकर 94.84 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
❍ चीन का निर्यात अगस्त में 25 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** लखनऊ समेत छह जिलों में विकास का मेगा खाका तैयार, कनेक्टिविटी से उद्योग तक बदलेगा यूपी का कैपिटल रीजन

# यूपी एससीआर के बेस मैप पर लगी मुहर, छह जिलों की बदलेगी तस्वीर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट कैपिटल रीजन (यूपीएससीआर) के गठन की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई रिव्यू कमेटी की बैठक में यूपीएससीआर के बेस मैप को मंजूरी दे दी गई। अब प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए एक्जीक्यूटिव कमेटी के समक्ष भेजा जाएगा। अंतिम मंजूरी के बाद रीजनल प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपीएससीआर में लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और रायबरेली को शामिल किया गया है।

इन छह जिलों को मिलाकर स्टेट कैपिटल रीजन का कुल क्षेत्रफल करीब 26,741 वर्ग किलोमीटर होगा। इसके लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार की जा रही है। यूपीएससीआर की क्षेत्रीय महायोजना में परिवहन एवं मोबिलिटी, अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन से जुड़ी 30 प्रमुख परियोजनाएं चिन्हित की गई हैं। छह जिलों के बीच कनेक्टिविटी



मजबूत करने के लिए राज्य राजधानी माला (रीजनल रोड), एलिवेटेड पेरिफेरल रोड और रोड अपग्रेडेशन जैसी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर, ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर और मेट्रो नेटवर्क विकसित करने की योजना है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, लॉजिस्टिक पार्क, फूड पार्क और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे कॉरिडोर ओरिएंटेड डेवलपमेंट जैसी परियोजनाओं को भी क्षेत्रीय योजना में शामिल किया गया है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि बेस मैप तैयार करने के बाद संबंधित विकास प्राधिकरणों, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, रेलवे, वन विभाग, नगर निगम, सिंचाई विभाग और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग समेत 22 संस्थाओं से अभिमत मांगा गया था। सभी विभागों ने बेस मैप का परीक्षण करने के बाद अपनी सहमति दी। मंगलवार को रिव्यू कमेटी के समक्ष इसका प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसके बाद कमेटी ने इसे मंजूरी प्रदान कर दी। बेस मैप की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए छहों जिलों में ग्राउंड टूथिंग कराई गई। कंसल्टेंट और संबंधित विभागों ने सैटेलाइट इमेज तथा नक्शों से प्राप्त आंकड़ों का विभिन्न स्थानों पर मौके पर जाकर मिलान किया। इस दौरान कुल 2,239 स्थानों पर स्थलीय सत्यापन किया गया। बेस मैप को अंतिम मंजूरी मिलने के बाद रीजनल प्लान तैयार कराया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक यूपीएससीआर के विकास से क्षेत्र में निवेश बढ़ने के साथ रोजगार और कारोबार के नए अवसर पैदा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सपा सांसद के मस्जिद स्थल पहुंचने पर पांच दारोगा समेत 14 निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। मुजफ्फरनगर में सपा सांसद हरेंद्र मलिक को हाउस अरेस्ट करने के बावजूद पुलिस को चकमा देकर सहारनपुर में मस्जिद स्थल पर पहुंचने और शहर में वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के पोस्टर चस्पा होने पर बड़ी कार्रवाई हुई है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने देर रात ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में थाना सिविल लाइन के आठ और शहर कोतवाली के छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इनमें चार दारोगा, एलआईयू के एक उपनिरीक्षक और नौ सिपाही शामिल हैं। सोमवार को मुजफ्फरनगर दंगे की 13वीं बरसी थी। इसे लेकर मुजफ्फरनगर समेत आसपास के कई शहरों में अखिलेश यादव की फोटो के साथ दंगों को पोस्टर लगा दिए गए। इसमें लिखा था न भूले थे, न भूले हैं, न भूलेंगे। शहर में रोडवेज बस स्टैंड सहित कई प्रमुख चौराहे पर पोस्टर चस्पा देख पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन-फानन में पोस्टर हटवाए। इसके बाद सीसी फुटेज से पड़ताल शुरू हुई तो पता चला कि बस में सवार होकर कुछ युवक मुजफ्फरनगर में रविवार रात पहुंचे और रोडवेज ...शेष पृष्ठ 10 पर

> ❍ हाउस अरेस्ट सपा सांसद पुलिस को चकमा देकर पहुंचे सहारनपुर

C M Y K

# बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में शिक्षक दिवस 2026 का भव्य और गरिमापूर्ण आयोजन







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में शिक्षक दिवस 2026 का उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीबीडी शैक्षिक समूह के शिक्षकगण एवं गणमान्य अतिथि एकत्रित हुए और शिक्षा, राष्ट्र निर्माण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सहयोग से सफलतापूर्वक हुआ। उन्होंने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उनके निरंतर सहयोग एवं शिक्षक समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता ने इस आयोजन को विशेष एवं स्मरणीय बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों एवं शिक्षकगण की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। इसके बाद गणेश वंदना ने समारोह के वातावरण को आध्यात्मिक एवं गरिमामय बना दिया।

इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल, बीबीडीयू के के कुलपति प्रो. डॉ. एस. के.श्रीवास्तव प्रति-कुलपति प्रो. डॉ. एस. सी. शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह सभी निदेशक, डीन एवं फैकल्टी उपस्थित रहे।

कुलपति एवं प्रति कुलपति ने अपने आशीर्वचन एवं प्रेरणादायी संबोधन से शिक्षको का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता में उनके योगदान को रेखांकित किया। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विशेष संदेश प्रस्तुत किया गया एवं विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

समारोह का प्रमुख आकर्षण वर्ष के श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार का सम्मान समारोह रहा, जिसमें उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं कार्यकुशलता के लिए शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों में बीबीडीआईटीएम के अभय यादव एवं डॉ. मीतू पांडेय, बीबीडीएनआईआईटी (इंजीनियरिंग) के डॉ. पी के मल्ल एवं बीबीडीएनआईआईटी (फामेर्सी) की डॉ. गीता मिश्रा, बीबीडी विश्वविद्यालय से स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट की डॉ. पूजा ज्ञानचंदानी, स्कूल ऑफ फामेर्सी की श्वेतजा सिंह, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के डा लोकेश दत्त अवस्थी, स्कूल ऑफ एजुकेशन की डॉ. मेहविश सिद्दीकी, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के सौरभ सक्सेना, स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के सुजीत कुमार, स्कूल ऑफ बेसिक साइंस के डॉ. मयंक त्रिवेदी, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के नीरज वैश्वार, स्कूल ऑफ कंप्यूटर ऑफ एप्लीकेशन की डॉ. निधि सक्सेना, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की डॉ. पूजा अग्रवाल एवं डॉ. हिमांशु पांडेय, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डा अजेंद्र कुमार एवं बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के डॉ. बृजेंद्र सिंह आदि थे। बेस्ट फैकल्टी काउंसलर अवार्ड डॉ. मेहविश सिद्दीकी एवं बेस्ट रिसर्चर अवार्ड-2026 डॉ. अली हुसैन को दिया गया। इस वर्ष शिक्षक दिवस समारोह में तीन नई पुरस्कार श्रेणियां – श्रेष्ठ परामर्शदाता, श्रेष्ठ शोधकर्ता एवं श्रेष्ठ शोधकर्ता विद्यालय भी शामिल की गईं। इन पुरस्कारों के माध्यम से विद्यार्थी मार्गदर्शन, अनुसंधान एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षको की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए गायन एवं काव्य प्रस्तुति तथा अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। शिक्षको के लिए विशेष खेल सत्र ने समारोह में उत्साह एवं आनंद का वातावरण बनाया। कार्यक्रम का समापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. डॉ. एस. एम. के. रिजवी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

शिक्षक दिवस 2026 का यह समारोह कृतज्ञता, सम्मान, एकजुटता एवं शिक्षक समुदाय के योगदान के उत्सव का प्रतीक रहा। इस आयोजन ने शिक्षको को एक-दूसरे की उपलब्धियों को सराहने तथा भावी पीढ़ी के निर्माण के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

# जल गुणवत्ता जांच में यूपी मॉडल का बिहार ने किया अध्ययन

- राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में ई-कोलाई से भारी धातुओं तक की जांच प्रक्रिया देखी
- एनएबीएल मानकों और आधुनिक तकनीक पर हुआ मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल गुणवत्ता की निगरानी और जांच व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की तीन सदस्यीय टीम ने उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की लखनऊ स्थित राज्य स्तरीय जल विश्लेषण प्रयोगशाला का एक्सपोजर विजिट किया। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश की टीम भी इसमें शामिल रही।

बिहार की टीम ने जल गुणवत्ता की जांच, निगरानी और प्रयोगशाला प्रबंधन की यूपी में लागू व्यवस्था का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। प्रयोगशाला प्रभारी एवं सहायक शोध अधिकारी अनिल कुमार ने जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में संचालित जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था, प्रयोगशाला नेटवर्क, ग्राम स्तर पर फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) से जांच और पोर्टल के जरिए निगरानी की प्रक्रिया की जानकारी दी।

टीम को पानी में संदूषण मिलने के बाद सुधारात्मक कार्रवाई, पुनः जांच और समस्या के समाधान तक अपनाई जाने वाली प्रक्रिया से भी



अवगत कराया गया। एनएबीएल एक्रीडेशन और प्रयोगशाला में गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। बिहार की टीम ने प्रयोगशाला में ई-कोलाई और टोटल कोलीफॉर्म जैसे जीवाणुजनित मानकों की जांच प्रक्रिया देखी। भारी धातुओं की बेहद कम मात्रा का पता लगाने के लिए इस्तेमाल होने वाली आईसीपी-एमएस और कीटनाशक अवशेषों की जांच में उपयोग होने वाली जीसी-एमएस/एमएस तकनीक की भी जानकारी दी गई। भविष्य में पीएफएएस और माइक्रोप्लास्टिक जैसे उभरते प्रदूषकों की जांच के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं पर भी चर्चा हुई। यूपी जल निगम (ग्रामीण) के संयुक्त निदेशक सीपी यूनिट इंजीनियर संजय गुप्ता की अध्यक्षता में यूपी, बिहार और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें जल गुणवत्ता निगरानी, प्रयोगशाला प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण और एनएबीएल एक्रीडेशन से जुड़ी बेहतर कार्यप्रणालियों पर अनुभव साझा किए गए। अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) एवं प्रयोगशाला प्रमुख इंजीनियर ज्ञानेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि एक्सपोजर विजिट से जल गुणवत्ता प्रबंधन और आधुनिक परीक्षण तकनीकों के क्षेत्र में दोनों राज्यों के बीच तकनीकी सहयोग मजबूत होगा।

जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार ने कहा कि सुरक्षित पेयजल के लिए नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण जरूरी है। अंतरराज्यीय सहयोग और तकनीकी अनुभवों के आदान-प्रदान से प्रयोगशालाओं को वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुरूप मजबूत करने के साथ नई जल गुणवत्ता चुनौतियों से निपटने की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है।

# टेक्सटाइल में 5,196 करोड़ के निवेश से मिलेगी नई रफ्तार

## उद्योगपतियों ने तकनीकी वस्त्रों से लेकर टेक्सटाइल मशीनरी के स्थानीय निर्माण तक आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश ही नहीं, वैश्विक टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में मंगलवार को बड़ी पहल हुई। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव-2026 का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया। इस दौरान टेक्सटाइल सेक्टर में 5,196 करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। साथ ही 163 करोड़ रुपये के लेटर ऑफ कम्फर्ट और 60 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने यूपी टेक मित्र पोर्टल और हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना का भी शुभारंभ किया।

कॉन्क्लेव में उद्योग जगत ने उत्तर प्रदेश में बदले कारोबारी माहौल और निवेश की संभावनाओं की सराहना की। रामकी समूह के चेयरमैन अल्ला अयोध्या रामी रेड्डी ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन और आधारभूत ढांचे ने उद्योगपतियों का भरोसा बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यूपी में टेक्सटाइल के विकास के लिए तमिलनाडु जैसे राज्यों के अनुभवों से सीख लेकर दीर्घकालिक रणनीति तैयार करनी होगी। उद्योग प्रतिनिधियों ने तकनीकी टेक्सटाइल, मशीनरी निर्माण, कौशल विकास और आधुनिक प्रसंस्करण सुविधाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वक्ताओं का कहना था कि युवा कार्यबल, विशाल घरेलू बाजार, एमएसएमई आधार और पारंपरिक टेक्सटाइल विरासत यूपी को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता देते हैं। उद्योगपतियों ने रक्षा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले तकनीकी वस्त्रों से लेकर टेक्सटाइल मशीनरी के स्थानीय निर्माण तक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि हाई-परफॉर्मेंस फाइबर, तकनीकी फैब्रिक और तैयार उत्पादों का पूरा इकोसिस्टम विकसित होने से आयात पर निर्भरता घटेगी और प्रदेश में नए उद्योग व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। टेक्सटाइल उद्योग के प्रतिनिधियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, आधुनिक मशीनरी, सस्टेनेबिलिटी और ट्रेसेबिलिटी जैसी तकनीकों को अपनाने की जरूरत बताई। भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग के बाजार को अगले पांच वर्षों में करीब 180 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर और निर्यात को करीब 37 अरब डॉलर से 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य भी उद्योग जगत की चर्चा में प्रमुख रहा। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्यमियों ने कानून-व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, सड़क-कनेक्टिविटी, सिंगल पोर्टल से मंजूरी और सरकारी योजनाओं को निवेश के लिए सकारात्मक बताया। उद्यमियों के मुताबिक सरकारी अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी और निवेश के दौरान मिल रहा सहयोग उद्योगों के विस्तार में मददगार साबित हो रहा है। टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने भी प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने वाली नीतियों और टेक्सटाइल पार्कों के विकास की जानकारी दी। सरकार की ओर से संत कबीर टेक्सटाइल पार्क के तहत कई पार्क विकसित किए जा रहे हैं और लखनऊ-हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्कविकसित किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्देश्य निवेश, तकनीकी उन्नयन, कौशल विकास, निर्यात और टेक्सटाइल वैल्यू चेन को मजबूत कर उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख वस्त्र एवं तकनीकी वस्त्र केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

# बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक आरएलडी को मजबूत करना हमारा लक्ष्य : ऐश्वर्य राज सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

- वाराणसी मंडल की बैठक में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और टीम आरएलडी के गठन पर बनी रणनीति

**वाराणसी/सारनाथ।** रालोद की वाराणसी मंडल स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक श्री नगर कॉलोनी, पहड़िया-अकथा, सारनाथ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता रामशंकर यादव (गाजीपुर) ने की तथा संचालन वरिष्ठ नेता हवलदार यादव ने किया।

बैठक में मंडल के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के मुख्य अतिथि रालोद प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि रालोद की ताकत उसके कार्यकर्ता और जनता के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। अब समय आ गया है कि संगठन को केवल जिला और मंडल स्तर तक सीमित न रखते हुए प्रत्येक बूथ तक मजबूत किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि टीम आरएलडी पार्टी के संगठनात्मक विस्तार का महत्वपूर्ण आधार बनेगी।

जिला स्तर पर गठित होने वाली टीमों के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र और बूथ तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से पूर्वांचल में संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि वाराणसी मंडल का राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। मंडल के प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही जमीनी स्तर की कार्ययोजना तैयार की जाएगी और उसके परिणामों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ पार्टी नेता चंद्रबली यादव, रामकृष्ण पटेल, श्याम किशोर सिंह, बीएल प्रेमी, राहुल पटेल, डा. सत्येंद्र सिंह, राम आश्रय विश्वकर्मा तथा धर्मराज यादव आदि ने भी अपने विचार रखे और पार्टी संगठन को मजबूत करने का संकल्प सभी उपस्थित कार्यकर्ताओ को दिलाया।

बैठक में वाराणसी मंडल के गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली तथा वाराणसी सहित आसपास के जनपदों के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाराणसी में आज सजेगा पोषण का मंच, सीएम योगी करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का शुभारंभ बुधवार को वाराणसी से होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल होकर हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहेंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की थीम सही पोषण, देश रोशन रखी गई है। अभियान के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों, किशोरियों और उनके परिवारों के बीच पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य और श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्य मंत्री हंस राज विश्वकर्मा, वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत वाराणसी की प्रशासक पूनम मौर्या, विधान परिषद सदस्य राय धर्मेंद्र सिंह तथा विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, त्रिभुवन राम और डॉ. सुनील पटेल मौजूद रहेंगे।

# अखिलेश यादव ने मेधावियों को लैपटॉप देकर किया सम्मानित



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने आज इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर 182 विधानसभा सरेनी, रायबरेली से सपा नेता मनीष देव पाल तथा जिलाध्यक्ष इं. बीरेन्द्र यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपर उम्मे हबीबा पुत्री मेराज अली, भावना तिवारी पुत्री रेनू तिवारी, वैष्णवी गुप्ता पुत्री हर्षित गुप्ता, अवंतिका पाल पुत्री रामचंद्र पाल, कंचन प्रजापति पुत्री जगदीश प्रजापति को लैपटॉप दिये गए। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं में राखी रावत पुत्री अंकित कुमार, अभिषी साहू पुत्री बृजेश साहू, श्वेता यादव पुत्री राधे यादव, अनामिका गौतम पुत्री रामा देवी, प्रीतिका मौर्या पुत्री विमल कुमार को भी लैपटॉप दिए गए।

# सेवा संकल्प अभियान में उच्च शिक्षा संस्थानों की होगी व्यापक भागीदारी : योगेंद्र उपाध्याय



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को लखनऊ स्थित विधानसभा कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सेवा संकल्प अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, निदेशक उच्च शिक्षा सहित अन्य विभागीय अधिकारी भौतिक रूप से और राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव एवं विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय को अभियान के कार्यक्रमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। इसमें निजी विश्वविद्यालयों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सेवा स्मरण, आंगन मिलन, कहानी बदलाव, सेवा में मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान तथा सेवा यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों को अपनी स्थानीय परिस्थितियों एवं संस्थागत संसाधनों के अनुरूप इन कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कहानी बदलाव कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में हुए सकारात्मक बदलावों को सामने लाया जाए। नए विभाग, फैकल्टी, भवन, प्रयोगशालाएं, शैक्षिक सुविधाएं, नई व्यवस्थाएं एवं विद्यार्थियों के हित में शुरू की गई सुविधाओं से लाभान्वित छात्र-छात्राओं के अनुभव रिकॉर्ड किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से यह भी जाना जाए कि पहले संस्थान में क्या स्थिति थी और नई सुविधाओं के मिलने के बाद उनके अध्ययन एवं शैक्षिक जीवन में क्या बदलाव आया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी संस्थाओं में हुए बदलावों पर रोचक एवं प्रेरक कहानियां लिखने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा ताकि इस माध्यम से उनकी लेखन एवं रचनात्मक क्षमता का भी विकास हो सके।

सेवा में मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को श्रमदान, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने परिसरों के पार्कों, सार्वजनिक स्थलों अथवा आसपास के क्षेत्रों को चिन्हित कर स्वच्छता अभियान चला सकते हैं। उन्होंने बड़े परिसरों में व्यापक पौधरोपण के साथ ही उपयुक्त स्थानों पर मियावाकी पद्धति से पौधरोपण करने पर भी जोर दिया। इन गतिविधियों की फोटो एवं वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने के निर्देश दिए गए।

# प्रदेश में सहायक आचार्य के 1,936 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

- अशासकीय अनुदानित सह-शिक्षा महाविद्यालयों एवं महिला महाविद्यालयों में होगी भर्ती, 19 व 20 नवंबर को परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रदेश के अशासकीय अनुदानित सह-शिक्षा महाविद्यालयों एवं महिला महाविद्यालयों में सहायक आचार्य के 1,936 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 8 सितंबर से शुरू हो गई है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन प्रक्रिया में वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) व्यवस्था लागू की है। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य पद के लिए आवेदन करने से पहले ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विज्ञापित पदों के सापेक्ष निर्धारित अर्हता एवं पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन करें। विज्ञापित पदों की अर्हता एवं पात्रता के संबंध में अलग से व्यक्तिगत परामर्श उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत विज्ञापन एवं निर्देश पुस्तिका आयोग की वेबसाइट https:// upessc.up.gov.in पर उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि आवेदन करने से पहले विस्तृत विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें और सभी निर्धारित अर्हताएं पूरी करने के बाद ही आवेदन करें। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है।

ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है, जबकि ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 11 अक्टूबर रहेगी।

# समाजवादी छात्र सभा के लिए नया यूनिफार्म लांच

## छात्र सभा छात्रों को सदस्य बनाकर कॉलेज और विश्वविद्यालयों में चलायेगी छात्र जागरूकता अभियान : सपा अध्यक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के छात्र संगठन समाजवादी छात्र सभा के लिए नया यूनिफार्म लांच किया। नये यूनिफार्म में नीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की जींस है। टी शर्ट पर समाजवादी छात्र सभा का लोगो छपा है।

कार्यक्रम में समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी छात्र सभा दो सप्ताह का कार्यक्रम तय कर कॉलेज और विश्वविद्यालयों में छात्र जागरूकता अभियान चलाएगी। छात्रों को सदस्य बनाकर, समाजवादी विचारधारा को छात्रों तक पहुंचायेंगे।



पीडीए पौधरोपण के बाद विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर सम्पर्क कार्यक्रम तथा पर्चा वितरण, विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं से सुझाव पत्र भरवाए जाएंगे। संगोष्ठी में वर्तमान राजनीति में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं की भूमिका पर चर्चा होगी जबकि मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की सोच नई होती है। उसी दिशा में काम कर सपा छात्रसभा को नई यूनिफार्म देकर छात्रों के बीच समाजवादी विचारधारा को पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि यूनिफार्म सिर्फ यूनिफार्म नहीं होती है, इससे गैरबराबरी खत्म होती है। यूनिफार्म यूनिफॉर्मिटी लाती है इसीलिए छात्रसभा के नौजवान नई सोच, नई विचारधारा के साथ काम करते हुए कालेज-विश्वविद्यालयों में छात्रों को जोड़ेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा अपनी प्रोगेसिव एप्रोच, पॉजिटिव सोच, लोकतांत्रिक तरीका, अपने अफरमेटिव और डेमोक्रेटिक एक्शन, सोशलिस्ट विचारधारा को छात्रों के बीच पहुंचाने और पीडीए आंदोलन से छात्रों नौजवानों को जोड़ने के लिए कार्य करेगी। वहीं हमारा पीडीए भाजपा सरकार से पीड़ित, दुखी, अपमानित लोगों को जोड़कर काम कर रहा है। हम सब एक सकारात्मक सोच के साथ एकजुट होकर जमीन पर समाजवादी विचारधारा के लिए काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि पीडीए का मतलब प्रेम, दया, अपनापन भी है। हम लोग जितने प्रेम से व्यवहार, दया और अपनापन से काम करेंगे, उसी से समाजवादी छात्रसभा और लोगों को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की बात वर्षों पुरानी है। सिर्फ न्याय से बात नहीं बनेगी इसलिए पीडीए के लोगों को जोड़कर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की पहचान अनेकता में एकता है। अनेक जाति धर्म के लोग मिलकर कर एक साथ रहते हैं। हमारे महापुरुषों ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। हम लोग उसी रास्ते पर चलकर बंधुराष्ट्र बनाने का काम करेंगे। समाज में जितना सौहार्द होगा, भविष्य उतना बेहतर होगा। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का संविधान भी यही रास्ता दिखाता है। यादव ने कहा कि इधर जेन जी, एल्फा और नई पीढ़ी की बात हो रही है। उनके बीच में नई सोच और नए विचारों के साथ सपा के छात्र नौजवान जोड़ने का काम करेंगे।

# मुख्यमंत्री योगी से मिली हनुमान अंश की टीम

## निर्देशक विशाल चतुर्वेदी बोले- नाथ संप्रदाय के संतों के साथ रहे थे नीब करोरी बाबा

विशेष संवाददाता (vol)



**गुरु गोरक्षनाथ के प्रसंग पर हुई चर्चा**

लखनऊ। फिल्म हनुमान अंश के निर्माता, निर्देशक और प्रमुख कलाकारों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। टीम ने उन्हें फिल्म के कुछ खास अंश दिखाए। इनमें नीब करोरी बाबा की आध्यात्मिक यात्रा और गुरु गोरक्षनाथ की पंक्तियों से जुड़ा हिस्सा भी शामिल था। मुख्यमंत्री योगी ने फिल्म और टीम के प्रयासों की सराहना कर उनका उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ की पावन पंक्तियों और नाथ संप्रदाय से जुड़े फिल्म के अहम दृश्यों को देखा। निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने बताया कि फिल्म में परम पूज्य बाबा नीम करौरी और नाथ संप्रदाय के सिद्ध संतों की ऐतिहासिक मुलाकातों का विशेष चित्रण किया गया है। शोध बताते हैं कि अपने शुरूआती दौर में बाबा नीम करौरी लंबे समय तक नाथ संप्रदाय के संतों के सान्निध्य में रहे थे, जहां से उन्होंने दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा और शक्तियों को ग्रहण किया था। सीएम योगी ने फिल्म एवं इसके निर्माण से जुड़े सभी सदस्यों के प्रयासों को सराहा और अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

करीब दो करोड़ रुपये के बजट में बनी हनुमान अंश के निर्देशक एवं निर्माता विशाल चतुर्वेदी ने मुलाकात के बाद बताया कि फिल्म में नीब करोरी बाबा के घर छोड़कर ईश्वर की खोज में निकलने की यात्रा को दिखाया गया है। बचपन में मां के निधन के बाद लक्ष्मी नारायण शर्मा, जो आगे चलकर नीब करोरी बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुए, घर से निकले तो उनका संपर्क नाथ संप्रदाय के संतों से हुआ। संन्यास लेने से पहले उन्होंने इन संतों के साथ समय बिताया था।

विशाल ने बताया कि नीब करोरी बाबा की इसी आध्यात्मिक यात्रा के कारण फिल्म में गुरु गोरक्षनाथ की लिखी पंक्तियों का संदर्भ लिया गया है। उनके अनुसार, नाथ संप्रदाय के संतों के साथ रहने के दौरान नीब करोरी बाबा की अंतर्यात्रा शुरू होने के संदर्भ मिलते हैं। उनके कुंडलिनी जागरण, अन्नपूर्णा समेत कई सिद्धियां प्राप्त होने और पक्षियों की आवाजें सुनने से जुड़े प्रसंगों को भी फिल्म में स्थान दिया गया है।

विशाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी स्वयं संत परंपरा से आते हैं, इसलिए टीम ने उन्हें फिल्म का वह हिस्सा भी दिखाया जो भारतीय सभ्यता और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ा है। फिल्म में नीब करोरी बाबा की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्या ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात सुखद रही। टीम को उनका आशीर्वाद मिला है और इसके लिए सभी आभारी हैं। विशाल चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण की व्यापक संभावनाएं हैं।

नोएडा में बन रही फिल्म सिटी के अलावा वाराणसी, चित्रकूट, मथुरा, वृंदावन, प्रयागराज और आगरा में शूटिंग के लिए बेहतरीन लोकेशन उपलब्ध हैं। उनका प्रोडक्शन हाउस भी उत्तर प्रदेश में पंजीकृत है और फिल्म के लगभग सभी कलाकार उत्तर और मध्य भारत से हैं। विशाल मूल रूप से झांसी के रहने वाले हैं और उनकी पढ़ाई गोरखपुर में हुई है, जबकि उनका परिवार लखनऊ में रहता है। नीब करोरी बाबा की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्या भी लखनऊ के हैं। फिल्म में उनकी पत्नी की भूमिका निभाने वाली पूर्णिमा तिवारी और निमार्ता रागिनी सोना भी लखनऊ की रहने वाली हैं। विशाल ने कहा कि आगे भी उत्तर प्रदेश से जुड़े विषयों को केंद्र में रखकर फिल्में बनाई जाएंगी। यूपी की कहानी और यहां की बोली वाली फिल्मों को दक्षिण भारत में भी दर्शक मिल रहे हैं। आने वाली फिल्मों के लिए प्रदेश के अलग-अलग शहरों में टैलेंट हंट किया जाएगा और थिएटर से जुड़े कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। कोशिश उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के कलाकारों को फिल्म निर्माण से जोड़ने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के अधिक अवसर देने की है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के साथ सुगम होगा आवागमन

## वृहद स्तर पर चलेगा खोदी गयी सड़कों के मरम्मत से जुड़ा अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पेयजल आपूर्ति के साथ लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा देने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून के बाद अक्टूबर से पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सड़क की मरम्मत का अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को अभियान से जुड़ी सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा है, ताकि पेयजल योजनाओं के लिए खोदी गई सड़कों को जल्द दुरुस्त कर ग्रामीणों को राहत दी जा सके।

जलशक्ति मंत्री ने सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न पेयजल योजनाओं की मंडलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर सड़कें खोदी गई हैं। मानसून के दौरान बारिश के कारण इन मार्गों पर लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अक्टूबर से अभियान चलाकर इन सड़कों को दोबारा भरकर, समतल करते हुए दुरुस्त किया जाए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं का काम पूरा होने के साथ लोगों को बेहतर सड़क सुविधा भी मिल सकेगी। जलशक्ति मंत्री ने विभिन्न जोन के अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं से क्षेत्र भ्रमण व रात्रि प्रवास के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने सहायक अभियंताओं (एई) और अवर अभियंताओं (जेई) को भी रात्रि प्रवास करने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं के काम की मौके पर नियमित निगरानी हो सके। निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय में जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जरूरत के अनुसार मैनपावर बढ़ाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं के संचालन और जलापूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए अधिकारी नियमित निगरानी करें। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार की जा रही पेयजल योजनाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा और लोगों को लगातार पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। बैठक में मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और अधिशासी अभियंताओं (एक्सईएन) को अपने अधीनस्थ अभियंताओं और संबंधित एजेंसियों के कार्यों की गोपनीय रिपोर्ट तैयार कर अपर मुख्य सचिव को भेजने के निर्देश भी दिए गए। इससे योजनाओं की प्रगति और अधिकारियों व कार्यदायी एजेंसियों के कामकाज की निगरानी को और मजबूत किया जा सकेगा।

# सरोजनीनगर में 18वां डिजिटल एजुकेशन सेंटर शुरू

- **2022 में शुरू हुई डिजिटल शिक्षा की पहल 18 केंद्रों तक पहुंची**

लखनऊ। सरोजनीनगर में डिजिटल शिक्षा और तकनीकी सशक्तिकरण की मुहिम ने मंगलवार को एक और पड़ाव पार किया। सेक्टर डी-1, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड में 18वें रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं सशक्तिकरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को उनके क्षेत्र में ही डिजिटल शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

यह पहल डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से वर्ष 2022 में शुरू की गई थी। उनके पिता रण बहादुर सिंह के शिक्षा और समाजसेवा के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर शुरू हुई यह मुहिम अब 18 डिजिटल केंद्रों तक पहुंच गई है। इन केंद्रों के जरिए डिजिटल संसाधनों को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और ई-गवर्नेंस से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। सरोजनीनगर में अब तक करीब 60 विद्यालयों में 500 कंप्यूटर, 44 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और 31 कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी हैं। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आधुनिक डिजिटल संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं, पहले से स्थापित 17 डिजिटल केंद्रों के माध्यम से 9,000 से अधिक नागरिकों को निःशुल्क ई-गवर्नेंस सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं, जबकि 1,250 से अधिक युवाओं को डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण दिया गया है। डॉ. राजेश्वर सिंह के मुताबिक डिजिटल ज्ञान अब केवल सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार और विकास का आधार बन चुका है। पहल का उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में सरोजनीनगर का कोई विद्यार्थी या युवा आधुनिक तकनीक और रोजगार के नए अवसरों से वंचित न रहे।

डिजिटल केंद्रों का विस्तार केवल कंप्यूटर और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है। इसका लक्ष्य शिक्षा, ज्ञान और कौशल को स्थानीय स्तर तक पहुंचाकर युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके जरिए डिजिटल सरोजनीनगर को सशक्त सरोजनीनगर में बदलने की दिशा में काम किया जा रहा है।

# लखनऊ को 15 अक्टूबर तक मिलेगा गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क

## आईजीपी में विकसित होगा अत्याधुनिक मीटिंग हॉल, नये कलेवर में नजर आयेगा सैटर्न मैरिज हॉल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ को जल्द ही गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क की सौगात मिलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को पार्क का निरीक्षण करके 15 अक्टूबर तक सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं, जिसके बाद यह पार्क नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। यह पार्क शहर को हरियाली देने के साथ ही युवाओं को जैव-विविधता से रूबरू कराएगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्र्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर में दयाल पैराडाइज चौराहे के पास सहारा ग्रुप से वापस ली गयी ग्रीन बेल्ट की 25 एकड़ जमीन पर शहर का यह पहला बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किये जा रहे इस पार्क में बटर फ्लाई गार्डेन, इंसेक्ट पोलराइजेशन गार्डेन, नेचर ट्रेल, पाथ-वे, किड्स प्ले-एरिया, वॉटर बॉडी, वॉच टॉवर, बाउंड्रीवॉल, पार्किंग, इंट्री गेट, ऑफिस आदि निर्मित किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों की सुविधा के लिए जगह-जगह गजीबो एवं बेंच स्थापित किये जाएंगे।



गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क को देसी एवं प्रवासी पक्षियों के प्राकृतिक निवास के लिहाज से तैयार किया जा रहा है। गोमती नदी के बेसिन में पाये जाने वाले पौधों की विभिन्न प्रजातियां, जो वर्तमान में विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्हें एकत्रित करके पार्क में संरक्षित किया जा रहा है। यह पार्क ईको-टूरिज्म के साथ ही शैक्षिक दृष्टिकोण से भी अहम साबित होगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि 15 अक्टूबर तक सभी कार्य पूर्ण कराकर पार्क खोलने के निर्देश दिये गये है इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के अपग्रेडेशन कार्य के अंतर्गत अर्थ ब्लॉक में 150 लोगों की क्षमता का अत्याधुनिक मीटिंग हॉल विकसित किया जा रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष ने स्थल निरीक्षण करके 30 सितम्बर तक मीटिंग हॉल तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह सैटर्न ब्लॉक में रेनोवेट किये जा रहे 600 लोगों की क्षमता के मैरिज हॉल को 25 अक्टूबर तक संचालित करने की टाइमलाइन निर्धारित की गयी है। इस क्रम में उपाध्यक्ष ने बजट होटल का निरीक्षण करके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। विभूति खण्ड में होटल हिलटन गार्डेन में नया ब्लॉक निर्मित किया गया है। होटल प्रबंधन की ओर से पूर्णतः प्रमाण पत्र के लिए प्राधिकरण में आवेदन किया गया था। जिसके क्रम में उपाध्यक्ष ने मंगलवार को होटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से पार्किंग, फायर एक्जिट, सेट बैक, एसटीपी आदि की जांच की। उपाध्यक्ष ने होटल प्रबंधन से एसटीपी के संचालन एवं अग्निशमन सम्बंधी एनओसी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण में मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

# छात्रावास की बढ़ी फीस को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



लखनऊ। लविवि रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास के छात्रों के साथ हॉस्टल फीस के नाम पर चार गुना बढ़ोतरी को लेकर एनएसयूआई ने मंगलवार को प्रदर्शन किया और बढ़ायी गयी फीस की निंदा किया। एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने बताया कि इस छात्रावास की पिछले सत्र की फीस 7000 थी जिसे बढ़ाकर 27000 रुपये कर दी गई है। जिसको लेकर एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने छात्रावास के तमाम छात्रों के साथ कुलपति की अनुपस्थिति में डीएसडब्ल्यू को ज्ञापन सौंपा, जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष आर्यन मिश्रा, अहमद, शुभम खरवार, सुधांशु, वेदांत, शान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने नगर निगम से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जानकीपुरम के सेक्टर-ई के विकसित पार्क में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर नगर निगम से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। कोर्ट ने नगर निगम से पूंछा है कि पहले सेक्टर-एफ में होने वाली दुर्गा पूजा पिछले कुछ वर्षों से सेक्टर-ई में आयोजित की जा रही है या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। यह आदेष न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की पीठ ने जानकीपुरम आवासीय समिति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते पारित किया है। याचिका में कहा गया है कि सेक्टर-ई में पेट्रोल पंप के पास दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। याची का कहना है कि विकसित पार्क का इस्तेमाल केवल दुर्गा पूजा के लिए ही नहीं, बल्कि खाद्य सामग्री की बिक्री समेत अन्य गतिविधियों के लिए भी किया जाता है। इससे पार्क की हरियाली और उसकी स्थिति को नुकसान पहुंचता है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि आयोजन समाप्त होने के बाद आयोजक पार्क को पूर्व स्थिति में बहाल नहीं करते, जिससे पार्क की हरियाली और विकास प्रभावित होता है। सुनवाई के दौरान लखनऊ नगर निगम की ओर से पेष अधिवक्ता कामिनी कुमारी ओझा को मामले में आवश्यक निर्देश प्राप्त करने को कहा। पीठ ने नगर आयुक्त को भी मामले को देखने और नगर निगम का स्पष्ट पक्ष बताने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है।

# गणेश चतुर्थी पर शुरू होगी छह हजार भूखंडों की बुकिंग

विशेष संवाददाता (vol)

- **नैमिष नगर और वरुण विहार योजनाओं का करेंगे शुभारंभ**
- **72 से 450 वर्गमीटर तक के प्लॉट, 21 लाख से शुरू होगी कीमत**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अपना आशियाना बनाने के लिए प्लॉट लेने का एक बार फिर मौका मिलने जा रहा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की दो महत्वाकांक्षी आवासीय योजनाओं नैमिष नगर और वरुण विहार का शुभारंभ प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसी दिन दोनों योजनाओं में भूखंडों की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू करने की तैयारी है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के मुताबिक दोनों योजनाओं में एक साथ करीब छह हजार भूखंडों की बुकिंग खोली जाएगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए समय मांगा गया है और गणेश चतुर्थी पर आयोजन की सहमति मिली है। फिलहाल 13 या 14 सितंबर को कार्यक्रम होने की संभावना जताई जा रही है। दोनों योजनाओं में अलग-अलग आय वर्गों को ध्यान में रखते हुए 72 से 450 वर्गमीटर तक के भूखंड उपलब्ध होंगे। प्लॉट 18 से 45 मीटर तक चौड़ी सड़कों पर विकसित किए जाएंगे। इससे योजनाओं में बेहतर आवागमन, सुनियोजित विकास और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। एलडीए ने भूखंडों की दरें भी तय कर दी हैं। वरुण विहार में करीब 2,800 रुपये प्रति वर्गफुट और नैमिष नगर में लगभग 3,200 रुपये प्रति वर्गफुट की दर प्रस्तावित है। इस हिसाब से 72 वर्गमीटर यानी करीब 775 वर्गफुट के सबसे छोटे भूखंड की कीमत लगभग 21 से 25 लाख रुपये के बीच बैठेगी। वरुण विहार योजना आगरा एक्सप्रेसवे के नजदीक करीब 6,580 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है। वहीं नैमिष नगर योजना सीतापुर रोड पर करीब 3,600 एकड़ क्षेत्र में आकार ले रही है। दोनों योजनाओं को राजधानी के तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार और भविष्य की आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है।

**सई नदी पर बनेगा 1.57 किमी लंबा पुल :** राजधानी में आवासीय विस्तार के साथ कनेक्टिविटी मजबूत करने की दिशा में भी एक अहम कदम उठाया गया है। हरौनी और भटगवां पांडेय के बीच हुलासखेड़ा के सामने सई नदी पर दो लेन के पुल के निर्माण को शासन स्तर पर सहमति मिल गई है। करीब 19.94 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित इस पुल की कुल लंबाई 1,571.23 मीटर होगी। इसमें सई नदी के ऊपर मुख्य पुल की लंबाई करीब 90 मीटर होगी। क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह ने पुल निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन के निर्देश पर सेतु निगम ने इसका निर्माण खाका तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा था। अधिकारियों के मुताबिक 26 अगस्त को शासन स्तर से परियोजना को सहमति मिल चुकी है। अब एक-दो महीने में वित्तीय स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। पुल बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ राजधानी के कई हिस्सों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। इस तरह नई आवासीय योजनाओं और प्रस्तावित कनेक्टिविटी परियोजनाओं के जरिए लखनऊ के सीतापुर रोड से लेकर आगरा एक्सप्रेसवे क्षेत्र तक शहरी विस्तार को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

# 42.87 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने अब तक नहीं किया बिल का भुगतान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या अभी भी 42.87 लाख से अधिक बनी हुई है। 31 अगस्त 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 3,61,73,274 विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें 42,86,703 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने मार्च 2025 से अब तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। इन उपभोक्ताओं पर करीब 3,617 करोड़ रुपये की धनराशि बकाया है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं से समय से बिजली बिल जमा करने की अपील करने के साथ ही गलत बिलों के तत्काल सुधार की मांग की है। जिससे विद्युत वितरण कंपनियों की राजस्व व्यवस्था मजबूत होगी और उपभोक्ताओं को भी कार्रवाई से बचने में मदद मिलेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी उपभोक्ता को गलत या त्रुटिपूर्ण बिल जारी हुआ है तो वितरण कंपनियों को उसका तत्काल परीक्षण कर सही बिल उपलब्ध कराना चाहिए। आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2025 में प्रदेश में 56,65,391 उपभोक्ता ऐसे चिन्हित किए गए थे, जिन्होंने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया था। इनमें से अब तक 13,78,688 उपभोक्ताओं के मामलों में भुगतान व विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई हुई है। इसके बावजूद 42,86,703 उपभोक्ता अभी भी बकायेदारों की शेष श्रेणी में हैं।

**वितरण निगम बकायेदार उपभोक्ता**

| | |
|---|---|
| पश्चिमांचल | 1,11,007 |
| दक्षिणांचल | 6,47,281 |
| मध्यांचल | 14,60,013 |
| पूर्वांचल | 20,67,771 |
| कानपुर कंपनी | 631 |
| **कुल** | **42,86,703** |

पूर्वांचल में सबसे ज्यादा बकायेदार : वितरण निगमवार आंकड़ों में सबसे अधिक बकायेदार पूर्वांचल विद्युत वितरण क्षेत्र में हैं। यहां 20,67,771 उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। दूसरे स्थान पर मध्यांचल के है, जहां 14,60,013 उपभोक्ता बकायेदार हैं। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 6,47,281 और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 1,11,007 उपभोक्ता इस श्रेणी में हैं। वहीं कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी में 631 उपभोक्ता बकायेदार हैं।

# राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल 11 को

लखनऊ। पांच दिवसीय बैंकिंग, भेदभाव रहित पीएलआई योजना लागू करने और सभी लंबित मुद्दों के निस्तारण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंककर्मियों ने काला बैज लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इन्हीं मांगों के लिए बैंककर्मी 27 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन, 30 अगस्त को एक्स (ट्विटर) अभियान और 03 सितंबर को पोस्टर अभियान भी चला चुके हैं। यूनाइटेड फोरम के विभिन्न घटकों के वरिष्ठ नेताओं कामरेड वाईके अरोड़ा, दिनेश कुमार सिंह, एसके संगतानी, लक्ष्मण सिंह, वीके माथुर, संदीप सिंह, अशोक अग्रवाल, सचिन केशरवानी आदि ने कहा कि बैंककर्मी अब आश्वासन नहीं परिणाम चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी इन लंबित जायज मांगों को पूरा नहीं कर देती, उनका ये संघर्ष जारी रहेगा।

# 74 स्थानों पर ड्रोन से एंटीलार्वा का छिड़काव

लखनऊ। वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों में मच्छरों की बढ़ती संख्या और डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए लखनऊ नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री पीके श्रीवास्तव द्वारा शहर के चिन्हित स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से एंटीलार्वा/एमएलओ दवा का छिड़काव कराया गया। अभियान के तहत शहर के बड़े जलभराव वाले क्षेत्रों, तालाबों, पोखरों और अन्य ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया, जहां मच्छरों के पनपने की संभावना अधिक रहती है। कुल 74 चिन्हित स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कराया गया।

# एकेटीयू के स्टार्टअप को निवेशकों का मिला साथ

## विवि के इनोवेशन हब फाउंडेशन की ओर से यूपी स्टार्टअप संवाद 3.0 का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के इनोवेशन हब फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को यूपी स्टार्टअप संवाद के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े स्टार्टअप की प्रदर्शनी लगायी गयी। इस दौरान 100 से अधिक स्टार्टअप ने प्रतिभाग कर अपने स्टार्टअप की 30 से अधिक निवेशकों के समक्ष प्रस्तुति दी। चुनिंदा स्टार्टअप में निवेशकों ने 20 करोड़ से ज्यादा के निवेश की घोषणा की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्टार्टअप प्रदर्शनी का एक-एक कर देखा। उन्होंने स्टार्टअप से उनके उत्पाद की जानकारी ली एवं सुझाव भी दिए। उन्होंने विभिन्न सुविधाओं का अनावरण, विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता केवल नए विचार उत्पन्न करने की नहीं बल्कि उन विचारों को बाजार तक, प्रोटोटाइप से उत्पाद तक और नवाचार से सफल उद्यम तक पहुंचाने की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित नहीं कर रहा बल्कि नवाचार, उद्यमिता जैसी पहलों को भी आगे बढ़ाने में कार्य कर रहा है।



**कलाम पेटेंट सेंटर का हुआ लोकार्पण :** कार्यक्रम में राज्यपाल ने बटन दबाकर कलाम पेटेंट सेंटर का लोकार्पण किया। पेटेंट सेंटर शुरू होने से स्टार्टअप्स, शिक्षको, छात्रों को उनके नवाचार, शोध, अनुसंधान का निःशुल्क पेटेंट हो सकेगा। इनोवेशन हब यूपी पोर्टल की हुई लांचिंग विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के इन्क्युबेशन सेंटर को एक प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए इनोवेशन हब की ओर से इनोवेशन हब यूपी पोर्टल लांच किया गया। इस पोर्टल पर सभी इन्क्युबेशन सेंटर्स की जानकारी रहेगी। इसी क्रम में स्टूडेंट, फैकल्टी, इनोवेशन एंड एंटरप्रोन्योरशिप पॉलिसी का भी विमोचन किया गया। इसके तहत 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्टूडेंट आइडिया को प्रोटोटाइप और स्टार्टअप में बदलने के लिए मदद की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नवाचार केवल शहरों तक नहीं होना चाहिए। हमारे गांवों छोटे शहरों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनको मंच देने की आवश्यकता है। छात्रों के लिए कहा कि विद्यार्थी केवल ये न सोचें कि पढ़ाई के बाद कहां नौकरी मिलेगी। बल्कि किसी समस्या के समाधान, उत्पाद बनाने और ज्यादा से ज्यादा अवसर एवं रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर देना चाहिए। अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि नवाचार और उद्यमिता को गति देने के लिए विश्वविद्यालय कई कदम उठा रहा है। आज कलाम पेटेंट सेंटर, स्टूडेंट फैकल्टी इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी 2026-31 का अनावारण और विमोचन भी खास पहल है। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से नवाचार और उद्यमिता किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन सेंटर के तहत प्रदेश भर में नवाचार को गति मिल रही है। अटल इनोवेशन मिशन के निदेशक डॉ. दीपक बागला ने कहा कि 10 लाख से अधिक अटल लैब देश भर में स्थापित हैं। वहीं उत्तर प्रदेश तेजी से नवाचार और उद्यमिता का इकोसिस्टम बनाने वाला राज्य है। नये भारत के निर्माण में नवाचार और उद्यमिता की अहम भूमिका है।

**स्टार्टअप एक्स्पो में दिखी भविष्य बड़ी कंपनियां :** कार्यक्रम के दौरान एकेटीयू के 50 से अधिक इन्क्युबेशन सेंटर्स में पंजीकृत स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगायी। विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान देने वाले इन स्टार्टअप्स ने लोगों को काफी आकर्षित किया। एआई, एग्रीटेक, हेल्थ टेक, डीप टेक, मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, क्लीन टेक, ईडीटेक, फिनटेक, डिफेंस, रोबोटिक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप्स का एक्स्पो में प्रदर्शन किया गया।

**दिया गया इन्क्युबेटर एक्सीलेंस अवार्ड :** विश्वविद्यालय से संबद्ध एवं सहयोग इन्क्युबेशन सेंटर्स की ओर से अपनी सुविधाओं, स्टार्टअप पोर्टफोलियो, सेवाओं एवं सफलताओं का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उन्हें इन्क्युबेटर एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया।

# छोटे ट्रांसफार्मरों से सुधरेगी बिजली आपूर्ति

## बड़े ट्रांसफार्मर लगाने का दबाव होगा कम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) बिजली आपूर्ति व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के लिए वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता का नए सिरे से निर्धारण करने की तैयारी में है। अधिक लोड वाले क्षेत्रों में एक ही बड़े ट्रांसफार्मर पर निर्भरता कम करने के लिए जरूरत के मुताबिक छोटे क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे ओवरलोडिंग कम होने के साथ ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाओं में कमी और खराबी आने पर कम क्षेत्र की बिजली प्रभावित होने की उम्मीद है। निगम के हालिया कार्यों से भी क्षमता के हिसाब से ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा स्पष्ट होती है। लखनऊ क्षेत्र में 25 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का काम प्रस्तावित किया गया है। इसमें 25 केवीए से 63 केवीए के ट्रांसफार्मर, 63 से 100 केवीए और 100 से 250 केवीए तक क्षमता वृद्धि शामिल है। इस काम की अनुमानित लागत करीब 39.14 लाख रुपये है।

**छोटे ट्रांसफार्मर लगाने पर रहेगा जोर :** नई व्यवस्था में जहां किसी क्षेत्र का वास्तविक लोड कम है, वहां जरूरत से अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने के बजाय छोटे ट्रांसफार्मरों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे नेटवर्क का लोड अलग-अलग बिंदुओं पर बांटा जा सकेगा। खासकर ग्रामीण और तेजी से विकसित हो रही आवासीय कॉलोनियों में यह व्यवस्था उपयोगी हो सकती है। एमवीवीएनएल के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उपलब्ध विभागीय आंकड़ों में 25 से 63 केवीए के 285 तथा 63 से 100 केवीए के 263 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का प्रावधान दर्ज है।

**बड़े ट्रांसफार्मर की खरीद पर नियंत्रण :** विभागीय स्तर पर कोशिश है कि भविष्य में केवल अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर खरीदकर समस्या का समाधान करने के बजाय क्षेत्र के वास्तविक विद्युत भार के आधार पर ट्रांसफार्मर की क्षमता तय की जाए। इससे पूंजीगत खर्च को नियंत्रित करने के साथ वितरण नेटवर्क को अधिक लचीला बनाया जा सकेगा। हालांकि, जहां औद्योगिक अथवा बड़े व्यावसायिक लोड की जरूरत होगी, वहां उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाते रहेंगे। एमवीवीएनएल के अन्य क्षेत्रों में भी बड़े ट्रांसफार्मरों के स्थान पर उपलब्ध क्षमता के अनुसार नए या मरम्मत किए गए ट्रांसफार्मरों के इस्तेमाल के काम जारी हैं। अंबेडकरनगर में 250 से 630 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए भी निविदाएं जारी की गई हैं। इस बदलाव का सीधा फायदा उपभोक्ताओं को मिल सकता है। ट्रांसफार्मर पर भार कम होने से लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग जैसी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही किसी एक ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर छोटे क्षेत्र की आपूर्ति ही प्रभावित होगी और वैकल्पिक व्यवस्था करना आसान होगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# सड़क हादसों में युवती समेत दो की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत हो गयी। पहली घटना पीजीआई थानाक्षेत्र में हुई जहां महिला रोड पार कर रही और कार ने ठोकर से उसकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर मोहनलालगंज हाइवे पर वाहन ने टक्कर से मार दी जिसे परिजन चिकित्सालय ले जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीजीआई क्षेत्र के तेलीबाग में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात कार ने सड़क पार कर रही 21 वर्षीय युवती को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवती उछलकर कार के बोनट में फंस गई और 50 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी तहसीन बानो परिवार के साथ तेलीबाग की ब्रिज विहार कॉलोनी में रहती थी। वह गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के पास एक कॉल सेंटर में नौकरी करती थी। पिता खुर्शीद अहमद निजी सुरक्षा गार्ड हैं। परिवार में मां तस्लीम बानो और दो छोटी बहनें तहरीन बानो व अनाया हैं।

परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे तहसीन ड्यूटी के लिए निकली थी। कुम्हार मंडी मोड़ के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उसकी चप्पलें डिवाइडर के पास पड़ी मिलीं, जबकि वह घिसटते हुए हनुमान मंदिर के सामने तक पहुंच गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर भेजा, जहां मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार की तलाश कर रही है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत:** मोहनलालगंज क्षेत्र में रायबरेली हाइवे पर विन्दौवा के पास अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला गम्भीर रुप से जख्मी हो गई। परिजन सीएचसी मोहनलालगंज ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीतापुर जिले के जियामऊ (तालगांव) में रहने वालीनाजिया खातून (55) विन्दौवा के पास रहती है। सोमवार की शाम वह रायबरेली हाइवे के किनारे जा रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लोगों ने पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजन उसे सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया कि हाइवे व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पेड़ के नीचे दबकर मजदूर की मौत

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र में मंगलवार को आम के पेड़ की अवैध कटाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पेड़ काटने के दौरान अचानक असंतुलित होकर मजदूर के ऊपर पेड़ गिर गया। पेड़ के नीचे दबने से 30 वर्षीय मजदूर अनूप कुमार रावत की मौके पर ही मौत हो गई। शाहपुर निवासी अनूप कुमार रावत (30) पुत्र हरिश्चंद्र काकोरी क्षेत्र में आम के पेड़ काटने के काम में मजदूरी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि पेड़ की कटाई के दौरान वह उसके आसपास काम कर रहे थे। इसी बीच पेड़ अचानक गिर गया और अनूप उसके नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अनूप की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वह शादीशुदा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बिना अनुमति हरे पेड़ों की कटाई का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है।

## एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टला। हुआ ये कि दिल्ली से मंगलवार को लखनऊ पहुंची एयर इंडिया की उड़ान में लैंडिंग के दौरान अचानक झटका महसूस होने पर पायलट ने उसे हवा में ऊपर उठा लिया। पायलट को लैंडिंग से ठीक पहले विमान को अचानक गो-अराउंड करना पड़ा। इस फ्लाइट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी सवार थे।

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि मंगलवार अपराहन 3:30 बजे दिल्ली से लखनऊ पहुंचा एयर इंडिया का विमान (एआई 1717) रनवे पर लैंडिंग के बेहद करीब पहुंच चुका था, तभी पायलट को तेज झटका महसूस हुआ और पायलट ने विमान को दोबारा हवा में उठा लिया और उसे मोड़ दिया। इस गो-अराउंड से विमान में सवार यात्रियों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को नियंत्रित किया और सुरक्षित रूप से दोबारा उड़ान भराई।

# कारोबारी समेत चार ने फांसी लगाकर दी जान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के विभिन्न थानाक्षेत्रों में कैंट, बख्शी का तालाब, कृष्णानगर व बिजनौर थानाक्षेत्रों में चार लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र से लापता कारोबारी का शव दुकान में फंदे से लटका मिला है, वहीं बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बीमारी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि मंगलवार को थाना कैंट पर सूचना प्राप्त हुई कि कैंटोनमेंट हॉस्पिटल तिराहे के पास स्थित एक पेंट की दुकान में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना प्राप्त होते ही थाना कैंट पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर पाया गया कि रोहित (32) पुत्र स्वर्गीय हरीश निवासी मखनिया मोहाल थाना कैंट द्वारा दुकान के अंदर लगे लोहे के एंगल में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

घटनास्थल पर मृतक के परिजन मौजूद हैं। मौके पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक की माता ने 07 सितम्बर को थाना कैंट पर रोहित के बिना बताए घर से चले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके आधार पर थाना कैंट पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी।

उधर, बख्शी का तालाब पुलिस को सूचना मिली कि बीमारी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जांच में पता चला कि अरविंद (48) निवासी भैसामऊ थाना बीकेटी ने बीमारी से परेशान होकर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने अरविंद को उपचार के लिए राम सागर मिश्र 100 शैय्या चिकित्सालय साढ़ामऊ बख्शी का तालाब पहुंचाया, जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह 40 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर तख्त पर मृत पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बाराबंकी जिले के देवा थाना अंतर्गत सिपहिया गांव निवासी अवधेश कुमार यादव (40) पिछले काफी दिनों से बिजनौर कस्बे में चंद्रभान के मकान में किराए पर रहकर निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। उसके बगल में ही कई अन्य लोग भी किराए पर रहते हैं। मंगलवार सुबह काफी देर तक जब अवधेश बाहर नहीं निकला, तो बगल में रहने वाले लोग उसे जगाने पहुंचे। लेकिन अवधेश अपने कमरे के अंदर मृत अवस्था में पड़ा मिला।

कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर के हरि ओम नगर स्थित गली नंबर - 5 में रहने वाले 40 वर्षीय चाट विक्रेता अजय गुप्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एलडीए कॉलोनी स्थित पराग तिराहे के निकट चाट का ठेला लगाते थे। मृतक की बहन पूजा ने बताया कि उनके मृतक भाई अजय का वर्ष 2012 से पत्नी रानी संग दहेज उत्पीड़न और तलाक का मुकदमा चल रहा था।

## छह से 14.78 लाख की ठगी

**लखनऊ।** राजधानी में साइबर जालसाजों ने केंद्रीय संस्कृत विवि कर्मी समेत छह लोगों के खातों से 14.78 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं एसबीआई और ग्रीन गैसकर्मी बनकर तो कहीं डॉक्टर के अपाइंटमेंट और यूपीआई के नाम पर ठगी की गई। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की है। पुलिस ने गोमतीनगर के मदन मोहन पाठक का खाता यूको बैंक में है। 6 सितंबर को उनके खाते से 8,15,504 रुपये निकाल लिए गए। विनीतखंड-1 निवासी मीनाक्षी भदौरिया को 4 सितंबर को एसबीआई कार्ड कर्मी बनकर लोगों से झांसा देकर ठगी की।

## यूपी 112 को दूसरे चरण में मिलेंगे 425 नये वाहन

लखनऊ। यूपी 112 के बेड़े में जल्द 425 नए वाहनों के शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपातकालीन पुलिस सेवाओं को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए यूपी 112 परियोजना के दूसरे चरण में 425 नए वाहनों की खरीद का निर्णय किया है। इनमें 140 इनोवा, 225 स्कार्पियो और 60 पल्सर बाइक शामिल होंगी। गृह विभाग ने इसके अलावा पुलिस विभाग के पुराने निष्प्रयोज्य वाहनों के बदले नए वाहनों की खरीद के आदेश भी जारी किए हैं।

**जानलेवा हमला:** सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध निर्माण का विरोध करने पर बिल्डर कंपनी के साइड इंचार्ज पर हमला किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेमेंट गेटवे संबंधी वित्तीय फ्रॉड के अन्वेषण पर कार्यशाला

- रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट लखनऊ स्थित संगोष्ठी सदन में आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्पेशलाइज ट्रेनिंग शाखा द्वारा 'पेमेंट गेटवे संबंधी फाइनेंशियल फ्रॉड का अन्वेषण कैसे करें' विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट लखनऊ स्थित संगोष्ठी सदन में आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अमित कुमावत तथा पुलिस उपायुक्त (अपराध) अनिल कुमार यादव के प्रभावी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का सफल संचालन अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, किरण यादव के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध शाहिदा नसरीन के पर्यवेक्षण में पुलिस को साइबर अपराध के प्रति तत्पर एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट लखनऊ स्थित संगोष्ठी सदन में किया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को तेजी से बढ़ते साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों की जानकारी देते हुए उनकी प्रभावी जांच में तकनीकी रूप से दक्ष बनाना रहा है।

प्रशिक्षण कार्यशाला में कमिश्नरेट लखनऊ के समस्त थानों की साइबर हेल्प डेस्क, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की साइबर सेल, जोनल साइबर सेल, साइबर थाना, 1090 तथा साइबर क्राइम मुख्यालय पर नियुक्त लगभग 185 अधिकारी/कर्मचारीगण ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सत्र में रिचा चौबे, फोन पे साइबर सेल मैनेजर द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को पेमेंट गेटवे पर फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की प्रक्रिया, पेमेंट एग्रीगेटर आदि की जानकारी देते हुए फाइनेंशियल फ्रॉड होने के विभिन्न तरीके तथा किस प्रकार पेमेंट गेटवे कंपनी साइबर फ्रॉड में पुलिस को सहायता प्रदान करते हैं की जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न कानूनी प्रावधान जैसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 94 का नोटिस आदि की जानकारी दी गई। जांचकर्ता पेमेंट गेटवे कंपनी से किस प्रकार आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं इसके संबंध में प्रक्रियात्मक जानकारी दी गई।

## हिमांशु ने छुट्टी लेकर बनायी थी पत्नी की हत्या की योजना

**लखनऊ।** महानगर की पेपर मिल कॉलोनी में पत्नी रश्मि की हत्या के आरोपी हेड कांस्टेबल हिमांशु कुमार को पुलिस ने मेंटल हास्पिटल से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। पता चला है कि हत्या से पहले उसने 6 और 7 सितंबर की छुट्टी ली थी, जिसमें योजना बनाने के बाद पत्नी की हत्या की। पुलिस को आशंका है कि हिमांशु ने साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में वह बार-बार कहता रहा कि जो हो गया, सो ठीक है। अब कुछ नहीं बोलना। पोस्टमार्टम में सिर की हड्डी टूटने और गंभीर चोट के बाद कोमा में जाने से रश्मि की मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट मुख्यालय अमित कुमावत ने हिमांशु को निलंबित कर दिया है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

महानगर इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक, पूछताछ में हिमांशु ने गृह कलह के चलते आवेश में आकर पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार वह शराब समेत अन्य नशे का भी आदी था। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल हिमांशु श्रीवास्तव अयोध्या के निरालानगर का रहने वाला है। उसकी शादी अंबेडकरनगर के मालेपुरा निवासी रश्मि श्रीवास्तव से 2015 में हुई थी। लखनऊ में हिमांशु पेपर मिल इलाके में डॉक्टर एमएम श्रीवास्तव के मकान में पिछले ढाई साल से किराये पर रह रहा था। वह उस घर में अकेला किरायेदार था। हिमांशु 2011 में सिपाही बना था। पिछले साल प्रमोशन के बाद हेड कॉन्स्टेबल बना। उसकी तैनाती डालीगंज स्थित सूचना अधिकार प्रकोष्ठ कार्यालय में थी। एसीपी महानगर अंकित कुमार के अनुसार हिमांशु ने 6 और 7 सितंबर की कार्यालय से छुट्टी ले रखी थी। पुलिस को आशंका है कि उसने छुट्टी लेकर वारदात की योजना बनाई थी।

## पुण्यतिथि पर याद की गयीं ममता मिश्रा



**लखनऊ।** नर सेवा नारायण सेवा ने ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणास्त्रोत ममता मिश्रा की 12वी पुण्यतिथि पर कुष्ठरोग आश्रम एवं वृद्धाआश्रम में असहाय बुजुर्ग महिलाओं के बीच पहुँचकर साड़िया, मिठाई, फल व भोजन का वितरण किया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को उनके निज निवास पर आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि के उपरांत, राजीव मिश्रा व उनकी टीम ने वृद्धाश्रमों एवं मंदिरों में जाकर वहाँ रह रहे बुजुर्गों को भोजन, फल, मिठाइयाँ एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं बांटीं तथा बुजुर्गों के साथ कुछ समय बिताकर उनके अनुभवों को सुना। वृद्धाश्रम में राजीव मिश्रा ने वृद्धों को हाथों से खाना खिलाया। इस अवसर राजीव मिश्रा ने कहा कि मेरी पत्नी ममता मिश्रा हमेशा दूसरों की मदद करने और समाज कल्याण के कार्यों में विश्वास रखती थी। इसलिए हमने ममता चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर उनकी सेवा और सहायता की भावना को आगे बढाया। ममता चैरिटेबल ट्रस्ट आज पूरे देश में मिशाल बन गया है।

## कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**मोहनलालगंज।** जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित चार माह का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ. अजय पाण्डेय ने कहा कि संस्था महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई, ब्यूटी पार्लर सहित विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण संचालित कर रही है। इस प्रशिक्षण से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे। प्रशिक्षण प्रभारी एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास रोजगार का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आगे भी युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता रहेगा। समारोह में सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

## 190 तारीखें, फिर भी नामांतरण वाद लंबित, हाईकोर्ट ने बार एसो. को तलब किया

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रायबरेली की तहसील सलोन में नामांतरण के एक मामले के वर्षों से लंबित रहने पर गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने मामले में बार एसोसिएशन, तहसील सलोन को आवश्यक पक्षकार बनाने का निर्देश देते हुए उसको अगली सुनवाई पर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर 2026 को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने रेशमा व अन्य की ओर से दाखिल एक याचिका पर पारित किया। याचियों ने उक्त केस के शीघ्र निस्तारण करने के लिए कोर्ट से आदेष जारी करने की मांग की है।

\याचियों की ओर से कहा गया था कि तहसील सलोन में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 34 के तहत वर्ष 2018 में एक नामांतरण वाद दाखिल हुआ था। कहा गया कि वाद लंबे समय से लंबित है और लगभग 190 तारीखें लगने के बावजूद अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया। कोर्ट ने नामांतरण केस के आर्डर शीट का अवलोकन करने पर पाया कि केस 18 जुलाई 2018 से 24 अगस्त 2026 के बीच लगभग 190 बार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ था। इनमें 26 अवसरों पर पीठासीन अधिकारी के प्रशासनिक कार्य के कारण, 16 अवसरों पर कोविड-19 महामारी के कारण और 127 अवसरों पर बार एसोसिएशन के अनुरोध पर स्थगन हुआ।

राज्य सरकार की ओर से पेश स्टैंडिंग काउंसिल अनुराग कुमार मौर्य ने कोर्ट को बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली के नियम 34(7) के अनुसार निर्विवाद नामांतरण वाद सामान्यतः 45 दिन तथा विवादित नामांतरण वाद सामान्यतः 90 दिन में तय किया जाना चाहिए।

कोर्ट ने नायब तहसीलदार को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करने को कहा है कि बार एसोसिएशन के अनुरोध पर बार-बार स्थगन क्यों दिया गया और आर्डर षीट में इसके कारण दर्ज क्यों नहीं किए गए। साथ ही नियम 34(7) में निर्धारित समयसीमा का पालन न होने के कारण भी स्पष्ट करने को कहा गया है।

## गोंडा डीएम आज हाईकोर्ट में तलब

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक केस की सुनवायी के दौरान जारी आदेश के बावजूद सरकारी अधिवक्ता को जिलाधिकारी गोंडा से उचित निर्देश न मिलने पर जिलाधिकारी को बुधवार को व्यक्तिगत रूप से तलब कर लिया है। साथ ही, मंगलवार को मामले की सुनवाई टलने के लिए गोंडा के जिलाधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए उन पर पांच हजार रुपये का हजार्ना भी ठोंका है । हजार्ने की वसूली जिलाधिकारी के वेतन खाते से की जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने ओंकार नाथ उर्फ ओंकार नाथ वर्मा की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने कहा कि 17 अगस्त को एक समन्वय पीठ ने सरकारी अधिवक्ता को मामले में निर्देश प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था। साथ ही स्पष्ट किया था कि यदि उचित निर्देश नहीं मिलते हैं तो अगली सुनवाई पर गोंडा के जिलाधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना होगा। मंगलवार को मामला सुनवाई के लिए आया तो राज्य सरकार के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उन्हें अब तक कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जिलाधिकारी अदालत में उपस्थित क्यों नहीं हैं। इस पर अधिवक्ता कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके।

## कबीर मंदिर के सामने कूड़ा डालने पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मड़ियांव इलाके में कबीर मंदिर के सामने सड़क किनारे खुले में कूड़ा डाले जाने के मामले में नगर निगम से सख्त एतराज जताया है। कोर्ट ने कहा कि सड़क के किनारे इस तरह कूड़ा बिखरा होना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों और राहगीरों के स्वास्थ्य व स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

पीठ ने लखनऊ के नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि कूड़ा डालने के लिए किसी अन्य स्थान की संभावना तलाशें। यदि संभव हो तो वहां कॉम्पैक्टर लगाने के उपाय भी किए जाएं। कोर्ट ने स्थायी समाधान तलाशकर उसे लागू करने और तब तक स्वास्थ्य व स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की पीठ ने स्थानीय निवासी कुलदीप की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते पारित किया है।

## टीएमसी सांसद के घर जांच करने पहुंची ईडी

लखनऊ। ईडी कोलकाता की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सदस्य नदीमुल हक के विरुद्ध जांच करने अलीगंज स्थित आवास पहुंची। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम सोमवार देर शाम नदीमुल हक के अलीगंज स्थित आवास पर पहुंची थीं, जहां कोई मौजूद नहीं था। ईडी अधिकारियों ने आसपास पूछताछ की और वापस लौट गए। ईडी नदीमुल हक से जुड़े उर्दू अखबार में प्रकाशित आपत्तिजनक व भड़काऊ तथ्यों तथा संदिग्ध लेनदेन के मामले को लेकर जांच कर रही है। हक अखबार-ए-मशरिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं। कंपनी अखबार-ए-मशरिक नाम के दैनिक उर्दू अखबार का प्रकाशन करती है। ईडी ने मामले में छापेमारी की थी।

## एसडीएम ने किया जर्जर सड़क का निरीक्षण

**लखनऊ।** कमालपुर बिचलका से कुबहरा तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का कुबहरा स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र पर चल रहा धरना मंगलवार को भी जारी रहा।

## रियाद में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सऊदी अरब पूर्व छात्र चैप्टर का उद्घाटन

**रियाद/लखनऊ।** भारत सरकार के विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने रियाद स्थित एक होटल में आयोजित एक समारोह में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सऊदी अरब पूर्व छात्र चैप्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सऊदी अरब के विभिन्न क्षेत्रों से आये विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने नवगठित चैप्टर को शैक्षणिक क्षेत्र और उद्योग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बनने की क्षमता रखने वाला बताया। उन्होंने पूर्व छात्रों को ऐसे सहयोग और साझेदारियां विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो भारत के युवाओं के कौशल विकास और उनकी रोजगार क्षमता को मजबूत करने में सहायक हों। उन्होंने कहा कि विदेशों में कार्यरत भारतीय पेशेवर अगली पीढ़ी को अपने लक्ष्यों और क्षमताओं को साकार करने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि सऊदी अरब को अपना दूसरा घर बना चुके पूर्व छात्र आज भी अपनी मातृ संस्था से प्राप्त मूल्यों और शिक्षा को अपने साथ लेकर चलते हैं। इस प्रकार के जन-जन के संबंध भारत और सऊदी अरब के बीच गर्मजोशी एवं निरंतर मजबूत हो रही साझेदारी की आधारशिला हैं। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रो. एस. डब्ल्यू. अख्तर ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने पूर्व छात्रों से अपनी मातृ संस्था से प्राप्त शिक्षा एवं अनुभवों के माध्यम से समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर सऊदी अरब में भारत के राजदूत विपुल उपस्थित रहे। समारोह में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर सैयद अदनान अख्तर सहित सऊदी अरब के विभिन्न क्षेत्रों से आए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे। प्रो. एस. डब्ल्यू. अख्तर, संस्थापक एवं कुलाधिपति की अनुपस्थिति में उनका प्रतिनिधित्व उनके संदेश के माध्यम से किया गया।



## सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा-2003, अनुक्रमांक - 2106546 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। अम्बुजेश पाण्डेय पुत्र श्री राज बहादुर पाण्डेय नि.-ग्राम खम्हुआ, पो.-कौड़ीराम, गोरखपुर।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेरी माता सुशीला देवी अवस्थी पत्नी स्व. कैलाश नाथ अवस्थी की मृत्यु दिनांक 08.04.2011 को एवं कैलाश नाथ अवस्थी पुत्र स्व. शिव भजन की मृत्यु दिनांक 14.10.2002 को हो गयी थी, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम लखनऊ से बने थे, जो कहीं खो गये हैं। **अनिल कुमार अवस्थी पुत्र स्व. कैलाश नाथ अवस्थी नि. संयोग नगर, जुबली गर्ल्स कालेज के पीछे, लखनऊ।**

## आवश्यक सूचना

यह कि **पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस लिलिटेड** रोशनी सिटी सेंटर-प्रथम तल, निकट स.ओ. कार्यालय, आई हॉस्पिटल रोड, सीतापुर (उ. प्र.), **कि तरफ से सूचित किया जा रहा है।** कि **श्री मनोज रस्तोगी पुत्र श्री भगवानदास रस्तोगी** निवासी मोहल्ला नई बस्ती सीतापुर, परगना खराबद, तहसील एवं जिला-सीतापुर, (उ.प्र.), का हूँ। **उक्त** आवासीय मकान संख्या (पुराना) 208 और नया संख्या 118/बी, आबादी क्षेत्र का हिस्सा, क्षेत्रफल 474 वर्ग फुट यानी 44.05 वर्ग मीटर, मोहल्ला नई बस्ती, परगना-खैराबाद, तहसील एवं जिला-सीतापुर, (उत्तर प्रदेश) में स्थित है। उक्त आवासीय मकान का भूस्वामी हूँ। जो जरिये **बैनामा** विलेख **श्री संजीव अग्रवाल पुत्र श्री डॉ. श्याम व श्रीमती मधु अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल** निवासी मोहल्ला-ओलानगंज, नई बस्ती सीतापुर, परगना-खराबाद, तहसील और जिला-सीतापुर, (उ.प्र.) से क्रय **उपनिबंधक-सदर, सीतापुर**, में निष्पादित दिनांक **14.08.2015** बही संख्या 1, जिल्द संख्या 5683 पृष्ठ संख्या **349/370**, क्रमांक संख्या **772** पर पंजीकृत है। उक्त आवासीय मकान पर **पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस लिलिटेड** द्वारा ऋण दिया जा रहा है। अतः उपरोक्त **के सम्बन्ध में श्रीमती कीर्ति अग्रवाल, पत्नी श्री संजय अग्रवाल** या जिस किसी वारिसान या किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति सम्पति के सम्बन्ध में दावा विक्रय बंधक या किसी अन्य प्रकार का कोई आपत्ति सूचनादाता से लिखित में संबंधित दस्तावेज के साथ 7 दिन के अंतराल में संपर्क करें। अवधी कि समाप्ति के बाद किसी प्रकार का दावा या आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। तथा उपरोक्त के संबंध में **श्री मनोज रस्तोगी पुत्र श्री भगवानदास रस्तोगी** निवासी मोहल्ला नई बस्ती सीतापुर, परगना-खराबद, तहसील एवं जिला सीतापुर, (उ.प्र.), को ऋण का भुगतान कर दिया जाए।

यह कि **पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस लिलिटेड**, के विद्वान अधिवक्ता **संदीप कुमार शर्मा** मो. न. **9452696660, 9696657481**, पर साथ 7 दिन के अंतराल संपर्क करे।

## जालसाज ने रिटायर्ड बैंककर्मी से तीन लाख रुपये ऐंठे

**लखनऊ।** दिल्ली स्थित जियान इमीग्रेशन कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का निदेशक बन जालसाज ने रिटायर्ड बैंककर्मी से करीब तीन लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने पीड़ित के बेटे को रूस में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। रुपये लेने के बाद जाली ऑफर लेटर भेज दिया। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद पीड़ित ने गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कल्याणपुर स्थित विवेकानंदपुरम कॉलोनी निवासी रिटायर्ड यूको बैंककर्मी विनय कुमार सिंह ने बताया कि मई 2025 ऑनलाइन जावेद खान से संपर्क हुआ। बातचीत में जावेद ने खुद को जियान इमीग्रेशन कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का निदेशक बताया। कहा कि उनकी कंपनी लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का काम करती है। इसपर पीड़ित ने बेटे ऋषभ सिंह की रूस में नौकरी के लिए बात की। जावेद ने कहा कि उनके पास यूरोप, रूस, खाड़ी देश समेत तमाम जगह नौकरी के लिए जगह है। आपके बेटे को रूस में वेयर हाउस में हेल्पर के पद पर नौकरी दिला देंगे। वेतन 85 हजार रुबल प्रतिमाह के साथ ही ट्रांसपोर्टेशन मुफ्त रहेगा।

## पुलिस टीम ने बच्ची को सकुशल किया बरामद

**लखनऊ।** काकोरी पुलिस टीम ने 06 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। इस मामले में मंगलवार को डायल-112 कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि 06 वर्षीय बच्ची घर से कहीं चली गई है। सूचना प्राप्त होते ही थाना काकोरी पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, उ0नि0 शिवम विधूड़ी एवं उ0नि0 विकास यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर बच्ची की तलाश प्रारम्भ की गई।

पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों से जानकारी की गई, जिस दौरान पता चला कि रायपुर की तरफ एक छोटी बच्ची को जाते हुए देखा गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल रायपुर, दुबग्गा क्षेत्र में तलाश की गई। तलाश के दौरान रायपुर चौराहे के पास एक टेंट की दुकान के निकट 06 वर्षीय बच्ची बैठी हुई मिली। पुलिस टीम द्वारा बच्ची से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम निवासी ग्राम नरौना, थाना काकोरी, लखनऊ बताया। बच्ची द्वारा बताया गया कि वह नरौना गांव में नहर के किनारे रहती है। पुलिस टीम द्वारा बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

## कैंडल जला किया गड्ढा युक्त सड़कों का विरोध

**लखनऊ।** आलमबाग क्षेत्र अंतर्गत मवैया में बीते रविवार को कानपुर से चारबाग जानें वाले मार्ग पर आलमबाग से अपने घर लौटते वक्त मवैया पुल के निकट प्रभात गुप्ता नामक बाइक सवार अधेड़ सड़क में बने भारी गड्ढे में असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए, जिससे उन्हें हल्की चोटें आई । राहगीरों व स्थानीय लोगों ने उन्हें सड़क से उठा किसी तरह उनके घर भिजवाया । घटना से नाराज दर्जनों स्थानीय आक्रोशित लोगों ने सरकार व प्रशासन का गड्ढायुक्त सड़कों की तरफ ध्यान आकर्षित करने के लिए मंगलवार को दर्जनों लोगों ने दिन में कैंडल लाइट जला कर अपना आक्रोश व्यक्त किया ।

आरोप था कि हल्की बारिश में ही सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे दो पहिया वाहन सवार अक्सर इन गड्ढों में हादसे का शिकार होते रहते हैं लेकिन नगर निगम व पीडब्ल्यूडी समेत शासन प्रशासन की नजर इन सड़कों पर नहीं पड़ती जो कि जानलेवा बनी हुई हैं । इस मौके पर मौजूद मवैया व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार प्रभात गुप्ता, अनुज रस्तोगी, सुशील त्रिपाठी, आयुष श्रीवास्तव, रफीक खान समेत दर्जनों लोगों ने रोष व्यक्त किया।

## बेटे के हमले में घायल पिता ने तोड़ा दम

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में बेटे के हमले में घायल पिता ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। विदित हो कि 14 अगस्त को थाना मोहनलालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उत्तरगांव में बाबूलाल पर उनके पुत्र शिव कुमार उर्फ गुड्डु ने चाकू से जानलेवा हमला किया था, जिसमें वह घायल हो गये थे। घटना में घायल बाबूलाल पुत्र कन्धई निवासी ग्राम उत्तरगांव, थाना मोहनलालगंज को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के बाद 15 अगस्त को चिकित्सकों द्वारा उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। इसके बाद से24 अगस्त को अचानक बाबूलाल का स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार को उपचार के दौरान बाबूलाल की मृत्यु हो गई।

# लड्डू गोपाल की छठी आज, मंदिरों व घरों में होगी विशेष पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुधवार 9 सितंबर को कृष्ण की छठी मनाई जाएगी। छठी के दिन शहर के मंदिरों व घरों में कान्हा की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। हिंदू धर्म में 16 संस्कारों का बहुत महत्व है। 16 संस्कारों की शुरुआत गर्भ से शुरू हो जाता है। फिर जन्म से लेकर मृत्यु तक 16 संस्कार पूरे किये जाते है। ये संस्कार मनुष्य और देव दोनों के लिए होता है। जैसे हम अपने बच्चे के लिए छठी मनाते है। वैसे ही कृष्ण की भी छठी मनाई जाती है। इस दिन लोग लड्डू गोपाल की पूजा करते हैं और कान्हा के नामकरण संस्कार को पूरा करते हैं। कान्हा की छठी भी जन्माष्टमी के छठे दिन ही मनाई जाती है। इस दिन लोग घरों में कढ़ी चावल बनाकर भोग लगाते है और खाते है।

**लड्डू गोपाल की छठी का महत्व:** हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के छह दिन बाद षष्ठी देवी की पूजा का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार षष्ठी देवी की कृपा से राजा प्रियव्रत का मृतपुत्र दोबारा जीवित हो गया था। पुराणों में षष्ठी देवी को बच्चों की अधिष्ठात्री देवी माना गया है। कहते हैं कि इनकी पूजा करने से नवजात शिशु पर कोई आंच नहीं आती।

**घी से मालिश, दूध से स्नान:** छठी के दिन बाल गोपाल को बच्चे की तरह प्यार से स्नान कराने की परंपरा है. इस दिन पहले कान्हा की घी से हल्की मालिश करें और फिर उन्हें दूध से स्नान कराएं. इसके बाद साफ जल से स्नान कराकर सुंदर वस्त्र पहनाएं और श्रृंगार करें. मान्यता है कि इस तरह बाल कृष्ण की सेवा करने से भक्त का वात्सल्य भाव प्रकट होता है और पूजा में प्रेम जुड़ता है।

**कान्हा का करें खास श्रृंगार:** छठी के दिन सबसे पहले लड्डू गोपाल को स्नान कराकर पीले वस्त्र पहनाएं और उनका सुंदर श्रृंगार करें. मुकुट, मोरपंख, बांसुरी, माला और फूलों से बाल गोपाल को सजाया जा सकता है. चंदन का तिलक लगाकर उन्हें नए वस्त्र पहनाएं. बाल कृष्ण को बच्चे की तरह सजाने की परंपरा भक्तों के वात्सल्य और प्रेम भाव से जुड़ी है. इस दिन कान्हा के श्रृंगार को खास महत्व दिया जाता है।

**कान्हा को लगायें काजल:** कृष्ण की छठी से जुड़ी लोक परंपराओं में बाल गोपाल को काजल लगाने की मान्यता भी मिलती है. माना जाता है कि इससे कान्हा की नजर उतारी जाती है. हालांकि इसे अनिवार्य पूजा नियम नहीं माना जाना चाहिए. अगर आप अपने घर की परंपरा के अनुसार काजल लगाते हैं, तो प्रतीकात्मक रूप से लगा सकते हैं. खासकर छोटे बच्चों की तरह बाल कृष्ण का श्रृंगार करना भक्तों के वात्सल्य भाव को दर्शाता है।

**लड्डू गोपाल को झूला झुलाएं:** छठी उत्सव में बाल कृष्ण को झूला झुलाने की परंपरा भी कई जगह देखने को मिलती है. इसके लिए फूलों से सजा छोटा पालना या झूला तैयार किया जा सकता है. लड्डू गोपाल को उसमें विराजमान कर परिवार के सदस्य बारी-बारी से झूला झुलाएं. इस दौरान कृष्ण के बाल स्वरूप के भजन और सोहर गाए जा सकते हैं. यह रस्म कान्हा के जन्म की खुशी और वात्सल्य भाव से जुड़ी है।

**कढ़ी-चावल का लगाएं भोग:** कान्हा की छठी पर कई परिवारों में कढ़ी-चावल का विशेष भोग लगाने की परंपरा है. इसके अलावा माखन-मिश्री, फल, दूध, दही और मिठाई भी अर्पित की जा सकती है. कढ़ी-चावल को लेकर क्षेत्र और परिवार के अनुसार परंपराएं अलग-अलग हो सकती हैं. इसलिए इसे अनिवार्य शास्त्रीय नियम न मानें. घर की रीति के अनुसार सात्विक भोजन तैयार करें और श्रद्धा से बाल गोपाल को भोग लगाएं।

**सोहर गाएं और नजर उतारें:** छठी के मौके पर कान्हा के जन्म की खुशी में सोहर गाने और उनकी नजर उतारने की लोक परंपरा भी कई जगह प्रचलित है. परिवार की महिलाएं मिलकर कृष्ण जन्म के मंगल गीत और सोहर गा सकती हैं. नजर उतारने की रस्म भी अपने परिवार की परंपरा के अनुसार की जा सकती है. इन सभी रस्मों का मुख्य भाव बाल कृष्ण के प्रति प्रेम, श्रद्धा और वात्सल्य प्रकट करना है।

**पूजा की विधि:** जिस दिन कान्हा की छठी मनाई जाती है उस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र पहनें, कृष्ण का पसंदीदा पंचामृत से लड्डू गोपाल को स्नान कराया जाता है। स्नान करवाते समय लड्डू गोपाल के मुख के तरफ से स्नान करवाये, ध्यान रहें पीठ की तरफ से स्नान करना वर्जित है। फिर शंख में गंगाजल भरकर लड्डू गोपाल से स्नान कराया जाता है। उसके बाद भगवान को पीले रंग के वस्त्र पहना कर श्रृंगार किया जाता है। काजल का टीका लगाया जाता है। फिर लड्डू गोपाल को माखन.मिश्री भोग लगाया जाता है। कृष्ण के नामों में से कोई एक नाम से नामकरण किया जाता है। इसके बाद कढ़ी.चावल का भोग लगाया जाता है और प्रसाद स्वरुप खाया जाता है। इस दिन ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करें। कहते हैं कि ऐसा करने से घर में धन.धान्य का भंडार भरा रहता है।

**लड्डू गोपाल की छठी के दिन क्या करें:** इस दिन सुबह से शाम तक भजन कीर्तन करें। झूठ ना बोले और न कोई अपराध करें। ईर्ष्या द्वेष से खुद को दूर रखें। दूसरों को भोजन करायें और गौ सेवा करें। जन सरोकार के लिए सुख.सुविधाओं के त्याग की भावना मन में रखें। इस दिन घर में बांसूरी जरूर लाएं। लड्डू गोपाल की छठी के दिन कुटूंब जनों को प्रसाद वितरण करें। मांस मदिरा के सेवन से दूर रहें और दुष्टजनों का त्याग करें। माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा का सकंल्प ले। घर से किसी को भी खाली हाथ न जाने दें।

## मासिक शिवरात्रि आज, होगी भोले बाबा की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में भगवान शिव की उपासना के लिए मासिक शिवरात्रि का दिन बेहद खास माना जाता है। प्रत्येक महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन महादेव की श्रद्धापूर्वक पूजा और व्रत करने से भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि शिवरात्रि के व्रत से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों के जीवन से परेशानियां दूर होती हैं। साथ ही सुख-शांति, समृद्धि और मनचाही इच्छा पूरी होने का आशीर्वाद मिलता है। वैदिक पंचांग के मुताबिक, सितंबर महीने में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 9 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट से आरंभ होगी। इसका समापन 10 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर होगा। चतुर्दशी के रात्रिकालीन महत्व को देखते हुए मासिक शिवरात्रि का व्रत 9 सितंबर, बुधवार को रखा जाएगा।

**मासिक शिवरात्रि व्रत का महत्व:** धार्मिक मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि का श्रद्धा से व्रत रखने और भगवान शिव का पूजन करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। शिव मंत्रों का जाप शिव मंदिर या घर के पूर्व दिशा की ओर मुख करके करना शुभ माना जाता है। पूजा संपन्न होने के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराने और इसके बाद स्वयं भोजन करने की परंपरा भी बताई गई है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के कष्ट कम होते हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। भगवान शिव की कृपा से आरोग्य, दीर्घायु, ऐश्वर्य और संतान सुख की प्राप्ति होने की भी धार्मिक मान्यता है। श्रद्धापूर्वक व्रत करने से मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद मिलता है।

**मासिक शिवरात्रि पूजा विधि:** सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान करें। साफ कपड़े पहनें। हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें। शिवलिंग का सबसे पहले जल और फिर पंचामृत से अभिषेक करें। भगवान शिव को बिल्व पत्र, धतूरा, भांग, शमी के पत्ते, सफेद चंदन, अक्षत, और सफेद फूल चढ़ाएं। माता पार्वती को सुहाग की सामग्री, लाल वस्त्र और फूल चढ़ाएं। शिव जी के वैदिक मंत्रों का जप करें। शिवरात्रि व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। निशिता काल के समय में भी पूजा जरूर करें और अगले दिन सुबह व्रत का पारण करें।

**खाटू श्याम मंदिर में श्री कृष्ण छठी महोत्सव आज:** श्री श्याम भक्त परिवार की ओर से श्री श्याम परिवार के सान्निध्य में श्री कृष्ण छठी महोत्सव का आयोजन 9 सितंबर को श्री खाटू श्याम मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ में किया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि भक्त परिवार द्वारा बाबा श्याम का उत्सव बहुत ही प्रेम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि उत्सव का शुभारम्भ शाम 7 बजे श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के पूजन से किया जायेगा भक्त परिवार के प्रेम अग्रवाल ने बताया कि मंदिर प्रांगण को कोलकाता के कारीगरों द्वारा कोलकाता से विशेषतौर पर मंगाये गये रंग रंग-बिरंगे, देशी-विदेशी फूलों, रंग-बिरंगी चमचमाती लाइटों, रंगीन गुब्बारों, विभिन्न प्रकार की टॉफियों एवं खिलौनों से सजाया जाएगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। मध्यरात्रि में बाबा श्याम को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा जो आरती होने के तत्पश्चात भक्तों में बांट दिया जाएगा। भक्त परिवार के मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि उत्सव का समापन श्याम प्रभु से फूलों की होली के बाद प्रभु की महाआरती से होगा उन्होंने बताया कि हर भक्त को प्रसाद मिले इसके लिये भक्त परिवार द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है।

**श्याम मंदिर में भजन संध्या:** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्णा छठी उत्सव पर श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री श्याम परिवार महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि सुप्रसिद्ध भजन गायिका उदयपुर से केमिता राठौर, लखनऊ से धीरज तिवारी, उड़ीसा से शुभांगी सोनी ने भजनों का गुलदस्ता श्री श्याम के चरणों में पेश किया।

# व्यंग्य से करुणा तक संवेदनहीन होते समय का आईना

**नाटक 'क्रियाकर्म ट्वेंटी फोर सेवन एक द रेट जीमेल डाट काम' का मंचन**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बदलते पारिवारिक मूल्यों और बुजुर्ग माता-पिता के प्रति घटती संवेदनशीलता की ऐसी ही एक बेचैन करने वाली तस्वीर सामने रखता है नाटक 'क्रियाकर्म ट्वेंटी फोर सेवन एक द रेट जीमेल डाट काम'। राम किशोर नाग के लिखे नाटक को आज शाम बिम्ब सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने संस्कृति मंत्रालय दिल्ली और संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश के सहयोग से महर्षि कपूर के निर्देशन में प्रस्तुत किया। साहित्य केवल समाज का प्रतिबिंब नहीं होता, वह उसके भीतर छिपी उन दरारों को भी दिखाता है, जिन्हें हम अक्सर देखना नहीं चाहते।

मंचित नाटक की कहानी का केंद्र एक वृद्ध दंपती और उनके तीन बेटे हैं। तीनों अपनी-अपनी नौकरी, परिवार और सुविधाओं में इस कदर उलझे हैं कि माता-पिता के अंतिम संस्कार जैसा पारंपरिक पारिवारिक दायित्व भी उन्हें एक समस्या दिखाई देने लगता है। समाधान के लिए वे एक ऐसी कंपनी का सहारा लेते हैं, जो अंतिम संस्कार के अलग-अलग पैकेज उपलब्ध कराती है। तीनों भाई भावनाओं के बजाय सुविधा और खर्च के हिसाब से सबसे सस्ता विकल्प चुनते हैं। यहीं कहानी का व्यंग्य अपनी धार पाता है। जिस क्रिया-कर्म में कभी श्रद्धा, संस्कार और पुत्रधर्म की भावना जुड़ी होती थी, वह अब बाजार की भाषा में पैकेज बन जाता है। लेखक इस विडंबना पर कोई उपदेश नहीं देता, बल्कि परिस्थितियों के माध्यम से पाठक को स्वयं निष्कर्ष तक पहुँचाता है। कहानी का सबसे मार्मिक प्रसंग अंत में आता है। शेखर का बेटा डब्बू पूरी बातचीत सुनने के बाद कंपनी के मैनेजर को अपने माता-पिता के क्रिया-कर्म के लिए सौ रुपये अग्रिम देता है। पिता की डाँट पर डब्बू का मासूम जवाब पूरी कहानी का आईना बन जाता है कि जब उसके माता-पिता अपने माता-पिता के लिए समय और संवेदना नहीं निकाल पा रहे, तो अगली पीढ़ी भी उसी व्यवहार को क्यों न अपनाए? यही कहानी का मूल प्रश्न है। हम अपने बच्चों के लिए जो मूल्य छोड़ रहे हैं, क्या वही कल हमारे हिस्से में लौटकर नहीं आएँगे? कहानी का अंत पाठक को चुप कर देता है। व्यंग्य से शुरू होकर करुणा तक पहुँचती यह कथा रिश्तों के उस क्रिया-कर्म की ओर संकेत करती है, जो शायद अंतिम संस्कार से बहुत पहले शुरू हो चुका है।

# दो सौ से अधिक मातृशक्तियों ने देखी फिल्म 'हनुमान अंश'

**फन रिपब्लिक में गूंजे जयश्रीराम के नारे, प्रसाद में बटे लड्डू**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुवाई में मंगलवार 8 सितम्बर 2026 को गोमती नगर स्थित फन रिपब्लिक में सनातनी महिलाओं के लिए आध्यात्मिक फिल्म हनुमान अंश की स्पेशल स्क्रीनिंग, दोपहर 01:40 बजे करवायी गई। इस अवसर पर माननीय सदस्य विधान परिषद श्री पवन सिंह चौहान मुख्य अतिथि थे। सभी आगंतुक दर्शकों को प्रसाद के रूप में लड्डुओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि भगवान राम के भक्त हनुमान, भारतीय परंपरा में भक्ति, सेवा, समर्पण, साहस, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा के अप्रतिम आदर्श हैं। श्रीराम के प्रति उनका समर्पण हमें यह संदेश देता है कि वास्तविक शक्ति केवल सामर्थ्य में नहीं, बल्कि उस सामर्थ्य का उपयोग लोककल्याण और धर्म के लिए करने में है। उन्होंने जेनजी का आवाह्न करते हुए कहा कि विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए हनुमान जी का जीवन आत्मविश्वास, अनुशासन, निष्ठा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रेरणास्त्रोत है। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने इस अवसर पर संदेश दिया कि हनुमान महाराज ने माता सीता के प्रति जिस श्रद्धा, मयार्दा और सम्मान का परिचय दिया, वह हमें यह संदेश देता है कि नारी सम्मान केवल एक सामाजिक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की मूल भावना है। माता सीता विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आत्मसम्मान, धैर्य और संकल्प पर अडिग रहीं वहीं हनुमान महाराज ने उनके प्रति पुत्रवत श्रद्धा रखते हुए उनके सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। हर महिला को चाहिए कि वे अपने भीतर की सनातनी शक्ति को पहचाने। परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन हों, अपने आत्मसम्मान से समझौता न करें और अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें। शक्ति का अर्थ केवल बाहुबल नहीं होता।

# प्रो. मांडवी सिंह ने राज्यपाल व सीएम योगी से की भेंट




**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा पुनः कुलपति नियुक्त किए जाने के पश्चात उन्होंने राज्यपाल से राजभवन उत्तरप्रदेश से औपचारिक भेंट कर उनका आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदया ने प्रो. मांडवी सिंह को पुनः कुलपति नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएँ दीं तथा उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास को और अधिक गति प्रदान करने तथा विद्यार्थियों के हित में समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रो. मांडवी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी औपचारिक भेंट कर पुनः कुलपति नियुक्त किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रो. मांडवी सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वविद्यालय के विकास एवं उन्नयन के लिए पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रो. मांडवी सिंह ने उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से भी औपचारिक भेंट करते हुए उनका आभार प्रकट किया। जयवीर सिंह ने भी प्रोफेसर मांडवी सिंह को पुनः कुलपति नियुक्त होने की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ उनके अग्रिम कार्यकाल हेतु उन्हें शुभकामनाएं दी एवं अपनी संस्कृति को विश्वविद्यालय के माध्यम से और अधिक विस्तृत रूप में बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

# मनौतियों के राजा का तैयार हो रहा है सबसे बड़ा पंडाल

**14 से 25 सितंबर तक झूलेलाल वाटिका में होगा गणेश उत्सव**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। राजधानी का सबसे बड़ा गणेश उत्सव मनाया जाने वाला झूलेलाल घाट पर इस वर्ष 14 से 25 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर तैयारी जोरो पर चल रही है। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव का पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से करीब 60 कारीगर पिछले एक माह से तैयार कर रहे हैं। इस बार पंडाल मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रहेगा। पंडाल 13 हजार वर्ग फीट मैं तैयार हो रहा है पंडाल की ऊंचाई 80 फीट होगी। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी भक्त लोग मनौतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रात 10:00 से शाम 6:00 बजे तक लिख सकते हैं। पार्षद रंजीत सिंह ने बताया कि इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ रहे हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट के स्टाल रहेंगे। मीना बाजार में महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल रहेंगे। अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल ने बताया कि पूरा परिसर मैले जैसा रहेगा जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि भक्त लोग मनौतियों के राजा के दर्शन प्रातः 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कर सकेंगे बप्पा की आरती सुबह 9:00 बजे और शाम 6:00 बजे हो होगी। योगेश बंसल ने बताया कि कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा के संगीत निर्देशन में प्रतिदिन भजन संध्या व नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा।

# जैन श्रावक के 6 कर्तव्यों के साथ पर्यूषण आरम्भ



**लखनऊ।** जैन श्वेतांबर मंदिर दादाबाड़ी, ठाकुरगंज में मनाए जा रहे है जिसमें विराजमान साध्वी अर्चना व यशोगुणा जी महाराज साहब ने पर्युषण के 6 कर्तव्यों अहिंसा, अट्ठम व्रत, क्षमायाचना, साधर्मिक भक्ति, चैत्य परिपाटी पर प्रकाश डाला। इस संदर्भ में श्रावक अभिषेक जैन ने बताया कि साध्वी जी ने जैन आगम और साहित्य में वर्णित ऐतिहासिक घटनाओं जैसे साध्वी मृगवती - चंदनबाला, हेमचन्द्र सूरी जी - कुमारपाल महाराजा, भरत महाराजा, हीरविजय सूरी के शिष्य उपाध्याय श्री शांति सूरी जी महाराज - शहंशाह अकबर, धर्मघोष सूरी जी - पेठर शाह, नागकेतु, राजर्षि उदयन राजा - चंद्रप्रद्योत का दृष्टांत सुनाया। पर्व के प्रथम दिन का आरंभ सामूहिक प्रतिक्रमण द्वारा अपनी आत्मा को निर्मल बना कर किया। इसके बाद शुद्धि के साथ विराजमान तीर्थंकर भगवान सीमंधर स्वामी का उत्तम जल दूध, केसर चंदन, पुष्प, धूप, दीपक, अक्षत, नैवेद्य, फल से पूजा की गई। सामर्थनुसार कई तप - व्रत हुए। सायंकालीन प्रतिक्रमण के बाद भक्ति संध्या में उत्तम वाद्य यंत्रों के साथ भक्ति गीत व धार्मिक प्रतियोगिता आयोजित हुआ, जिसमें विलियम जैन, सोनू, योगेश, संदीप, अजय, संजीव, नरेश, विमल, विनोद, वंदना, पारुल, नीरा, साक्षी, रीता, ऋतू, मंजू, झलक, समेत पूरे जैन समाज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## ड्रामा, रोमांस और रहस्य का शानदार मेल है शो 'राजनंदिनी'

**लखनऊ।** कुछ दरवाजे किसी वजह से बंद रखे जाते हैं। कुछ राज पीढ़ियों तक छिपे रहते हैं। लेकिन, जब किस्मत सच को सामने लाने का फैसला कर ले, तो उसे कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही रहस्यों और किस्मत से जुड़ी एक अनोखी कहानी सन नियो लेकर आ रहा है अपना नया शो 'राजनंदिनी'। यह शो सुपरनैचुरल ड्रामा, रोमांस और रहस्य का शानदार मेल है, जो दर्शकों को एक अलग और रोमांचक अनुभव देगा। इस भव्य कहानी में नेहा सोलंकी मुख्य भूमिका में नजर आएँगी। वे राजनंदिनी का किरदार निभा रही हैं। राजनंदिनी एक ऐसी लड़की है जिसकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है, जब किस्मत उसे उस जगह वापस बुलाती है, जहाँ से उसे बचपन में दूर कर दिया गया था। जैसे-जैसे सालों पुराने राज खुलते हैं और रहस्यमयी शक्तियाँ जागने लगती हैं, राजनंदिनी खुद को ऐसे सफर पर पाती है, जिसे उसने कभी नहीं चुना, लेकिन जिसे अपनाना उसकी किस्मत में लिखा है।

# डिजिटल मूविंग झांकी में भक्तों ने देखा कालिया मर्दन

## प्रतिभागी बच्चों ने नृत्य और गायन प्रतियोगिता में मचाया धमाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में 6 दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियों में कृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

कार्यक्रम संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि पांचवे दिन मंगलवार को डिजिटल मूविंग झांकी में कालिया मर्दन का प्रसंग के अलावा सांस्कृतिक मंच पर बच्चों की नृत्य गायन प्रतियोगिता हुई। नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता में जैशनवी कनौजिया, काव्या द्विवेदी, रिया यादव, शिवांशी ने मोहे मोर बनइय्यो राधा अपने वृंदावन कोड्ड, मानवी सिंह, पीहू बाजपेई, बुलबुल गोस्वामी, पीहू राजपूत, काव्या, अर्पित गुप्ता ने बरसाने की छोरी राधा गोरी गोरी..., आराध्या साहू, प्रगति सिंह ने राधा कैसे न जले..., परी श्रीवास्तव ने मन मंदिर में सजे बिहारी..., श्याम बंशी बजाते हो या मुझे बुलाते हो..., श्याम चूड़ी बेचने आया... पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य गायन स्पर्धा में बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से परिचित कराया।

डिजिटल मूविंग कालिया मर्दन की झांकी में एक बार वृंदावन में यमुना नदी के अंदर कालिया नाम का बहुत विषैला नाग रहता था। उसके विष से नदी का पानी दूषित हो गया था और आसपास के पेड़-पौधे तथा जीव-जंतु मरने लगे थे। एक दिन श्रीकृष्ण अपने ग्वाल-बाल मित्रों के साथ यमुना किनारे खेल रहे थे। गेंद नदी में गिर गई। श्रीकृष्ण गेंद लेने के लिए यमुना में कूद पड़े। कालिया नाग ने उन्हें अपनी कुंडली में जकड़ लिया। श्रीकृष्ण ने तुरंत अपना शरीर बड़ा कर लिया और कालिया की पकड़ से बाहर आ गए। फिर वे कालिया के फनों पर चढ़कर नृत्य करने लगे। उनके पैरों के प्रहार से कालिया कमजोर हो गया। उसकी पत्नियों ने श्रीकृष्ण से दया की प्रार्थना की। श्रीकृष्ण ने कालिया को क्षमा कर दिया और उसे यमुना छोड़कर समुद्र में जाने का आदेश दिया। इस प्रकार यमुना नदी फिर से स्वच्छ हो गई और वृंदावन के लोग प्रसन्न हो गए। वहीं अन्य झांकियों में सावन में झूला झूलते राधा कृष्ण, बाबा अमरनाथ के दर्शन, भक्त शिरोमणि हनुमान जी के हृदय में राम सीता के दर्शन की स्वचालित झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती फिरती झांकी भक्तों को लुभा रही थी। 20 फिट ऊंचे शिवलिंग से गंगा अवतरण का सेल्फी कार्नर भी बनाया गया था। डिजिटल मूविंग झांकी लाइट एंड साउंड के इफेक्ट के साथ स्वचालित मूर्तियां एक्शन करती हुई दिखाई दे रही थी जो सभी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। न्यू गणेशगंज झांकी स्थल को फूल पत्तियों, खूबसूरत आकृतियों की कोलकाता की एलईडी लाइट पैनल, झूमर, रंग बिरंगी झालरों एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर कृष्ण के विविध रूपों को लखनऊ के मशहूर अग्रवाल इलेक्ट्रिकल, चौक के अंकुल जी द्वारा उकेरा गया था।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक: 916/ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस /2026-27 — दिनांक: 01.09.2026

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

1. राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी तथा डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई- टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा मॉगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

2.

| क्र. सं. | विधान सभा | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख) | अनुरक्षण की लागत (लाख में) | कार्य की लागत+ अनुरक्षण की लागत का योग (लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| .1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | मिश्रिख | रामगढ चीनी बाउण्ड्रीवाल के समानान्तर मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 31.06 | 0.80 | 31.86 | 3.19 | 944.00 | 04 माह (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि. सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |

3. बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक **15.09.2026** से **25.09.2026** तक उपलब्ध है जो कि दिनांक **25.09.2026** को समय दोपहर **12:00** बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक **25.09.2026** को अपरान्ह **12:30** बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(रीमा सोनकर)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**
ई-मेल: exengcdpwd@gmail.com

UPID-255719 Date: 08.09.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## पीएम के जन्मदिन पर भाजयुमो निकालेगी बाइक यात्रा

आजमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से भव्य बाइक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा की जानकारी मंगलवार को आजमगढ़ स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमल खटीक, आजमगढ़ जिलाध्यक्ष निखिल राय और लालगंज जिलाध्यक्ष पुष्कर मिश्रा ने दी। प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री अमल खटीक ने बताया कि बाइक यात्रा 17 सितंबर से शुरू होकर 20 दिनों तक चलेगी। यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि वड़नगर, गुजरात से उनकी कर्मभूमि वाराणसी तथा वाराणसी से वड़नगर तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए दो अलग-अलग दिशाओं से यात्राएं रवाना होंगी। अभियान को सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा की ओर से 10 टोलियां गठित की गई हैं। प्रत्येक टोली में 25 बाइक सवार कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इस प्रकार बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता यात्रा में भाग लेकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि बाइक यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए कार्यों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा के माध्यम से युवाओं और आम जनता को सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। पदाधिकारियों ने विशेष रूप से नई पीढ़ी और जेन-जी युवाओं से अभियान से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रानू प्रताप राजभर, क्षेत्रीय मंत्री चंद्रपाल सिंह, महामंत्री गौतम राय, अंकुर राय, पवन सिंह मुन्ना आदि मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक से युवक की मौत

आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र के तिलमापुर गांव निवासी युवक की खाड़ी के देश कुवैत में हार्ट अटैक से मंगलवार की सुबह मौत हो गई। परिवार में मौत की सूचना मिलने पर कोहराम मच गया। वे डेढ़ साल पूर्व काम के लिए गए थे। तिलमापुर गांव निवासी 48 वर्षीय हारिल प्रसाद कुबैत की एक कंपनी में इंजिनियर के पद पर काम कर रहे थे। छह दिन पूर्व उन्हें हार्ट अटैक आया था, अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना परिवार में मिलने के बाद से पत्नी गीता सहित परिवार के लोग रो रो कर बेहाल हैं।

## ट्रक के टक्कर से सांड़ की मौत

जौनपुर। नगर के पॉलिटेक्निक चौराहे के पास वाहन की चपेट में आने से बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रक ने सड़क पर मौजूद सांड़ को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर खून के निशान दिखाई दिए। घटनास्थल का दृश्य बेहद दर्दनाक रहा। इस मार्ग पर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आते। मड़ियाहूं की तरफ से आने वाले और प्रयागराज की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले वाहन कई बार तेज रफ्तार में आगे बढ़ते हैं। ऐसे में पॉलिटेक्निक चैराहे जैसे व्यस्त स्थान पर स्पीड कंट्रोल, चेतावनी साइन बोर्ड और पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बेहद जरूरी है। लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले भी इसी क्षेत्र में ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक से हादसा हुआ था। अब सांड़ की मौत की घटना ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## गौशाला का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अमदहा गांव में स्थित गौशाला का बीडीओं सिरकोनी ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ विकास सिंह ने गौशाला में रहने वाले पशुओं को बारे में जानकारी ली। उन्होंने गौशाला के पशुओं को दिये जाने वाले भूसा, पशुआहार, नेपियर घास का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशुओं को खिलाने वाला सभी सामग्री पर्याप्त मात्रा में पायी गई। उन्होंने पशुओं को शुद्ध पेय जल की व्यवस्था ठीक रखने के लिए निर्देशित किया साथ ही पशुओं के रहने वाले जगह पर कोई जल जमाव न हो, की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने गौशाला में निमार्णाधीन अतिरिक्त पशु शेड का कार्य अति शीघ्र पूरा कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पशु डॉ धर्मेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान दुर्गा प्रसाद यादव, सचिव सरिता मौर्या, धर्मेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के खिले चेहरे



जिला संवाददाता(vol)

**मानदेय में वृद्धि से खुशी**

मड़िहान, मीरजापुर। प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को बड़ा तोहफा दिया है। उनके मानदेय में बंपर बढ़ोतरी की गई है। इसी उपलक्ष्य में अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मड़िहान तहसील सभागार में किया गया, जहां उत्सव जैसा माहौल रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मड़िहान विधायक रामशंकर सिंह पटेल रहे। विधायक ने नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और 6 माह से 5 वर्ष तक के नौनिहाल बच्चों को पोषण पोटली बांटी। पोषण पोटली पाकर बच्चों और उनकी माताओं के चेहरे खिल उठे। राजगढ़ और पटेहरा ब्लाक के बाल विकास परियोजना अधिकारी मीना गुप्ता और रामनिवास सिंह ने बताया कि पहले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 8 हजार रुपये और सहायिकाओं को 4250 रुपये मानदेय मिलता था। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर अब कार्यकत्रियों के लिए 12 हजार रुपये और सहायिकाओं के लिए 6 हजार रुपये कर दिया है। इस घोषणा के बाद सभागार में मौजूद आंगनबाड़ी बहनों ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम में राजगढ़ ब्लाक की 21 और पटेहरा ब्लाक की 06 कुल 27 नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें अमीषा मौर्य, रेखा देवी, पूनम कुमारी, गरिमा सिंह, विनीता पाल, अंजू देवी प्रमुख रहीं। कार्यक्रम में कुल 150 आंगनबाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें राजगढ़ से 100 और पटेहरा से 50 कार्यकत्री शामिल रहीं। बाल पोषाहार विभाग द्वारा सभागार में स्टाल लगाया गया था। नौनिहालों को किट के माध्यम से चना, बादाम, ड्राईफ्रूट, सोयाबीन, साबुन आदि वितरित किया गया। विधायक ने हर डेस्क पर जाकर स्टालों का जायजा लिया और विभागीय कार्यों की सराहना की। इस मौके पर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थ मिश्रा सहित तहसील के अधिकारी और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

## नवनियुक्त महामंत्री विद्याधर का हुआ स्वागत

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के जिला कार्यालय बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार में नवनियुक्त काशी क्षेत्र महामंत्री विद्याधर तिवारी जी का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में पुरजागीर, लाल डिग्गी, मुकेरी बाजार, संगमोहाल, इमरती रोड़ के पश्चात भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर जिला कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण से स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह जी ने किया। इस अवसर पर विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह पटेल, गंगासागर दुबे, उत्तर कुमार मौर्य, मनोज जायसवाल, दिनेश तिवारी, अनिल सिंह, बालेंदुमणि त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, सुनीता शर्मा, इंद्र कुमार सिंह, बैजनाथ प्रजापति, उदयभान तिवारी, जिला महामंत्री रविशंकर पांडेय एवं डॉ. सी. एल. बिन्द, जिला मंत्री संध्या पटेल, रोहित त्रिपाठी, आलोक सिंह, पूनम चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आभा पटेल, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दुबे, जिला आईटी संयोजक अमित सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी पं. विजय शक्ति दुबे एवं रतन कुमार सिंह, शुभम जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी, अभिनव प्रताप सिंह सहित मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अहरौरा क्रेशर प्लांट हादसे में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

मीरजापुर। जिले के अहरौरा स्थित क्रेशर प्लांट में हादसे के दौरान 4 लोगों की मौत मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जिले के थाना अहरौरा में 6 सितंबर को 2026 को वादी सूर्यबली पुत्र शिव प्रसाद विश्वकर्मा निवासी बड़गावां थाना जुगैल जनपद सोनभद्र द्वारा नामजद लोगों के विरूद्ध क्रेशर प्लांट में हादसे के दौरान 4 लोगों की मृत्यु होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष अहरौरा को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में उप निरीक्षक आशीष कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित आरोपी आनन्द कुमार सिंह पुत्र प्रेम नारायन सिंह निवासी ग्राम चौकिया थाना चुनार को अंतर्गत धारा 105 बीएनएस में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## बैंक मित्रों के कार्य की समीक्षा की

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया ने जिला सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैंक एवं सरकार प्रायोजित योजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में ऋण जमानुपात की चर्चा हुई और इसे बढ़ाने के प्रयास पर चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यूनियन बैंक एवं स्टेट बैंक तथा उतर प्रदेश ग्रामीण बैंक को विशेष रूप से ऋण जमा अनुपात पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिले में काम कर रहे प्रत्येक बैंक शाखाओं एवं बैंक एटीएम की समीक्षा की साथ ही बैंक मित्रों के कार्य की समीक्षा की गई साथ ही वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान को सरकार प्रायोजित योजनाओं यथा एसएचजी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एन.आर.एल.एम. सहित सभी सरकार प्रायोजित योजना में समस्त बैंक एवं विभाग द्वारा जून तिमाही 2026 के कार्य की समीक्षा की गई। निर्देशित किया गया कि जनपद में फसल बीमा योजना के लिए कैंप लगा कर लक्ष्य की प्राप्ति सूनिश्चित करे तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बैंक शाखा प्रबंधक ऋण उपलब्ध कराने में पूरा सहयोग करें जिससे जिले के घटक-ऋण जमाअनुपात में बेहतर वृद्धि हो।

## ट्रैक्टर पलटा, किशोर की मौत

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के रानीबारी गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में ट्रैक्टर पेर मृत पशु को जंगल की ओर फेंकने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें किशोर की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर में चीख पुकार मच गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार मृत हुए किशोर की पहचान 16 वर्षीय अंश बिंद पुत्र ओमप्रकाश निवासी रानीबारी के रूप में हुई है। ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक किशोर के पिता ओमप्रकाश ने इत्तेफाकिया घटना होने की तहरीर थाने में दिया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के रानीबारी गांव निवासी ओमप्रकाश बिंद के बेटे अंश बिंद ने अपने मृत हुए भैंस के पाड़ा को ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर कुशियरा जंगल की तरफ गया था। जहां अचानक ट्रैक्टर का गुल्ला टूटने से ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे दबने से किशोर अंश बिंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में लालगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि मृत हुए किशोर के पिता ओमप्रकाश ने इत्तेफाकिया घटना होने की तहरीर दिया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में पैरामेडिकल कर्मियों की भूमिका अहम



जिला संवाददाता(vol)

आईपीए मानवता की सेवा के लिए कृतसंकल्पित: सूरज प्रकाश

आजमगढ़। हरवंशपुर स्थित सिंहासिनी वाटिका के सभागार में मंगलवार को इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन (आईपीए) का स्थापना दिवस एवं फिजियोथेरेपी-डे समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने बदलते दौर में फिजियोथेरेपी और पैरामेडिकल सेवाओं की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णमुरारी विश्वकर्मा ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल कर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में इनका योगदान सराहनीय है। कोरोना महामारी के दौरान भी पैरामेडिकल कर्मियों ने पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर पर पहल का भरोसा दिलाया।

पूर्व भाजपा लालगंज जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। आईपीए मानवता की सेवा के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रहा है। उन्होंने फिजियोथेरेपी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की जरूरत बताते हुए कहा कि मरीजों को स्वस्थ जीवन की ओर लौटाने में फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने एसोसिएशन की लंबित मांगों को शासन तक पहुंचाकर समाधान कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम को डॉ. नीतीश यादव, डॉ. बीके पटेल और डॉ. विजय कुमार त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों को स्वास्थ्य सेवा के साथ मानवता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

प्रदेश संयोजक मुकेश यादव ने अतिथियों एवं उपस्थित चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन पैरामेडिकल क्षेत्र को मजबूत करने और समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अंत में भाजपा नेताओं को एक मांग पत्र सौंपकर एसोसिएशन की आवाज को शासन स्तर तक पहुंचाने की मांग की गई।

इस अवसर पर डॉ के आर सक्सेना डॉ राजन डॉ राहुल, डॉ बी प्रसाद डॉ. रामकेश, डॉ. प्रमोद, डॉ. विवेक, सहित अन्य चिकित्सक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार वाहन रवाना



जौनपुर। आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन एवं पीएलवी की मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार शशि ने प्रचार वाहन को रवाना किया। इस दौरान सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रचार वाहन जिले के विभिन्न तहसीलों और क्षेत्रों में पहुंचकर राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। प्रचार अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी पंपलेट, पोस्टर और स्टीकर वितरित किए जाएंगे। लोगों को लोक अदालत के माध्यम से मामलों के सरल एवं त्वरित निस्तारण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अनिल कुमार यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत रणजीत कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार सिंह, न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार सम्मानित

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता को प्रतिष्ठित पब्लिक सेक्टर एक्सीलेंस लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया




गया है। यह सम्मान उन्हें सीईई के चौथे नेशनल पावर-जेनरेशन लीडरशिप अवार्ड्स के अंतर्गत प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 7 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फ्लेक्सिबल ऑपरेशंस एंड एनर्जी ट्रांजिशन के साथ आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता को यह सम्मान उनके अनुकरणीय नेतृत्व, उत्कृष्ट योगदान, परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता तथा विद्युत क्षेत्र में प्रदर्शन और सतत विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान किया गया है। श्री होता के नेतृत्व में एनटीपीसी विंध्याचल निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार, परिचालन दक्षता और सतत विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व कर्मचारियों को उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ संगठन की विकास यात्रा को भी नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। लीडर ऑफ द ईयर सम्मान किशोर कुमार होता की उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर एनटीपीसी विंध्याचल परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री होता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## सवर्ण आर्मी ने चार सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

मीरजापुर। सवर्ण आर्मी संगठन के तत्वावधान में सोमवार को चार सूत्री मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मीरजापुर के माध्यम से सौंपा गया। यह ज्ञापन मीरजापुर जनपद के जिला संयोजक सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व में दिया गया। इस दौरान संगठन के उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश सचिव मुकेश पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें रखी गईं –**

1. UGC के नए नियमों को वापस लिया जाए (UGC Rollback)
2. SC/ST कानून के दुरुपयोग पर रोक लगे और कानून को वापस लिया जाए
3. आरक्षण व्यवस्था में सुधार कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाए
4. सवर्ण समाज के हितों के लिए सवर्ण आयोग का गठन किया जाए

इस अवसर पर जिला संयोजक सुशील कुमार पांडे ने कहा कि सरकार की वर्तमान नीतियों से सवर्ण समाज के युवाओं के साथ घोर अन्याय हो रहा है। UGC के नए प्रावधान और आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था प्रतिभा को कुचल रही है। SC/ST कानून का दुरुपयोग कर निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है। यदि सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो सवर्ण आर्मी पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदेश सचिव मुकेश पांडे ने कहा कि सवर्ण समाज अब जाग चुका है, हम अपने हक की लड़ाई आर-पार तक लड़ेंगे। राष्ट्रपति महोदया से मांग है कि हमारी चारों मांगों पर तत्काल विचार कर सवर्ण आयोग का गठन किया जाए।

# पुलिस की कार्रवाई को लेकर किया प्रदर्शन

जौनपुर । खुटहन क्षेत्र के मुजक्कीपुर गांव में लापता हुए दीपक विश्वकर्मा का शव उनके घर से करीब 700 मीटर दूर एक खेत में मिला है।

परिवार ने दीपक की हत्या की आशंका जताई है। इस मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। सुरेंद्र विश्वकर्मा के बेटे दीपक 30 अगस्त की रात करीब 2 बजे घर से लापता हो गए थे। परिवार ने तुरंत उनकी तलाश शुरू की और खुटहन थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। लगातार तलाश के बावजूद, 1 सितंबर को उनका शव बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि गुमशुदगी की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने ठीक से और समय पर तलाश नहीं की। घटना के हालात को



देखते हुए परिवार को दीपक की हत्या की आशंका है। पीड़ित परिवार गरीब है और मजदूरी कर अपना गुजारा करता है। हत्या में शामिल असली आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सबूतों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। परिवार ने मृतक की पत्नी को 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की मांग की है। इसके अलावा, परिवार को ग्राम सभा की जमीन का पट्टा देकर स्थायी रोजगार का जरिया दिया जाए। पीड़ित परिवार के मुख्य सदस्यों को तुरंत पुलिस सुरक्षा दी जाए और इसकी समय-समय पर समीक्षा हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल, मोबाइल फोन, कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज और दूसरे वैज्ञानिक सबूतों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो।

# महा सम्मेलन में पीडीए समाज का उमड़ा जन सैलाब



जिला संवाददाता

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के राबर्ट्सगंज चण्डी होटल के पास सोन पैलेस में विशाल पीडीए महा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि इस सम्मेलन में आए हुए सभी लोगों का स्वागत एवं आभार। यह सैलाब यह साबित करता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।

श्री कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई बहुत पुरानी है। भाजपा सरकार सामाजिक न्याय विरोधी सरकार है। यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार को किसानों नौजवानों अल्पसंख्यक मजदूर आदिवासियों व्यापारियों से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हमेशा नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्ष पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने का काम करती है। इसलिए हम सभी पीडीए समाज से अपील है कि आप लोग गांव-गांव जाकर भाजपा सरकार की गलत नीतियों को बताने का काम करें और पीडीए समाज को जगाने का काम करें जिससे पीडीए समाज आगे बढ़े और भाजपा सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम करें। महा सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भाजपा बाबा साहब का संविधान और कानून नहीं मानती है। बाबा साहब का संविधान बचाने एवं सामाजिक न्याय के लिए पीडीए सरकार बनाना जरूरी है। भाजपा के खिलाफ पीडीए ही विकल्प है। पीडीए की एकता से बीजेपी घबराई हुई है। भाजपा सरकार में गरीब और कमजोरों पर अत्याचार चरम सीमा पर है। उसका एजेंडा नफरत फैलाना है। इसलिए हम सभी पीडीए समाज की जिम्मेदारी है कि हम लोग एक होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएं और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें जिससे हर समाज का विकास हो सके और समाजवादी पार्टी की सरकार बन सके। पीडीए महा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि आज कार्यक्रम में सामाजिक न्याय की लड़ाई को लड़ने वाले बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं। सभी लोग पीडीए समाज को और जोड़ने तथा पीडीए आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प लें। श्री खरवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपना पूरा समय वंचित शोषित तपके को न्याय दिलाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने में लगे हुए हैं।

# नव नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

सोनभद्र। अयोध्या में आयोजित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण मंगलवार को पंचायत रिसोर्स सेंटर, विकास भवन सोनभद्र में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को संबोधित किया तथा नव नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किये।

राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रुपए 8 हजार से बढ़ाकर रुपए 12 हजार तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय रुपए 4 हजार से बढ़ाकर रुपए 6 हजार किया गया है। इसके साथ ही उन्हें रूपया 5 लाख तक निःशुल्क कैशलेस उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराने के घोषण किये है अब आगनबाड़ी कार्यकत्रियों की इलाज की सुविधा बेहतर होगी और उन्हें समस्याओं से जुझना नहीं पड़ेगा।



उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्तोओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससें उनके कार्यों में तकनीकी दक्षता आएगी तथा विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर माननीय विधायक सदर भूपेश चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के हित में की गई घोषणाएं उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने वाली हैं। मानदेय में वृद्धि से उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगी, वहीं कैशलेस उपचार की सुविधा से बीमारी की स्थिति में उपचार के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्मार्टफोन की सुविधा से उनके कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता भी बढ़ेगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों की बेहतर देखभाल की जाए और उन्हें अपने बच्चों जैसा प्यार एवं स्नेह दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के लिए पोषाहार, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र बच्चों को इन सुविधाओं का समय से लाभ मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों को लगातार आधुनिक, सुविधायुक्त एवं सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है, ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से केंद्रों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाओं को सुविधाएं एवं सम्मान प्रदान कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाएं समाज के सबसे महत्वपूर्ण बच्चों एवं माताओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि, स्वास्थ्य सुविधा, स्मार्टफोन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा नव नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं लाभर्थियों को बेबी किट किया गया।

संक्षेप

## बांकेबिहारी के चिराग पासवान ने किए दर्शन

**मथुरा।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने परिवार सहित वृंदावन के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में विधि-विधान से दर्शन और पूजन किया। मंदिर पहुंचने पर सेवायतों ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें ठाकुर जी का मोर पंख व प्रसाद तथा पटुका भेंट कर आशीर्वाद दिया। दर्शन के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि ब्रजधाम आकर बांके बिहारी जी के चरणों में देश की खुशहाली, समृद्धि और सभी नागरिकों के सुखद जीवन की प्रार्थना की है। उन्होंने वृंदावन की आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय वातावरण की गहरी सराहना करते हुए इसे एक अद्भुत अनुभव बताया। केंद्रीय मंत्री के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा के विशेष और कड़े इंतजाम किए गए थे। दर्शन के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ भी मौजूद रही, जिसे पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्थित रखा। बांके बिहारी जी के दर्शन करने और परिवार के साथ कुछ समय वृंदावन में बिताने के पश्चात चिराग पासवान अपने अगले निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

## परिक्रमा कर बाइक से लौट रहे दोस्तों की हादसे में मौत

**मथुरा।** गोवर्धन से परिक्रमा कर बाइक से घर लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। थाना जैंत क्षेत्र में धौरेरा के पास रात में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान जमुनापार क्षेत्र के लोहवन निवासी रवि गुप्ता (30) और गौरव गुप्ता (28) के रूप में हुई। दोनों दोस्त गोवर्धन में परिक्रमा करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। धौरेरा के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रवि गुप्ता की अभी शादी नहीं हुई थी। वहीं गौरव गुप्ता शादीशुदा था और उसके दो छोटे बच्चे हैं।

# बिना मानचित्र पास चार दुकानें और होटल विप्रा ने किये सील



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने बिना अनुमति और स्वीकृत मानचित्र के हो रहे निमार्णों के खिलाफ सोमवार को कार्रवाई की। सोमवार प्राधिकरण की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर निर्माण और संचालन स्थलों को सील कर दिया। कार्रवाई उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन के निर्देश और सचिव आशीष कुमार के मार्गदर्शन में की गई। इसकी जानकारी प्राधिकरण की ओर से देरशाम करीब 8 बजे दी गई। पहली कार्रवाई भादल-सौख क्षेत्र में हुई, जहां करीब 200 वर्ग मीटर के भूखंड पर चार दुकानें और व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। दूसरी कार्रवाई गोवर्धन क्षेत्र के जतीपुरा-गाठौली रोड पर हुई, जहां करीब 450 वर्ग मीटर में बिना स्वीकृति होटल अजीत पैलेस संचालित किया जा रहा था। दोनों जगह जरूरी स्वीकृति और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

भादल-सौख क्षेत्र में राम किशोर द्वारा करीब 200 वर्ग मीटर के भूखंड पर निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण के मुताबिक, मौके पर चार दुकानें और व्यावसायिक निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र के किया जा रहा था। इस मामले में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा 27(1) के तहत पहले नोटिस जारी किए गए थे। प्राधिकरण की ओर से निर्माण से संबंधित स्वीकृत मानचित्र और अन्य दस्तावेज मांगे गए, लेकिन इन्हें प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद सोमवार को टीम ने निर्माण स्थल को सील कर दिया। मामले में वाद संख्या एमटीडीए/जे4/ एएनआई/2026/ 0000996 दर्ज है। दूसरी कार्रवाई गोवर्धन इलाके में ग्राम जतीपुरा-गाठौली रोड पर की गई। यहां अजीत मोहन कौशिक द्वारा करीब 450 वर्ग मीटर क्षेत्र में होटल अजीत पैलेस का संचालन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान होटल के निर्माण और संचालन से जुड़ी कोई स्वीकृति या स्वीकृत मानचित्र प्राधिकरण की टीम के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया। जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर टीम ने होटल स्थल को भी सील कर दिया। इस मामले में वाद आईडी एमटीडीए/ जे 2/00001269 दर्ज की गई है। एमवीडीए अधिकारियों ने बताया कि मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों और बिना स्वीकृति भवन निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। समय-समय पर ऐसे निर्माण चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि किसी भी भूखंड पर निर्माण शुरू करने से पहले मानचित्र स्वीकृत जरूर कराएं।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

**मथुरा।** दिल्ली के सत्य निकेतन में हुए दर्दनाक इमारत हादसे के विरोध में मथुरा में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। बीएसए रोड स्थित बीएसए कॉलेज के बाहर छात्रों ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और मामले की उच्चस्तरीय जांच के साथ दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एनएसयूआई कार्यकर्ता और छात्र बीएसए रोड स्थित कॉलेज के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने हादसे को प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। छात्रों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जर्जर भवनों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि असुरक्षित भवनों की अनदेखी के कारण मासूम छात्रों की जान नहीं जानी चाहिए। एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जर्जर भवनों के सर्वे और सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। छात्रों ने देशभर के शिक्षण संस्थानों के आसपास खतरनाक इमारतों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## घरेलू कलह के चलते पति ने दुपट्टे से घोंटा पत्नी का गला, हुई मौत

**मथुरा।** थाना जमुनापार क्षेत्र की जमुना बिहार कॉलोनी में मंगलवार दोपहर को पारिवारिक विवाद के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहाँ एक 35 वर्षीय महिला की उसके पति द्वारा कथित रूप से दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी और हड़कंप मच गया है। घटना के समय पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक और विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी गुस्से और कलह के दौरान पति ने आपा खो दिया और महिला का दुपट्टे से गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना जमुनापार पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम व अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती तौर पर मामला घरेलू विवाद का प्रतीत हो रहा है, लेकिन हत्या के पीछे की असल वजह और परिस्थितियों की गहराई से पड़ताल की जा रही है। पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर साफ हो सकेगी।

## आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण दलालों पर सख्ती के निर्देश



**फिरोजाबाद।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, बांदा सौरभ कुमार ने उप संभागीय परिवहन कार्यालय फिरोजाबाद का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली को दलालमुक्त एवं पारदर्शी बनाने के साथ आमजन को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कवरेज और रिकॉर्डिंग की जांच की गई। पंजीयन प्रवर्तन और लाइसेंस पटलों का निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों से जानकारी ली गई। अभिलेखों के उचित रखरखाव और आवेदकों के कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण अधिकारी ने कार्यालय में मौजूद आवेदकों से सीधे संवाद कर सुविधाओं और पारदर्शी व्यवस्था का फीडबैक लिया। साथ ही परिसर एवं आसपास बिचौलियों और अनाधिकृत व्यक्तियों के जमावड़े पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चालक लाइसेंसों के निलंबन फिटनेस समाप्त हो चुके स्कूली वाहनों के पंजीयन निलंबन तथा भारी और हल्के वाहनों के लंबित पंजीयन आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने को कहा। इस दौरान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं फोकॉम नेट प्रा.लि.के कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज-दादरी सुपरफास्ट का नयी दिल्ली तक हो रूट विस्तार

**टूंडला।** प्रयागराज-दादरी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन संख्या 02417/02418 के रूट का दादरी से आगे नई दिल्ली तक विस्तार करने और गाजियाबाद स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने इस संबंध में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर यात्रियों के व्यापक हित में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। श्री गौतम ने बताया कि 20 मई 2026 को प्रयागराज में आयोजित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में महाप्रबंधक द्वारा की गई घोषणा के क्रम में प्रयागराज-दादरी स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन का सप्ताह में तीन दिन नारायणपुर बाजार रेलवे स्टेशन तक रूट विस्तार किए जाने पर उन्होंने आभार जताया। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त 2026 को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय से मुलाकात कर ट्रेन संख्या 02417/02418 का दादरी से आगे नई दिल्ली तक रूट विस्तार तथा गाजियाबाद स्टेशन पर ठहराव देने का अनुरोध किया था। ट्रेन के नई दिल्ली तक विस्तार और गाजियाबाद में ठहराव से नोएडा ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही प्रयागराज, मिजार्पुर, सोनभद्र, टूंडला और आसपास के क्षेत्रों से दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों को सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा। यात्रियों को दादरी स्टेशन पर ट्रेन बदलने की परेशानी से भी निजात मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव को लेकर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली की ओर से सकारात्मक रुख व्यक्त किया गया है और इस संबंध में गंभीरता से विचार किए जाने की जानकारी दी गई थी। श्रीकृष्ण गौतम ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 02417/02418 के नई दिल्ली तक रूट विस्तार एवं गाजियाबाद स्टेशन पर ठहराव का प्रस्ताव सक्षम स्तर एवं रेलवे बोर्ड को भेजकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कराई जाए।

## कवच प्रशिक्षण से शिक्षक होंगे सुरक्षा व संरक्षा के प्रति दक्ष

**फिरोजाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नगला अमान में शिक्षकों को सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति संवेदनशील और दक्ष बनाने के उद्देश्य से कवच, सुरक्षा-संरक्षा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल पर आधारित तीन दिवसीय माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सात से 12 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बाल अधिकार बाल सुरक्षा कानून विधिक जानकारी, प्राथमिक चिकित्सा साइबर सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपायों की जानकारी दी जा रही है। कवच मॉड्यूल का उद्देश्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित, भयमुक्त एवं सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षक शिक्षण कार्य में नवाचार और आधुनिक तकनीकों जैसे स्मार्ट क्लास एवं सीएलएम का अधिक से अधिक प्रयोग करें। शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व एवं चरित्र का निर्माण करने वाले राष्ट्र निमार्ता हैं। उन्होंने प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा एवं गणित की बुनियादी समझ मजबूत करने तथा निपुण लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। साथ ही विद्यालयों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने प्रशिक्षुओं से कहा कि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें और अपने विद्यालयों में बेहतर एवं सुरक्षित माहौल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। उन्होंने बाल अधिकारों एवं बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने डायट परिसर स्थित बाल वाटिका में कक्षा-1 के बच्चों से मुलाकात की। बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकारी एवं अन्य रचनात्मक कार्यों को देखकर उन्होंने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की और बच्चों को टॉफियां वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# सर्राफा दुकान में नकबजनी का खुलासा पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल




**टूंडला।** थाना क्षेत्र के कस्बा टूंडला स्थित श्री जी ज्वैलर्स की सरार्फा दुकान में गत तीन जुलाई को हुई नकबजनी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना टूंडला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि श्री जी ज्वैलर्स में हुई नकबजनी से संबंधित आरोपी पुराने बाईपास स्थित गेल गैस प्लांट से पहले खाली पड़े प्लॉट में चोरी का माल बेचने और नई वारदात की फिराक में खड़े हैं।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की। पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण के लिए कहने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से दो फायर किए। जवाबी कार्रवाई में सौदागर शेख पुत्र फैजुल शेख निवासी मालदा पश्चिम बंगाल, हाल निवासी विजय नगर गाजियाबाद के पैर में गोली लगी। वहीं उसके दो साथियों गंगा उर्फ गौरव और अजीत कुमार ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा और दो खोखा कारतूस, चांदी के आभूषण व पूजन सामग्री दो ऑक्सीजन सिलेंडर, पांच लीटर का गैस सिलेंडर इलेक्ट्रिक तराजू सब्बल, छेनी पेचकस तथा 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद सामान में पायल, बिछुए, पांच मंगलसूत्र, सात हाथ के ब्रेसलेट दो कंगन, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, शुभ-लाभ स्वास्तिक, सिक्के, अंगूठियां, कुबेर यंत्र पत्तियां, दीपक, कानों के टॉप्स और कांच की मोती की मालाएं शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सौदागर शेख के खिलाफ उत्तर प्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और तेलंगाना में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं गंगा उर्फ गौरव और अजीत कुमार के खिलाफ भी पूर्व में मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक अंकित कुमार, हर्षित कुमार प्रशान्त कुमार विजय कुमार समेत हेड कांस्टेबल कर्मवीर, हरवेन्द्र तथा कांस्टेबल आशीष राजपूत, मोहन सिंह, प्रदीप कुमार और पुष्पेन्द्र शामिल रहे।

## यातायात पुलिस ने किया जागरूक, डायट में शिक्षकों को दिलायी नियम पालन की शपथ

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में यातायात पुलिस ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। यातायात पुलिस टीम ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं और अन्य सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। शिक्षकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा नाबालिगों को वाहन न चलाने देने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, ट्रैफिक सिग्नल एवं सड़क संकेतकों का पालन करने और पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने आमजन से निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने सड़क पर अतिक्रमण से बचने और सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# श्रीराधाष्टमी पर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न, एसपी ग्रामीण ने किया निरीक्षण



**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध श्रीराधाष्टमी पर्व को लेकर तहसील गोवर्धन के नगर पंचायत बरसाना में तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है। इसे लेकर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की।

इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमरेश कुमार ने की। बैठक में उनके साथ एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि, अधिशासी अधिकारी, लोक निर्माण, विद्युत, सिंचाई, स्वास्थ्य, अग्निशमन, पुलिस और पंचायत राज विभाग के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार ने सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए कि मेले के शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों और दर्शनार्थियों को सुदृढ़ सुविधाएं उपलब्ध कराना पुलिस-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने दायित्वों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एस०पी० ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी और पी०ए० सिस्टम की दोबारा जांच करने, कंट्रोल रूम से हर क्षेत्र पर नजर रखने तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर पैनी निगाह बनाए रखने के आदेश दिए। बैठक के दौरान पार्किंग, बैरियर, बैरिकेडिंग, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और भंडारों की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। विशेष तौर पर उत्कृष्ट साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के तुरंत बाद सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# ठाकुर श्रीबांके बिहारीजी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की 19वीं बैठक संपन्न



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन के लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन के सभागार में ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की 19वीं बैठक आयोजित की गई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंदिर की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और पुजारियों-सेवाइट्स के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के पहले एजेंडे के रूप में सफाई कर्मचारियों के पिछले समय के अवशेष भुगतान की प्रक्रिया निर्धारित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आगामी पर्वों और त्योहारों के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर मंथन हुआ। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन के सजीव प्रसारण के लिए प्रसार भारती के आवेदन और इसके लिए विज्ञापन नीति तय करने को लेकर विचार किया गया।

बैठक का एक अहम मुद्दा यह रहा कि श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में दान किए गए बहुमूल्य सामानकृजैसे स्वर्ण-रजत हिंडोला (झूला), रथ, रजत शेष सिंहासन, स्वर्ण-रजत नौका, हाथी सूँढ़ सिंहासन, सूर्यप्रभा और चंद्रप्रभा सिंहासन आदिकृका इस वर्ष परंपरा के अनुरूप ठाकुर जी की सेवा में प्रयोग न किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिस पर गंभीर परिचर्चा की गई। वहीं हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ने मंदिर परिसर में फूलों की सजावट को निरंतर जारी रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा बैंकों के प्रबंधकों के साथ पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति और समिति द्वारा कार्यभार संभालने के बाद से अब तक बैंकों द्वारा मंदिर एवं श्रद्धालुओं के हित में कराए गए कार्यों (लागत सहित) की समीक्षा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार के साथ-साथ मुकेश मिश्रा (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सदस्य) विकास कुमार (जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मथुरा / सदस्य) प्रत्यूष आनन्द मिश्रा (मुंसिफ / सिविल जज, मथुरा / सदस्य) आदि उपस्थित रहे।

## बालिकाओं को उनके अधिकारों व कानूनी प्रावधानों के प्रति किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद द्वारा जनपद न्यायाधीश डॉ.बाबू सारंग के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा के निर्देशन में श्रीमती रेवती देवी बालिका विद्यालय इण्टर कॉलेज फिरोजाबाद में बालिकाओं हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों की जानकारी प्रदान करना रहा। इस अवसर पर छात्राओं को बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल एवं सहज भाषा में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पॉक्सो अधिनियम घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। छात्राओं को यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न हिंसा अथवा भेदभाव की स्थिति में उन्हें चुप रहने के बजाय अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर उचित कानूनी सहायता प्राप्त करनी चाहिए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक बालिका को सशक्त बनाती है। अपने अधिकारों को जानने वाली बालिका न केवल स्वयं को सुरक्षित रख सकती है, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का आह्वान किया। शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा विधिक विषयों से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, जिनका उपस्थित अधिकारियों विधिक विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं विधिक सहायता के प्रति जागरूक रहते हुए समाज में विधिक चेतना फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से टूंडला रामलीला आयोजन पर संकट

- **रामलीला कमेटी ने प्रशासन पर स्थान सुनिश्चित न करने का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री से लगायी गुहार**

**टूंडला।** नगर की करीब 100 वर्ष पुरानी एवं प्रसिद्ध रामलीला के आयोजन को लेकर इस वर्ष संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। श्री राम सेवा समिति (रजि.) एवं रामलीला कमेटी ने जनप्रतिनिधियों की कथित उदासीनता और प्रशासन की चुप्पी के कारण रामलीला आयोजन के लिए अब तक स्थान सुनिश्चित न किए जाने का आरोप लगाया है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह धाकरे ने कहा कि रामलीला नगर की वर्षों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा है। इसके आयोजन में अब काफी कम समय शेष रह गया है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से रामलीला के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधियों के स्तर से भी मामले में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि रामलीला कमेटी को समय रहते तैयारियां करनी होती हैं, लेकिन स्थान सुनिश्चित नहीं होने के कारण आयोजन की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। इसको लेकर नगर की जनता और सनातन धर्मावलंबियों में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। कमेटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द रामलीला आयोजन के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। कमेटी का कहना है कि समय रहते स्थान सुनिश्चित होने पर रामलीला का आयोजन भव्यता, सुंदरता और धार्मिक परंपरा के अनुरूप किया जा सकेगा। रामलीला कमेटी ने प्रशासन से भी तत्काल स्थान चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व लाभार्थियों का हुआ भव्य सम्मान

- **सीएम के कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण**

**मथुरा।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में मुख्यमंत्रीजी की अध्यक्षता में आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, मेधावी बच्चों और उत्कृष्ट अधीक्षिकाओं के सम्मान एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मथुरा के कलेक्ट्रेट सभागार में देखा व सुना गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र और प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी समेत जनपद की तमाम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना था।



गौरतलब हो कि पिछले 3 महीनों में अपने क्षेत्र से सबसे अधिक सैम (एसएएम) बच्चों का संदर्भन एनआरसी को करने वाली 11 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों (सर्वेश, ओमवती, पुष्पा, कमलेश देवी, अर्चना, लज्जावती, सुनीता, लक्ष्मी, राजकुमारी, आशा रानी और आशा) को आज सम्मानित किया गया। वहीं अपने कार्यों में सराहनीय योगदान देने वाली 11 कार्यकत्रियों (सीमा, कांती, नीतू, भगवती, नीलम, बबीता, रीता कुलश्रेष्ठ, बबीता, रेशमा, आशा रानी और आरती) को भी सम्मानित किया गया। वहीं सैम श्रेणी से निकलकर सुपोषित श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों (प्रियांशी, काजल, आरव, पूर्वी, आकाश, सिद्धार्थ, दर्शिता, समीर, दिव्यांशी, अंजली और विमांशु) के माता-पिता का सम्मान किया गया। सुशीला, रितु, मेघा, दिव्या, स्नेहा, रूचि गौतम, देवकी, भूरी व कु. रीना मिश्रा सहित अन्य नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं साड़ियों का वितरण किया गया। निराश्रित महिला पेंशन योजना (श्रीमती आरती व श्रीमती लक्ष्मी देवी), मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कु० नव्या, विराज, राज व यश) तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (जान्हवी व सौम्या) के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट के साथ-साथ जनपद की सभी तहसीलों में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें गोवर्धन के विधायक मेघश्याम सिंह ठाकुर सहित उनके क्षेत्र के 120 लोग तथा मांट विधान सभा से 250 लोगों सहित विधायक राजेश चैधरी, वहीं बलदेव विधानसभा से 130 लोगों सहित विधायक पूरन प्रकाश सिंह तथा छाता विस से 250 लोग सहित प्रतिनिधि नरदेव चैधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उपस्थित लोगों को उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# पीएम का छात्रों से संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों के साथ संवाद किया। नयी दिल्ली के एक प्रतिष्ठित कॉलेज के छात्रों के साथ संवाद में प्रधानमंत्री से देश अपेक्षा कर रहा था कि वे शिक्षा, रोजगार के मुद्दे पर सरकार की तरफ से जेन-जी को आश्वस्त करेंगे, लेकिन इस मुद्दे पर कोई बड़ी पहल नहीं की। शिक्षक दिवस आया और चला गया। कुछ रस्मी आयोजन जरूर किए गये। देश में यह दिवस प्रथम उपराष्ट्रपति एवं दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वह महान दार्शनिक और शिक्षाविद थे। राधाकृष्णन की अदम्य और विनम्र इच्छा थी कि उनका जन्मदिन शिक्षा और शिक्षकों को समर्पित किया जाएगा, तो अच्छा रहेगा। 1962 से यह सिलसिला जारी है कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक को 'नियति का निर्माता' करार दिया है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों से मुलाकात की। उनके साथ हल्के-फुल्के पल भी बिताये। बच्चों के संदर्भ में स्क्रीन टाइम और नशे की लत से बचाने की नसीहत भी दी। इसी दिन प्रख्यात श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स का 'शताब्दी समारोह' भी मनाया गया। प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि थे और उन्होंने छात्रों की युवा पीढ़ी, जेन-जी, को संबोधित भी किया। अपेक्षा थी कि प्रधानमंत्री शिक्षा, स्कूल, परीक्षा और रोजगार पर सरकार की नीतियों और विचाराधीन कार्यक्रमों, योजनाओं पर कुछ साझा करेंगे, लेकिन उनका संबोधन 2013 की स्थितियों और 'आधा गिलास खाली' की राजनीति पर ही केंद्रित रहा। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर दोहराया कि 2014 से पहले का कालखंड निराशा, हताशा के दलदल में फंसा था। घोटाले चरम पर थे। विकास फर्श पर और महंगाई अर्श पर थी। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप इंटरनेट खोल कर सब कुछ पढ़ और जान सकते हैं कि तब हालात क्या थे? दरअसल हमारा सवाल यही उभरता है कि क्या अध्ययनरत छात्रों का यही सरोकार होना चाहिए? उन्हें शिक्षा, परीक्षा, रोजगार के प्रति आश्वस्त नहीं किया जाना चाहिए था? प्रधानमंत्री का संबोधन था, न कि एक विशुद्ध राजनेता छात्रों के साथ संवाद कर रहा था। यहां हम कुछ आंकड़े फिर दोहरा रहे हैं, ताकि पाठक और सरकार जान सकें कि देश में स्कूली शिक्षा और आधारभूत ढांचे का यथार्थ क्या है? 2014-25 के दौरान 1.02 लाख सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं और 1.04 लाख स्कूलों में एक ही अध्यापक (शिक्षक?) है। क्या वह अपने शिक्षक-धर्म को निभा सकता है? करीब 70,000 स्कूलों में शौचालय की सुविधा नहीं है, 55083 स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है, 4.08 लाख स्कूलों में कम्प्यूटर की व्यवस्था नहीं है, 46345 स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं है। दूसरी तरफ 48 फीसदी छात्र सरकारी स्कूलों से ही शिक्षित हो रहे हैं। करीब 48 फीसदी छात्र 12वीं कक्षा तक पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। ऐसे यथार्थ में हम एक पर्याप्त पढ़ी-लिखी, हुनरमंद जेन-जी की पीढ़ी कैसे पैदा कर सकते हैं? ऐसे कई आंकड़े प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान में होंगे! उन्हें 'शिक्षक दिवस' पर कौन-सा प्रधानमंत्री स्वीकार करेगा? छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार की खूब तारीफ की। पहली तिमाही की विकास दर 7.8 फीसदी को 'अतुलनीय' करार दिया। प्रधानमंत्री ने करीब 60 करोड़ जन-धन खातों, देश की 50 फीसदी आबादी के बैंक खातों, करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल निर्यात, करीब 2 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और करीब 40,000 करोड़ रुपये के रक्षा-निर्यात, रेलवे के 100 फीसदी विद्युतीकरण के साथ-साथ नक्सलवाद के खात्मे और 'दिमागी नक्सल' की होम्योपैथिक गोली आदि का भी उल्लेख किया। ये उल्लेख प्रधानमंत्री करते भी रहे हैं तथा किसी और मौके पर जिक्र कर सकते थे। जब जेन-जी अपने भविष्य को लेकर आंदोलित हों तब विशुद्ध राजनीति करने के बजाय प्रधानमंत्री को युवाओं को आश्वस्थ करना चाहिए था।



**देश के युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, ऐसे में कमियां गिनाने के बजाय युवाओं को ठोस आश्वासन देना चाहिए।**

## विचार

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उतनी ही निश्चित है, जितना कि मृत होने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए जो अपरिहार्य है उस पर शोक मत करो।

-गीता.

यह आत्मा तीन जगत का स्वामी है, समस्त पदार्थों का ज्ञाता है, अनन्त शक्ति का धारी है, किन्तु अपने स्वरूप से भ्रष्ट होकर यह जीव दुखी हो रहा है।

-शुभ्रचन्द्राचार्य.

आत्मा को ऊपर उठाते समय व्यक्ति को लोक-लाज उठाकर एक तरफ रख देना चाहिए।

-विनोबा भावे.

बड़प्पन, पांडित्य, कुलीनता और विवेक मनुष्य में उसी समय तक रहते हैं जब तक शरीर में काम वासना प्रज्जवलित नहीं होती।

-भर्तृहरि.

कायर लोग अपनी मृत्यु के पहले भी कई बार मरते हैं। परन्तु वीर पुरुष मृत्यु का केवल एक बार ही अभिनन्दन करते हैं।

-शेक्सपियर.

# लक्ष्यविहीन शिक्षा का परिणाम है बेरोजगारी



सुरेन्द्र मिश्र सूर्य




बेरोजगारी, जनसंख्या वृद्धि से उपजी कोई समस्या नहीं है। यह वास्तव में अनियंत्रित व असंगत श्रम नियोजन, अयोग्य व अपात्रों के सेवा में चयन, लक्ष्यहीन शिक्षा नीति तथा डिग्री और औद्योगिक स्किल के बीच डेफिसिट का परिणाम है। विगत दशकों से समाज में यह धारणा बलवती होती गई कि सरकारी सेवा में चयन ही 'वास्तविक रोजगार' है। यह धारणा इसलिए भी पुष्ट होती गई क्योंकि असंगत व जातिगत आरक्षण ने सरकारी नौकरियों को सामान्य वर्ग से बहुत दूर कर दिया। बेरोजगारी बढ़ाने में लक्ष्य हीन शिक्षा नीति का दोष यह है कि इसने शिक्षा का बाजारीकरण कर दिया। शिक्षा के बाजारीकरण से स्कूल, कॉलेजों के नाम पर गांव-गांव, नगर-नगर में ऐसे शिक्षण संस्थान खुल गये जिनका उद्देश्य समाज में संस्कार व गुणवत्ता परक शिक्षा के बजाय डिग्री बेच कर धन कमाना था। जिससे तमाम अयोग्य लोग भी धनबल से डिग्री धारक हो गये। ऐसे लोग भी उन नौकरियों के लिए भी आवेदन करने लगे जोकि उनके रुचि प्रभाव वह क्षमता के अनुकूल नहीं थे।

शिक्षा का बाजारीकरण इसलिए भी खूब फला फूला क्योंकि अधिकतर शिक्षण संस्थान प्रभावशाली लोगों या फिर पूंजीपतियों के हैं। सुलभता से प्राप्त होने वाली डिग्रियां तथा आरक्षण के सहारे मिलने वाली नौकरियों की लालच ने शिक्षा व्यवसाय को बढ़ाने में खाद का काम किया और यह फैलता चला गया। धन द्वारा सुगमता व सुलभता से प्राप्त होने वाली शिक्षा ने डिग्रियों की महत्ता समाप्त कर दी है। उच्च डिग्री धारकों ने छोटी नौकरियों पर कब्जा करने में कोई संकोच नहीं किया। वह बड़ी निर्लज्जता पूर्वक अपने से कमजोरों की नौकरियों को हड़पने में ही श्रेष्ठता समझने लगे। लोगों में यह सोच नैतिक मूल्यों से रहित शिक्षा तथा उसके बाजारीकरण का परिणाम है। पीएचडी, एमबीए, इंजीनियरिंग, जैसी सम्मानित व उच्च डिग्री धारक भी अपने शिक्षा के स्तर से नीचे जाकर सरकारी विभागों में बाबू गिरी और चपरासी जैसी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों को अपनाने की होड़ में लग गये। मौके से मिली नौकरी पाये हुए लोग बाद में मौका पाकर अन्य दूसरी नौकरियों में भी चले गये और इनके द्वारा खाली किए गए पदों पर नवीन भर्तियां प्रशासनिक भ्रष्टाचार के कारण नहीं हुईं। इससे भी बेरोजगारी में वृद्धि हुई। दरअसल रोजगार का मतलब सरकारी ही नहीं है लेकिन रोजगार सृजन में सरकार का भी दायित्व है।

**चिंतन**

इसलिए जब सरकारी विभागों में बड़े पैमाने पर पद खाली रहते हैं, तो यह स्थिति भी बेरोजगारी की समस्या बढ़ाती है। देश में बेरोजगारी बढ़ाने में आरक्षण का भी अपना योगदान है। वांछित योग्यता धारी आवेदकों के अभाव में तमाम पदों की रिक्तियां केवल इस कारण शेष रह जाती हैं क्योंकि योग्यताधारी बेरोजगारों का वर्ग सरकारी मापदंडों के अनुरूप नहीं होता है। आरक्षण की विकृति केवल जाति के ही शोषण पर समाप्त नहीं होती है बल्कि वह लिंग के आधार पर भी भेदभाव कर श्रम नियोजन को जटिल करती है और बेरोजगारी का संकट बढ़ाती है।

आरक्षण में योग्यता को गौण करके जाति व लिंग को वरीयता देने का दुष्परिणाम यह है कि कुपात्र तथा अयोग्य का चयन होने से न केवल योग्य व जरुरतमंद व्यक्तियों से अन्याय पूर्वक रोजगार छीना जा रहा है अपितु कार्य की कुशलता और गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। स्किल रहित शिक्षा व्यवस्था ने परंपरागत उद्योगों और व्यवसायों को भी प्रभावित किया है। बहुत से व्यवसाय हीन भावना तथा सहानुभूति एवं संरक्षण न मिल पाने के कारण लुप्त होते गये। परम्परागत व्यवसाइयों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सरकारों ने भी कोई गंभीर और सार्थक प्रयास नहीं किए। परंपरागत व्यवसायों से बहुत से लोग हीन भावना के चलते अपना रोजी-रोजगार छोड़ दिया और कौशल रहित शिक्षा व्यवस्था ने उनको कागजी डिग्रियां थमाकर बेरोजगारों की कतार में खड़ा कर दिया।

महिला समाज और परिवार का आधार होती है। स्वस्थ समाज और संस्कारवान नागरिक का निर्माण माता द्वारा ही संभव है। स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं, किंतु लिंग आधारित आरक्षण नीति ने महिलाओं को पुरुषों के प्रतिद्वंदी के रूप में खड़ा कर दिया।

महिला आरक्षण का प्रत्यक्ष नुकसान यह है कि सामर्थ्य और योग्य आवेदकों को वंचित कर दिया जाता है जिससे उस क्षेत्र की कार्य दक्षता व गुणवत्ता प्रभावित होती है। यदि महिला रोजगार में नहीं है तब भी वह परिवार को संभालते हुए अपना सुखमय जीवन आगे बढ़ा सकती है लेकिन यह एक रोजगार विहीन पुरुष के साथ संभव नहीं है। महिला रोजगार में हो तब भी एक स्वस्थ पुरुष का घर पर बैठे रहना सामाजिक व नैतिक दृष्टि से ठीक नहीं कहा जा सकता है। पुरुष अपने नैसर्गिक व संस्कारगत स्वभाव के कारण वह उस तरह घर परिवार नहीं चला सकता है जैसा कि एक स्त्री चलाती है। प्रकृति ने लैंगिक आधार पर ही इंसान को अनेक विशेषताओं और गुणों का उपहार दिया है ताकि सृष्टि व समाज के संचालन में बाधा न पहुंचे। इस सदी के प्रारंभिक वर्षों तक समाज और सरकार दोनों ही इन परंपराओं का पालन करते, लेकिन भौतिकता की पराकाष्ठा व गिरते नैतिक मूल्यों के कारण प्रकृति की यह सहज और स्वाभाविक व्यवस्था धीरे-धीरे कमजोर हो रही है। आज समाज में पनप रहे अपराध व भ्रष्टाचार सरकार की इन्हीं अदूरदर्शिता का परिणाम हैं। सरकार चाहे तो अपनी नीतियों में रचनात्मक बदलाव कर करके काफी हद तक बेरोजगारी पर नियंत्रण कर सकती हैं। सरकारी सेवा में चयन पात्र व जरूरतमंद व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के करना चाहिए। महिला सशक्तिकरण के नाम पर गैर जरूरी लैंगिक आरक्षण के जरिए महिलाओं की नियुक्ति से बचना चाहिए। महिलाओं की जरूरत जैसे सेना अर्ध सैनिक बलों में नहीं है और यदि है भी तो बहुत सीमित। वहां उनको जबरदस्ती केवल महिला सशक्तिकरण के नाम पर भर्ती नहीं किया जाना चाहिए। कृषि व परंपरागत उद्योगों और ग्रामीण विशेषज्ञता से जुड़े व्यवसायों के पुनरुद्धार के लिए सरकार को सरल और स्पष्ट नीतियां बनानी चाहिए। शिक्षा के व्यवसायीकरण के बजाय इसमें सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहन देना चाहिए। सरकार को बढ़ती आबादी को समस्या मानने के बजाय उसके श्रम तथा बल का उचित रूप में उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए। इससे देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आयेगी।

हमे जनसंख्या को लेकर सिर गिनने की मानसिकता से उबरकर हाथ गिनने का रचनात्मक चिंतन विकसित करना होगा। हर व्यक्ति के दो हाथ भी होते हैं और अगर उसे नियोजित किया जायेगा तो वह स्वयं के रोजी-रोजगार का प्रबंध करने के साथ ही राष्ट्र के उत्पादन, वितरण जैसी आर्थिक गतिविधियों में साझेदार भी बनेगा। वह उपभोक्ता भी बनेगा और बाजार व मांग के आकार को विस्तार भी देगा। इसलिए हमें जनसंख्या और रोजगार को लेकर अपनी सोच बदलने या कहें सुधारने की जरूरत है। हम सरकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक मौके बनाकर, लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को आगे बढ़ाकर और औद्योगिक जरूरतों के अनुकूल स्किल एजुकेशन के जरिए देश की जनसंख्या को अवसरों में बदल सकते हैं। तभी डेमोग्राफी को डिविडेंट बनाने का प्रधानमंत्री का सपना साकार होगा।

> हम सरकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक मौके बनाकर, लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को आगे बढ़ाकर और औद्योगिक जरूरतों के अनुकूल स्किल एजुकेशन के जरिए देश की जनसंख्या को अवसरों में बदल सकते हैं। तभी डेमोग्राफी को डिविडेंट बनाने का प्रधानमंत्री का सपना साकार होगा।

## सोशल मीडिया



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जो मानदेय पहले 3000 प्रतिमाह मिलता था, उसे 8000 प्रति माह बढ़ाया गया था, अब उसको बढ़ाकर हम 12 हजार रुपये करने जा रहे हैं। सीएम योगी.



हापुड़ के थाना हापुर नगर के अन्तर्गत दो समुदायों में हुई आपसी रंजिश व झड़प में घायल हुए दलित समाज के लोगों में से एक व्यक्ति की आज हुई मौत अति दुखद है। मायावती.



भाजपा और वोट चोरी आयोग के तरीके बदलते रहते हैं और बदलते रहेंगे। मकसद बस एक ही है, किसी भी कीमत पर बीजेपी की जीत, और भारत के लोकतंत्र का अंत। राहुल गांधी.

# जीवन का सार

**अंतर्दृष्टि**

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

# भयंकर जी की व्यंग्य रचना

**व्यंग्यलोक**

भयंकरजी रेखाचित्र छाप व्यंग्य लिखकर आ धमके मुझे दिखाने। शर्मा, मैं व्यंग्य की बात कर रहा हूँ। बताओ इसमें व्यंग्य कैसे नहीं आया। क्या रेल दुर्घटनाओं के लिए बेचारे स्टेशन मास्टर को दोषी ठहरा देना सरकार पर व्यंग्य नहीं है? क्या स्टेशन मास्टर जो भागदौड़ करता है, वह उसकी दयनीयता को नहीं दर्शाता। मेरा सवाल तुमसे सिर्फ इतना सा है कि इसमें पैनापन कैसे आ सकता है। भयंकरजी ने मेरे सामने भयानक स्थिति पैदा की। इस बार मैंने दो पल के लिए सोचा और फिर कहा-'आप इस 'व्यंग्य रचना को सौ बार लिखिये, मैं समझता हूँ, तब तक तो पैनापन आ ही जायेगा, क्योंकि मैं इसमें पैनापन पैदा करने में असमर्थ हूँ। इस बार भयंकरजी लगभग चिल्लाये-'तो मैं क्या तुम्हारे पास यहाँ सिर चटाने आया हूँ। पैनेपन के अभाव के कारण ही तो मैं तुम्हारे पास आया हूँ। तुम पैनापन पैदा करने में असमर्थ हो तो अब तक तुमने भाड़ झोंका है या व्यंग्य लेखन किया है? मुझे छपने की कोई त्वरा नहीं है, लेकिन पहले यह एक कम्पलीट व्यंग्य रचना बननी चाहिए। मैं बोला-'इसीलिए तो मैंने इसे सौ बार लिखने को कहा है। वे फिर बिलबिलाये-'मैं जब बिना पढ़े पुस्तक समीक्षा लिखता हूँ तो यह रचना मैं सौ बार इस जन्म में तो लिख नहीं सकता। ऐसा करो यह रचना तुम अपने पास रखो, मैं सात दिन बाद आऊंगा, तुम इसमें पैनापन ला देना। मेरा मतलब री-राइट तुम्हें ही करना है। मैंने सहमकर कहा-'आज्ञा शिरोधार्य, मैं देखता हूँ, लेकिन तब तक आप रेखाचित्र छाप कोई अन्य व्यंग्य रचना मत लिखना। वे बोले-'मैं जब तक यह रचना परिपक्व नहीं बन जाती, तब तक किसी अन्य रचना के लेखन का तो प्रश्न ही पैदा नहीं होता। मैंने फिर सहमकर पूछा-'भरंकरजी एक बात बताइये, आप व्यंग्य लेखन की ओर उन्मुख कैसे हुये। आप तो आलोचक थे। भयंकरजी थोड़ा सामान्य होकर बोले-'शर्मा एक आलोचक कुछ भी लिख सकता है। आलोचक के पास एक प्रखर दृष्टि होती है, जिनसे वह रचनाओं की नाप तोल करता है। तुम्हारे पास तो मैं केवल इसलिए आया था ताकि तुम्हारी गहराई को देख सकूं। दरअसल तुम दूर के ढ़ोल हो। लाओ मेरी रचना तुम क्या करोगे उसमें संशोधन या सुधार। मुझे अब साफ दिखाई दे रहा है कि व्यंग्य लेखन की हालत खस्ता क्यों है? तुम्हें व्यंग्य दिखाया तो तुमने उसे रेखाचित्र कहा। बहुत ही सतही दृष्टि है तुम्हारी। लिखने की तुम्हारी आदत भले ही हो, लेकिन तुम स्कॉलर नहीं हो। यह कहकर उन्होंने अपनी रचना उठाई और बोले-'अब देखना व्यंग्य क्या होता है, नम्बर लगा दूंगा व्यंग्यों का। यह कहकर वे चले गये और मैंने पीछे से साष्टांग प्रणाम कर राहत की सांस ली।



पूरन सरमा

# मानसून में खानपान को लेकर रहें सावधान...



**स्वास्थ्य/आहार**

हर मौसम के अपने फायदे और नुकसान हैं। चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाने के लिए जब झमाझम बारिश का मौसम आता है तो मन तृप्त हो जाता है, शरीर को सुकून मिलता है। लेकिन इस मौसम में स्वस्थ बने रहने के लिए खानपान में सावधानी बरतनी चाहिए वरना कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। क्योंकि यह मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां मसलन- डेंगू, मलेरिया, सर्दी-जुकाम और मौसमी फ्लू लेकर आता है। इसलिए इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए हमें ये चीजें खाने से परहेज करना चाहिए- हरी सब्जियां, तली मसालेदार चीजें, सलाद, दही, सी फूड, मशरूम और नॉनवेज। चूंकि इस मौसम में आयुर्वेद के मुताबिक हमारे शरीर का वात बढ़ जाता है, इसलिए बहुत तीखे खानों से बचना चाहिए। क्योंकि इससे हमारी पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है। पत्तेदार सब्जियां वैसे तो बहुत फायदेमंद है, लेकिन रिमझिम बारिश के दिनों में पालक, पत्तागोभी, मैथी आदि के खाने से जितना बच सके, उतना बचना चाहिए। क्योंकि इन दिनों इसमें बहुत तरह के बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जिससे इंफेक्शन का डर रहता है। इस मौसम में कुछ फल भी शरीर के लिए नुकसानदायक होते हैं और कुछ दूसरे मौसमों के मुकाबले ज्यादा फायदेमंद होते हैं। बारिश के मौसम में ऐसे फल खाने चाहिए, जिनमें शरीर को भरपूर विटामिन, मिनिरल्स और एंटी ऑक्सीडेंट मिले, जिससे कि हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत रहे। सेब, अनार, जामुन, पपीता और नाशपाती जैसे फल खूब खाने चाहिए।

सेब में आयरन और कई तरह के विटामिन होते हैं, जो इस मौसम में हमारे शरीर की इन चीजों की भरपायी बहुत अच्छी तरह से करता है। अनार वैसे तो हर मौसम में फायदेमंद है, लेकिन बारिश के मौसम में यह हमारे शरीर को फिट रखता है, तो जामुन एक ऐसा खट्टा मीठा फल है, जो हमारे शरीर के हिमोग्लोबिन में जबरदस्त सुधार करता है। इससे हमारी सांस संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं और जहां तक पपीता का सवाल है तो इसमें कई तरह के विटामिनों का भंडार होता है। मसलन- विटामिन ई, विटामिन सी और विटामिन ए का यह खजाना है। इसलिए बारिश के मौसम में पपीता को अपने खानपान में जरूर शामिल करें। अब सबसे महत्वपूर्ण बात आती है, आम की। क्योंकि भारत जैसे देश में बारिश के शुरूआती दिनों में हर जगह आम पाया जाता है और खूब खाया जाता है। सवाल है क्या बारिश के दिनों में आम खाना चाहिए? तो इसका जवाब है हां, खाना चाहिए। क्योंकि इसमें वो तीनों चीजें होती हैं, जो बारिश के मौसम में शरीर के लिए जरूरी होती है- विटामिन सी, विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट्स। इसलिए गर्मियों में आम बिना झिझक खाएं। मगर खरबूजा और खीरा खाने से जितना बच सकें बचें। खरबूजा सिर्फ तब तक खाना अच्छा होता है, जब तक खूब लू चल रही हो। बारिश गिरते ही यह सेहत के लिए सही नहीं होता। इसे खाने से जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। अब जरूरी बात है कि बारिश के मौसम में पीना क्या चाहिए? जी हां, बारिश के मौसम में प्यास कम लगती है, क्योंकि जब बाहर झमाझम बारिश हो रही हो तो मन भी सीजा सीजा रहता है। लेकिन ध्यान रहें इस मौसम में अकसर लोग शरीर में कम पानी का शिकार हो जाते हैं। इसलिए बारिश के मौसम में पानी भरपूर पीना चाहिए। हां, पानी पीने का मन न करें और शरीर को पानी की जरूरत हो तो अनार का जूस, नींबू पानी भी पी सकते हैं। कुछ लोग तरबूज का पानी भी पीते हैं, लेकिन इस मौसम में तरबूज का पानी पीने से बचना चाहिए और पीएं तो तरबूज काटने के तुरंत बाद पीएं। नारियल पानी भी ठीक रहता है। जलजीरा भी पी सकते हैं। लेकिन जहां तक दूध पीने की बात है तो इस मौसम में दूध में हल्दी डालकर पीएं, तो बेहतर होगा। लेकिन सबसे बढ़िया इस मौसम में पीने के लिए अदरक वाली चाय, तुलसी वाली चाय और सूप जैसी चीजें हैं। छाछ पीने से इस मौसम में बचना चाहिए। जहां तक इस मौसम में कौन से भोजन खाने की बात है तो गेहूं, जौ, चावल, मक्का, दालों में मूंग और अरहर की दाल खाना ठीक है। बारिश के मौसम में नाश्ता हमेशा हेल्दी करना चाहिए। पोहा, उपमा, इडली, सूखे टोस्ट, पराठे और साथ में ब्लैक टी या ब्लैक कॉफी इन दिनों का ठीक नाश्ता है। लंच में हरी और मसालेदार सब्जियां खाने से बचना होगा। दही खाने से न बच सकें तो दोपहर में ही खाना चाहिए। इस मौसम में खिचड़ी खाना भी सही रहता है और रात में कम खाना सबसे अच्छा होता है। अगर रात में एक गिलास गर्म, हल्दी वाला दूध या गुड़ के साथ गर्म दूध पीएं, तो वह शरीर के लिए बेहतर रहता है।

**-राजकुमार दिनकर.**

# आप की बात

## बेरोजगारी का कारण

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

## प्रगति में हो सबकी साझेदारी

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी।

**राजीव कुमार मौर्य, लखनऊ.**

संक्षेप

## आल्हनमऊ-महदीपुर संपर्क मार्ग पर गड्ढे



दरियाबाद, बाराबंकी। विधानसभा दरियाबाद के अन्तर्गत आल्हनमऊ खमौली से महदीपुर संपर्क मार्ग इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़ी सड़कों के कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों विनोद, मनीष कुमार, रामकुमार ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए कई बार जिम्मेदारों से शिकायत की गई है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी अधिक समय लगता है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर विद्यार्थियों ने जाना गिद्धों का महत्व

ललितपुर। अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में विद्यार्थियों के लिए गिद्ध संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विशेष गतिविधि आयोजित की गई। विज्ञान अध्यापिका उर्वशी साहू के दिशा-निर्देशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गिद्धों के पर्यावरणीय महत्व, प्रकृति के संतुलन में उनकी भूमिका तथा उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक गिद्धों के चित्रों में सुंदर रंग भरकर उन्हें आकर्षक रूप से सजाया। इस रचनात्मक गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने गिद्धों के प्रति अपनी जिज्ञासा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं पूनम, पूजा, अनुष्का, प्रिंसी, ज्योति, काजल, चांदनी, कृति, आजाद, रविकांत, मनोहर, श्रीकांत आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उत्कृष्ट सरावगी के चित्रण को भी सराहा गया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गिद्धों जैसे महत्वपूर्ण पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा उनमें प्रकृति और जैव विविधता के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

## बच्ची को जान से मारने की धमकी, विरोध पर लात-घूंसों से पीटा

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुहल्ला नदीपुरा स्थित अखाड़े के पास एक महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़िता और उसकी बच्ची की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई शुरू की है। नदीपुरा निवासी प्रतिभा पटेल पुत्री राकेश पटेल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 3 सितंबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे वह ललितपुर में थीं। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला अजहर अली पुत्र लियाकत अली उनके पास आया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि अजहर अली ने महिला पर अपनी बात मानने के लिए दबाव बनाया। प्रतिभा पटेल का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी की बात मानने से इनकार करते हुए विरोध किया तो आरोपी ने उनकी बच्ची को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि वह और उसकी बच्ची जिंदा नहीं बचेंगे। घटना के बाद महिला और उसका परिवार भयभीत है। घटना से घबराकर उन्होंने मामले की सूचना मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर भी दी थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत कार्रवाई की गई है।

# अमृत भारत योजना में खुदी सड़क आज तक नहीं भरी

## नेहरू नगर में 170 मीटर रास्ता बदहाल

ललितपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 08 स्थित मोहल्ला नेहरू नगर में अमृत भारत योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क लंबे समय बाद भी दुरुस्त नहीं कराए जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ होने से लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों ने नपाध्यक्ष सोनाली जैन को शिकायती पत्र देकर सड़क और नाली का निर्माण कराए जाने की मांग की है। मोहल्ला नेहरू नगर नेहरू युवा केंद्र के पास जुगपुरा और काली माता मंदिर क्षेत्र के निवासियों के अनुसार, उनके मोहल्ले में पहले पक्की सड़क थी। अमृत भारत योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था। पाइप लाइन डालने का काम पूरा होने के बाद सड़क को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया। इसके चलते करीब 170 मीटर का रास्ता अब गडढ़ों और उबड़-खाबड़ मिट्टी में तब्दील हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश होने के बाद सड़क



की स्थिति और भी खराब हो जाती है। रास्ते में पानी और कीचड़ जमा होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के दौरान समस्या और गंभीर हो सकती है। समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने नपाध्यक्ष सोनाली जैन को शिकायती पत्र सौंपकर काली माता मंदिर से आगे करीब 170 मीटर की गली में सड़क एवं नाली का निर्माण कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि सड़क की स्थिति खराब होने से मोहल्ले के लोगों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने जनहित में जल्द कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र पर गीता यादव, दीपमाला, दद्दू सिंह, किशन सिंह, परमानंद बाबा, दामोदर प्रजापति, मंगल सिंह, फूलसिंह परिहार, उषा, रामचरण, रामकिशोर, पुष्पा, राजकुमारी, रोहित, राजेश, गीता सहित अन्य मोहल्लेवासियों के हस्ताक्षर बताए गए हैं। पार्षद पर विकास को लेकर आरोप

वहीं, मोहल्लेवासियों ने अपने पार्षद पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि पार्षद द्वारा कथित तौर पर वोट नहीं दिए तो विकास नहीं कराऊंगा जैसी बात कही गई। हालांकि, यह आरोप मोहल्लेवासियों की ओर से लगाया गया है और इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मामले की जांच कराने तथा बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र में विकास कार्य कराने की मांग की है।

# श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने सौंपे ज्ञापन



ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष पं.बृजेश चतुवेर्दी के नेतृत्व में जलविहार पर्व जो कि 22 सितंबर मंगलवार को आ रहा है। इसके संबंध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी, एसडीएम, एसपी एवं नपाध्यक्ष व ईओ को सौंपा गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जल विहार पर्व डोल ग्यारस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके संबंध में उक्त पर्व से पूर्व नगर के सभी देवालयों के मार्ग समतलीकरण व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है। शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर चैबयाना से रावरपुरा, महावीरपुरा, घंटाघर होते हुए सावरकर चैक, तालाबपुरा से सुमेरा तालाब के घाट एवं जल विहार मैदान तक जाना है। इसलिए सुमेरा तालाब के बंध एवं घाटों की मरम्मत सफाई व बिजली की व्यवस्था की जाना अति आवश्यक है। उक्त व्यवस्थाएं अपने स्तर से संबंधित विभागों को करवाए जाने हेतु दिशा निर्देश जारी करना अति आवश्यक है। चूंकि वर्तमान में जिस घाट पर विमान का विहार होता है उस पर वोट क्लब बना दिया गया है जिससे जल विहार पर्व पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अतएव तालाब पर जलबिहार स्थान पर प्रतिवर्ष जन भागीदारी बढ़ रही है। अतिक्रमण से स्थान कम होता जा रहा है। अतएव अतिक्रमण पर ध्यान देने व वोट क्लब को विगत वर्षों की भांति पहले से किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। जलविहार पर्व नगर के जनमानस की भावनाओं के अनुरूप विशाल पर्व है।

## प्राइवेट बैंक के मैनेजर का शव होटल में मिला

प्रयागराज। फूलपुर थाना क्षेत्र में एक होटल में प्राइवेट बैंक के मैनेजर महेंद्र कुमार भारतीय का संदिग्ध हालत में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि इफको चौकी के पास होटल सुदीप में महेंद्र कुमार भारतीय (40) का शव मिला। मृतक प्रतापपुर स्थित साईं समर्पण बैंक की शाखा में मैनेजर के पद पर काम करते थे। सुबह पुलिस को सूचना मिली कि होटल के कमरे में महेंद्र कुमार भारतीय बेहोश पड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत सीएचसी फूलपुर ले जाया गया। सुबह करीब सात बजे सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत बताया। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि सीएचसी लाने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलते ही फूलपुर थाना पुलिस और इफको चौकी की टीम मौके पर पहुंची।

# कपिल मैरिज गार्डन के सामने पुलिस ने दबोचा संदिग्ध

## अभियुक्त के पास से तमंचा-कारतूस बरामद



ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, 1,200 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। 7- 8 सितंबर 2026 की रात करीब 12.10 बजे उपनिरीक्षक ललित उज्ज्वल कांस्टेबल राहुल कुमार और कांस्टेबल रामविलास के साथ गल्ला मंडी चैकी क्षेत्र में रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और अपराध की रोकथाम के लिए भ्रमण कर रहे थे। पुलिस टीम इलाइट चैराहे से राजघाट रोड होते हुए पिसनारी तिराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान कपिल मैरिज गार्डन के सामने सड़क किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस वाहन को अपनी ओर आता देख युवक भागने का प्रयास करने लगा। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुहल्ला घुसयाना निवासी दीपक खटीक उर्फ कल्लू पुत्र बल्लू खटीक बताया। पुलिस ने आरोपी की जामा तलाशी ली तो उसकी जींस की दाईं तरफ खूसा हुआ 315 बोर का एक देशी तमंचा तथा पीछे की जेब से 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कारतूस के पेंदे पर 8 एम.एम. के.एफ. अंकित बताया गया है। इसके अलावा आरोपी के पास से 1,200 रुपये नकद और आसमानी नीले रंग का ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी मिला। मौके पर मौजूद स्वतंत्र गवाह थाना बार के ग्राम भैलोनी सूबा निवासी लवकुश सिंह राजपूत पुत्र मुकेश राजपूत की मौजूदगी में पुलिस ने बरामद तमंचे और कारतूस को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास बरामद हथियार का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। इसके चलते उसका कृत्य आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 3/25 के तहत दंडनीय पाए जाने पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की अग्रिम विवेचना उपनिरीक्षक जयकरण साचन को सौंपी गई है।

## तेंदुए के हमले में बालक की मौत, तीन साल की बच्ची घायल

बहराइच। जिले में तेंदुए के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं में नौ वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई जबकि तीन साल की बच्ची घायल हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वन विभाग के अनुसार, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ के कारण आबादी वाले इलाकों में वन्यजीवों के आने की घटनाएं बढ़ी हैं। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अपूर्व दीक्षित ने बताया कि कतर्नियाघाट रेंज के आनंद नगर गांव में सोमवार रात करीब नौ बजे सड़क किनारे लगे हैंडपंप से पानी लेने गये नौ वर्षीय राजवीर पर तेंदुए ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजवीर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वन विभाग की ओर से तत्काल राहत के तौर पर उसकी मां को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई और नियमानुसार मिलने वाले शेष मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अधिकारी के अनुसार, घटनास्थल के पास तेंदुए के पंजों के निशान मिले हैं। उन्होंने बताया कि तेंदुए की पहचान के लिए कैमरा ट्रैप और उसे पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में बाढ़ के कारण वन्यजीव ऊंचे स्थानों और आसपास के ग्रामीण इलाकों की ओर आ रहे हैं। एक अन्य घटना में बहराइच वन प्रभाग के नानपारा रेंज अंतर्गत जुड़वा गांव में रविवार देर शाम तीन वर्षीय बच्ची पर तेंदुए ने हमला कर दिया। बहराइच वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ सुन्देरेशा ने बताया कि हमले में घायल बच्ची को बहराइच मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बच्ची सुरक्षित है और लखनऊमें उसकी हालत खतरे से बाहर है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ दीक्षित ने बताया कि तेंदुओं को आबादी वाले क्षेत्रों से सुरक्षित निकालने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 21 जुलाई से अब तक 13 तेंदुओं को पकड़ा जा चुका है जबकि इस वर्ष की शुरुआत से अब तक कुल 18 तेंदुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## मंझनपुर थाने में सर्विस राइफल से गोली लगने से महिला सिपाही की मौत

कौशांबी। जिले के एक पुलिस थाने में तैनात महिला कांस्टेबल की मंगलवार को संतरी ड्यूटी के दौरान कथित तौर पर सरकारी राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय मंझनपुर के महिला पुलिस थाने में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक कांस्टेबल की पहचान प्रियंका यादव (25) के रूप में हुई है। प्रजापत के मुताबिक, सर्विस राइफल से गोली लगने से घायल प्रियंका को उसके सहकर्मी तुरंत मंझनपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रजापत ने कहा कि 2025 बैच की कांस्टेबल प्रियंका सोमवार सुबह महिला पुलिस थाने में संतरी ड्यूटी पर थीं। घटना के समय उनके पास सरकार की ओर से जारी इंसास राइफल थी। घटना की सूचना मिलने पर एसपी, अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बाद में घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। प्रजापत के अनुसार, प्रियंका मूल रूप से गाजीपुर जिले की रहने वाली थीं और उनके परिवार के सदस्यों को उनकी मौत के बारे में सूचित कर दिया गया है। घटना की सभी पहलुओं से जांच के लिए मंझनपुर क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई है।

## बुलंदशहर में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थानीय पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अंकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने अनूपशहर क्षेत्र में एक ज्वैलर्स के घर परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन ने बताया कि गिरफ्तार अंकुर इटावा का निवासी है और उसके खिलाफ लूट, डकैती तथा अपहरण के सात मुकदमे दर्ज हैं। उसे अनूपशहर क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ के संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

# डीएम को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र



ललितपुर। जिले की विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि स्नातक विजय सिंह यादव एड. ने जिलाधिकारी को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलाने सहित शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया। मांगपत्र में कहा गया कि जनपद में हुई अतिवृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं। ऐसे में प्रभावित किसानों का तत्काल सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग भी की। विशेष रूप से एनएच-44 की खराब हालत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हाईवे पर जगह-जगह गडढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि जब तक हाईवे को पूरी तरह गडढा मुक्त नहीं किया जाता, तब तक टोल टैक्स की वसूली पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। विजय सिंह यादव ने जनपद में अवैध एवं जहरीली कच्ची शराब के कारोबार पर पूर्णतरू रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अन्य जनपदों तथा मध्य प्रदेश में जहरीली शराब से हुई मौतों की घटनाओं से प्रशासन को सबक लेते हुए अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाना चाहिए। मांगपत्र में नेहरू नगर स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) बायपास रोड की चैड़ाई दोनों ओर करीब दो-दो मीटर बढ़ाने तथा सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के मानचित्र में उक्त सड़क पर्याप्त चैड़ी दर्शाई गई है, इसलिए सड़क की उपलब्ध भूमि के अनुरूप उसका विस्तार कर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। शहर में सड़कों के किनारे संचालित हो रहे गिट्टी, बालू और गुम्मा की अवैध टालों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। कहा गया कि निर्धारित मानकों के विपरीत सड़क किनारे सामग्री का भंडारण होने से यातायात प्रभावित होता है और जाम तथा अतिक्रमण की स्थिति पैदा होती है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस मना



ललितपुर। पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खडोवरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा श्री श्री 1008 हनुमान चालीसा का 108 बार सामूहिक पाठ एवं गायन कर किया गया। विद्यार्थियों के सामूहिक गायन से विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। प्रबंधक पं. सुनील शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार), प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों तथा भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, बाल लीलाओं एवं उनके उपदेशों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से संबंधित मनमोहक झांकियां भी सजाई गईं, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रामजू यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मनुष्य को कर्म, सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने और उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ मुरारी झा, आशीष झा, प्रभुदयाल कुशवाहा, आकांक्षा राजा, अंजली बुंदेला, संजय राजा एवं वीरन प्रजापति सहित समस्त छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# मलिक समाज कार्यकर्ताओं का स्वागत समारोह सम्पन्न



बाराबंकी। मलिक समाज फाउडेशन कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद मलिक की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे सराहनीय कार्य करने वाले कार्यकताओं व पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। बैठक मे मलिक समाज फाउडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मलिक ने कहा कि हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। उसको पहचानने एवं सही दिशा देने की जरूरत है। मंजिल तक पहुंचने के लिए साइंस व टेक्नोलॉजी के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था व नौनिहालों पर काम करना होगा। बिना शिक्षा के हम कोई सफलता हासिल नहीं कर सकते। हमें अपनी कौम की फिक्र करनी होगी तभी मंजिल हमारे कदम चूमेगी। बैठक का संचालन मास्टर मोहम्मद शोएब कामिल मलिक ने किया। इस अवसर पर फैसल मलिक, कदीर मलिक, डॉक्टर अफजाल मलिक, हाजी इरफान मलिक, सलमान मलिक, मास्टर मुजफ्फर हुसैन मलिक, कफील मलिक, शहाबुद्दीन मलिक, नफीस मलिक, असगर मलिक, अतहर मलिक, शान मलिक, इरशाद हुसैन मलिक, अल्ताफ मलिक, जावेद मलिक, रिजवान मलिक, रियाज मलिक मौजूद रहे।

## जागरूकता कैंप में श्रमिकों को दी डिजिटल लेबर चैक ऐप की जानकारी




बाराबंकी। सहायक श्रमायुक्त के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहनलाल व योगेश दीक्षित ने नाका सतरिख स्थित लेबर अड्डे पर श्रमिक जागरुकता कैंप का आयोजन किया। कैंप मे श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं, श्रमिक पंजीयन सहित डिजिटल लेबर चैक ऐप पर रजिस्ट्रेशन से होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अमन विक्रम यादव, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरयू की बाढ़ में थमी जिंदगी, चारे से लेकर रोटी तक का संकट



टिकैतनगर, बाराबंकी। सरयू की बाढ़ ने नदी किनारे बसे गांवों में जिंदगी की रफ्तार थाम दी है। चारों ओर पानी और बीच में फंसी बस्तियां ऐसे हालात में ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतें भी चुनौती बन गई हैं। कहीं नाव सहारा, तो कहीं ग्रामीण पानी के बीच से होकर आने-जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के सामने घर-गृहस्थी के सामान को सुरक्षित रखने और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करने चिता बनी हुई है। नाव के सहारे हरा चारा ढूढ कर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि बाढ़ प्रभावित गांवों में नावों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ खाद्य सामग्री, पीने का पानी, पशुओं का चारा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि पानी बढ़ने की स्थिति में ग्रामीणों को और परेशानी न उठानी पड़े। तो वही बाढ़ से घिरे गांवों में प्रशासन की ओर से तैयार भोजन प्रभावित परिवारों की संख्या के मुकाबले नाकाफी साबित हो रहा है। भूख से व्याकुल बच्चे हर आती-जाती नाव को टकटकी लगाकर भोजन आने का इंतजार करते दिखाई दे रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि जितनी जरूरत है उसके मुकाबले राहत सामग्री और तैयार भोजन कम पहुंच रहा है। एक ओर पानी का दायरा बढ़ता जा रहा है दूसरी ओर राहत की मात्रा प्रभावित परिवारों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है।

## दिव्यांगजन के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



बाराबंकी। विकास भवन स्थित सभागार में दिव्यांगजन के अधिकार विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्ज्वल उपाध्याय की अध्यक्षता मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे डीएलएसए सचिव श्री उपाध्याय ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मुकदमा न्यायालय में लंबित है तथा वह अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है। तो पात्र व्यक्ति को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही उन्होने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य विधिक सेवाओं एवं सहायता के संबंध में भी जानकारी दी। शिविर मे दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## राहुल गांधी का हैदरगढ़ चौराहे पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत



बाराबंकी। नेता विपक्ष व सांसद राहुल गांधी का लखनऊ से रायबरेली जाते समय हैदरगढ़ तिराहे पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री मोहसिन ने कहा कि आज नेता विपक्ष राहुल गांधी को हजारों लाखों निगाहें आने वाले भविष्य का देश का प्रधानमंत्री अपने ख्वाबों में संजोये हुये है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, अमरनाथ मिश्रा, राजकुमार सिंह, सुशील कुमार वर्मा, अजीत वर्मा, सरवर सिद्दीकी, रामहरख रावत, विजयपाल गौतम, आर0डी0 राव, अखिलेश वर्मा, मोहम्मद जीशान आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## सैमसंग की फोल्डेबल टेक्नोलॉजी ने बदली स्मार्टफोन की दुनिया

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2019 में फोल्डेबल फोन कैटेगरी की शुरुआत की थी। इसके बाद यह मार्केट तेजी से बढ़ा है और आज दुनिया की कई मोबाइल कंपनियां इसमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इस सफर का जश्न मनाते हुए, सैमसंग ने एक ग्लोबल डिजिटल आउट-ऑफ-होम कैंपेन, 'वेलकम टू फोल्डेबल्स' शुरू किया है। इस कैंपेन में दुनिया के प्रमुख शहरों में गैलेक्सी जेड6 सीरीज को प्रदर्शित किया जा रहा है। यह कैंपेन तेजी से फैलते इस बाजार का खुले दिल से स्वागत करता है, और साथ ही इस कैटेगरी में सैमसंग की पुरानी बादशाहत को भी दोहराता है। फोल्डेबल फोन अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में फोन के पतलेपन, ड्यूरेबिलिटी, मल्टीटास्किंग, कैमरा परफॉर्मेंस और सॉफ्टवेयर ऑप्टिमाइजेशन में एक के बाद एक सुधार हुए हैं। इससे दुनिया भर के कंज्यूमर्स का भरोसा फोल्डेबल डिवाइसेज पर बढ़ा है।

## 78 जरूरतमंद बच्चों का हुआ इलाज

नई दिल्ली। क्लेफ्ट लिप और तालु (कटे होंठ और तालु) से पीड़ित बच्चों के लिए नौ दिन तक चला एक निःशुल्क सर्जिकल कैंप 6 सितंबर को झांसी में संपन्न हुआ, जिसमें 78 जरूरतमंद बच्चों का इलाज किया गया। यह कैंप वीरांगना फाउंडेशन, जो मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण, बच्चों के कल्याण और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों में कार्यरत है और ऑपरेशन स्माइल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी में इसका आयोजन हुआ। यात्रा, स्थानीय परिवहन, आवास, भोजन, सभी सुविधाएँ पूरी तरह मुफ्त दी गईं। अनुराग शर्मा बैघनाथ के जेएमडी है।


## एसबीआई लाइफ ने किया पैरा खेल उपलब्धि के संघर्षों को सम्मानित

नई दिल्ली। कोई जब पदक जीता जाता है, तो दुनिया केवल जीत का वह क्षण देखती है, लेकिन उस पदक तक पहुँचने का सफर वर्षों लंबा होता है। इसकी शुरूआत करने के लिए साहस, आगे बढ़ते रहने के लिए दृढ़ता और असफलताओं पर विजय पाने के लिए आत्मविश्वास की जरूरत होती है। साथ ही, अक्सर परिवार, प्रशिक्षकों और प्रियजनों का वह मौन सहयोग भी इस सफर का अहम्‌ हिस्सा होता है, जो दुनिया के मंच पर खिलाड़ी को देखने से बहुत पहले उसके सपनों के साथ खड़े रहते हैं। ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सराहनीय प्रदर्शन के पीछे इन कहानियों को सम्मान देने के उद्देश्य से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ मिलकर भारत के उन पैरा खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिन्होंने देश के लिए सात पदक जीते। इनमें तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। जिन पदक विजेताओं को सम्मानित किया, उनमें शर्मिला ढांकर (स्वर्ण, महिला गोला फेंक एफ57), दिलीप महादू गावित (स्वर्ण, पुरुष 100 मीटर टी47), सोमन राणा (स्वर्ण, पुरुष गोला फेंक एफ57), मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनकथ (रजत, पुरुष 100 मीटर टी47), शुभम जुयाल (रजत, पुरुष गोला फेंक एफ57), शिल्पा शायला (कांस्य, महिला गोला फेंक एफ57) और झंडू कुमार (कांस्य, पुरुष हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग) शामिल हैं। हर थ्रो, दौड़ और भारोत्तोलन के पीछे एक ऐसा सपना होता है, जिसकी शुरूआत बहुत पहले हो चुकी होती है। हर पैरा खिलाड़ी के पीछे कुछ ऐसे लोग होते हैं, जिन्होंने उस सपने पर विश्वास किया, उसे संजोया और जीत एवं अनिश्चितता के हर दौर में खिलाड़ी का साथ दिया। भारतीय पैरालंपिक समिति के साथ एसबीआई लाइफ का जुड़ाव इन्हीं लोगों से प्रेरित है, जिनमें प्रशिक्षक, परिवार के सदस्य और शुभचिंतक शामिल हैं।

## कच्चे तेल में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत 101 रुपये की तेजी के साथ 8,861 रुपये प्रति बैरल हो गयी। कच्चे तेल का सितंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 101 रुपये या 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,861 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 4,982 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। कच्चा तेल 2.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 93.69 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 1.37 प्रतिशत बढ़कर 98.33 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# सेंसेक्स में 555 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे दिन जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बने रहने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है।

आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली से भी बाजार पर दबाव बढ़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 555.23 अंक यानी 0.73 प्रतिशत टूटकर 75,577.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 579.46 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 144.05 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,635.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रहीं। दूसरी ओर लाभ में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इंटरग्लोब एविएशन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत बढ़कर 98.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और लगातार बनी वैश्विक अनिश्चितता से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण बाजार में गिरावट जारी रही और यह सात सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। पूरे कारोबारी सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 280.13 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को 382.62 अंक यानी 0.50 प्रतिशत टूटकर 76,132.81 अंक और निफ्टी 118.55 अंक की गिरावट के साथ 23,779.15 अंक पर बंद हुआ था।

# पश्चिम एशिया तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपया 28 पैसे टूटकर 94.84 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 28 पैसे टूटकर 94.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों के 99 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अरामको के संयंत्रों पर नए हमलों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय रुपया कमजोर हुआ। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 94.49 पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.49 के उच्च स्तर तक गया और 94.89 के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया 94.84 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 13 पैसे फिसलकर 94.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की चिंता के कारण हमें रुपये में हल्की कमजोरी का रुख रहने के आसार हैं। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, डॉलर में कमजोरी और विदेशी पूंजी का प्रवाह निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकता है। अब निवेशकों का ध्यान अमेरिका और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगा। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.60 से 95.10 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.96 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चे तेल का वायदा भाव 1.39 प्रतिशत बढ़कर 98.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 555.23 अंक टूटकर 75,577.58 अंक पर जबकि निफ्टी 144.05 अंक फिसलकर 23,635.10 अंक पर आ गया।

# नेपाल में भूकंप के झटके 5.3 मापी गयी तीव्रता

**एजेंसी**

काठमांडू। तिब्बत में मंगलवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 35 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद अभी तक किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है। प्रभावित इलाकों में अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

तिब्बत में मंगलवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 35 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके के बाद अभी तक किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार, नेपाल तक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों में नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। फिलहाल भूकंप से हुए नुकसान की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। भूकंप के कारण क्षेत्र में मौजूद भूगर्भीय गतिविधियों का भी पता चलता है। अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

# सोना 2150 रुपये टूटा, चांदी 600 रुपये महंगी



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 2,150 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,150 रुपये टूटकर 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, पिछले दो सत्र में स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में फिर से तेजी आई और यह 600 रुपये बढ़कर 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। चांदी की कीमत तीन सितंबर को 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी और चार व सात सितंबर को इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ था। कमजोर डॉलर कीमती धातुओं को समर्थन कर रहा है, जिससे चांदी में सुधार हो रहा है, जबकि बाजार में शामिल लोग अमेरिका के आने वाले महंगाई के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों से जुड़ी उम्मीदों पर नजर बनाए हुए हैं। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,404.44 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 66.25 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# चीन का निर्यात अगस्त में 25 प्रतिशत बढ़ा और व्यापार अधिशेष भी बढ़कर 119.1 अरब डॉलर

बैंकॉक। चीन का निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ा। सीमा शुल्क एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि मोटर वाहन और उच्च प्रौद्योगिकी वाले सामान की मजबूत मांग से निर्यात को बढ़ावा मिला। जुलाई में निर्यात सालाना आधार पर 23.9 प्रतिशत बढ़ा था।

अगस्त में आयात भी सालाना आधार पर 28.2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि जुलाई में इसमें 27.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 119.1 अरब डॉलर हो गया जो जुलाई के 112.5 अरब डॉलर के मुकाबले अधिक है। नीति-निर्माताओं ने अमेरिका और अन्य देशों में चीन के लगातार बढ़ते व्यापार अधिशेष को लेकर चिंता जताई है। चीन का व्यापार अधिशेष पिछले साल रिकॉर्ड 1.2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया था। हालांकि, चीन का कहना है कि उसका व्यापार अधिशेष को अधिकतम करने का कोई लक्ष्य नहीं है। अमेरिका को चीन का निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 34.4 प्रतिशत बढ़कर 42.5 अरब डॉलर हो गया। इसकी मुख्य वजह यह है कि अमेरिका द्वारा ऊंचे शुल्क लगाए जाने से पिछले साल चीन का निर्यात घट गया था। चीन को अमेरिका का निर्यात पिछले महीने 13.3 अरब डॉलर रहा। इस तरह चीन के पक्ष में करीब 29.2 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा।

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत के आयात बिल पर दबाव बढ़ा



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से भारत के तेल आयात बिल, रुपये और महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर करीब 99 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है तथा अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में लंबे समय तक बढ़ोतरी से देश का डॉलर में होने वाला आयात बिल बढ़ने के साथ व्यापार संतुलन और रुपये पर दबाव पड़ सकता है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर ईंधन, परिवहन और अन्य ऊर्जा लागत के जरिये घरेलू महंगाई पर भी पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, अप्रैल-जुलाई में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 56 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 63.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 40.5 अरब डॉलर था। पीपीएसी के मुताबिक, भारत के कच्चे तेल के आयात की औसत कीमत सितंबर में औसतन 100.75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो अगस्त में 90.19 डॉलर और जुलाई में 82.04 डॉलर प्रति बैरल थी। सात सितंबर को इसकी कीमत 106.26 डॉलर प्रति बैरल रही। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव फिर बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आने वाली सीमित कच्चे तेल की आपूर्ति के सामने चुनौती पैदा हुई है। ईरान की ओर से जलडमरूमध्य से आगे नया प्रतिबंधित समुद्री क्षेत्र बनाने की धमकी से अतिरिक्त ऊर्जा आपूर्ति भी जोखिम में पड़ सकती है। कच्चे तेल के दाम में हाल की तेजी से वाहन ईंधन बेचने वाली कंपनियों का मार्जिन नकारात्मक हो सकता है और घरेलू एलपीजी पर लागत से कम कीमत पर बिक्री का मौजूदा करीब 200 रुपये प्रति सिलेंडर का बोझ बढ़ सकता है। फिलहाल पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें तीन महीने से अधिक समय से स्थिर हैं। इनके दाम आखिरी बार 25 मई को बढ़े थे। कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के मार्जिन पर भी दबाव बढ़ सकता है। ये कंपनियां अंतरराष्ट्रीय कीमतों में पिछली बढ़ोतरी का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पाने के कारण पहले ही नुकसान से जूझ रही हैं।

# अगस्त में घरेलू भोजन की लागत मामूली बढ़ी, मांसाहारी थाली पांच प्रतिशत महंगी

मुंबई। घरों में बनने वाले भोजन की लागत अगस्त में मामूली रूप से बढ़ गई। शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 29.5 रुपये रही, जबकि मांसाहारी थाली की लागत पांच प्रतिशत बढ़कर 57.5 रुपये हो गई।

प्याज, खाद्य तेल, चावल और रसोई गैस (एलपीजी) की ऊंची कीमतों ने थाली की लागत को ऊंचा बनाए रखा। हालांकि, आलू और टमाटर की कीमतों में गिरावट से कुल बढ़ोतरी सीमित रही। अगस्त में प्याज की कीमत सालाना आधार पर 43 प्रतिशत बढ़कर 40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले 28 रुपये प्रति किलोग्राम थी। महाराष्ट्र में मार्च-अप्रैल में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से आपूर्ति प्रभावित होने के कारण प्याज की कीमत बढ़ी। इस दौरान खाद्य तेल की कीमत में 11 प्रतिशत और एलपीजी यानी रसोई गैस की कीमत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं, आलू की कीमत 12 प्रतिशत और टमाटर की कीमत 28 प्रतिशत घटने से थाली की लागत में कुल बढ़ोतरी को सीमित करने में मदद मिली।

इसके परिणामस्वरूप शाकाहारी थाली की लागत में सालाना और मासिक दोनों आधार पर एक-एक प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई। मुर्गे के मांस की कीमत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण मांसाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 57.5 रुपये हो गई। हालांकि, जुलाई की 58.3 रुपये की लागत की तुलना में अगस्त में यह एक प्रतिशत कम रही। अगले दो-तीन महीनों तक प्याज की कीमतें ऊंची बनी रहने का अनुमान है। इसकी वजह रबी फसल की कम आपूर्ति और खरीफ फसल की आवक में देरी है। मासिक आधार पर अगस्त में प्याज की कीमत 17 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन टमाटर की कीमत में सात प्रतिशत की गिरावट से इसका असर सीमित रहा। हिंदुओं के लिए पवित्र माने जाने वाले श्रावण माह के कारण मुर्गे के मांस की कीमत में चार प्रतिशत की मासिक गिरावट आई। इससे अगस्त में मांसाहारी थाली की लागत जुलाई के मुकाबले एक प्रतिशत घट गई।

## पेज एक का शेष

### आंगनवाड़ी

स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का अवलोकन किया, महिलाओं को पुष्टाहार भेंट किया तथा कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के समय आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को महज तीन हजार रुपये मानदेय मिलता था। सरकार ने इसे परफॉर्मेंस आधारित व्यवस्था से जोड़ते हुए आठ हजार रुपये किया। अब इसे बढ़ाकर 12 हजार रुपये किया जाएगा। सहायिकाओं का मानदेय भी 1,500 रुपये से बढ़ाकर पहले चार हजार और अब छह हजार रुपये किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने कोरोना जैसी सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान एएनएम और आशा कार्यकताओं के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गांव-गांव स्क्रीनिंग से लेकर दस्तक अभियान और संक्रमित लोगों की सेवा तक अपनी जान जोखिम में डालकर जुटी रहीं। सीएम योगी ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के साथ उनके परिवार को हर वर्ष पांच लाख रुपये तक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। इसका लाभ इम्पैनल्ड अस्पतालों के साथ सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में लिया जा सकेगा। हाल में प्रदेश के करीब 15 लाख शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी गई है। लगातार मांग आ रही थी कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को भी इससे जोड़ा जाए। अब सरकार यह सुविधा उन्हें भी देने जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 2.91 लाख आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के लिए साड़ी की धनराशि जारी कर दी गई है।

### टेक्सटाइल बनेगा

से गारमेंट और गारमेंट से ब्रांड होते हुए ग्लोबल मार्केट तक पूरी वैल्यू चेन प्रदेश में विकसित करने का है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को दो दिवसीय यूपी टेक्सटाइल्स कॉन्क्लेव-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यूपी टेक मित्र पोर्टल लॉन्च करने के साथ हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में टेक्सटाइल सेक्टर में 5,196 करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्तावों के एमओयू किए गए। साथ ही 163 करोड़ रुपये के लेटर ऑफ कम्फर्ट और 60 करोड़ रुपये की सब्सिडी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए टेक्सटाइल सेक्टर के प्रतिष्ठित उद्यमियों, निवेशकों, निर्यातकों, प्रदेश के परंपरागत बुनकरों, हथकरघा संचालकों और इस क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की टेक्सटाइल पहचान हजारों वर्षों पुरानी है। वैदिक साहित्य से लेकर रामायण और महाभारत तक में काशी के रेशमी वस्त्रों का उल्लेख मिलता है। वाराणसी की सिल्क साड़ी, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली की जरी, कानपुर का टेक्सटाइल इकोसिस्टम और मेरठ में टेक्निकल टेक्सटाइल की संभावनाएं प्रदेश की विरासत और औद्योगिक क्षमता का प्रमाण हैं। प्रदेश में दो लाख हैंडलूम और पांच लाख से अधिक पावरलूम बुनकर इस सेक्टर की असली ताकत हैं। कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार का सृजन वस्त्र उद्योग करता है। उत्तर प्रदेश फैब्रिक मैन्युफैक्चरिंग में देश में तीसरे स्थान पर है और कुल फैब्रिक उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 13 से 14 प्रतिशत है। पिछले छह वर्षों में प्रदेश के वस्त्र, परिधान और हस्तशिल्प निर्यात में करीब 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यूपी इस सेक्टर में देश का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक राज्य बन गया है। वर्ष 2025-26 में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात के साथ गौतमबुद्ध नगर देश के प्रमुख निर्यातक जिलों में दूसरे स्थान पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की टेक्सटाइल एवं अपैरल इकोनॉमी और 100 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। इस राष्ट्रीय संकल्प में उत्तर प्रदेश अपनी पूरी क्षमता से भागीदारी करेगा।

### वडोदरा में

इवेंट में, मोदी ने 2,800 किलोमीटर से अधिक लंबे पूरे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को देश को समर्पित किया। इसमें 326 किमी तक फैले तीन वेस्टर्न सेक्शन शामिल हैं, जिन्हें 20,700 करोड़ रुपये से ज्यादा में बनाया गया है। पीएम ने कहा कि इससे माल ढुलाई में तेजी आई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस की सरकार के विकास कार्यों पर सवाल उठाने वालों पर मंगलवार को निशाना साधते हुए उन्हें एक बार फिर नाराज फूफा बताया। गुजरात के वडोदरा में नमो फॉर विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम पर भी तंज कसते हुए कहा कि युवा सच्चाई के साथ खड़े रहेंगे और झूठ की गूंज से गुमराह नहीं होंगे। इस कार्यक्रम में उन्होंने 35,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि भारत चिप से लेकर शिप (जहाज) बनाने के साथ विनिर्माण के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिख रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कलपुर्जों, तैयार उत्पादों और आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी पूरी आपूर्ति शृंखला को विकसित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं में 2,800 किलोमीटर लंबा समर्पित माल ढुलाई गलियारा भी शामिल है। उन्होंने इसे 21वीं सदी की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पिछले 12 वर्षों में देश की कार्य संस्कृति में आए बदलाव का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि हाल ही में डबल-स्टैक कंटेनर मालगाड़ी ने मुंबई के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से वडोदरा तक एक ही यात्रा में 250 से अधिक ट्रक के बराबर माल पहुंचाया। मोदी ने गलियारा परियोजना की उपयोगिता पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसते हुए कहा, अब ये जो नाराज फूफा जी हैं, वो चिल्लाएंगे कि ट्रक वालों का क्या होगा और उनके खरीदे हुए ट्रकों का क्या होगा? उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा इन नाराज फूफा जी को अब काम मिल गया। प्रधानमंत्री ने हाल में दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान आलोचकों पर निशाना साधने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। पीएम जब एमएस यूनिवर्सिटी के ग्राउंड पर आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचे तो सबसे पहले धुरंधर गाने पर उन्होंने एंट्री ली। इसके बाद वी विल रॉक यू, नमो नमो और मोदी मोदी गाने से माहौल बना दिया। पीएम के रैंप पर चलने के दौरान मां हीरा बा का लाल गाना भी बजा। पीएम मोदी ने इस दौरान युवाओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकारा और अपनी प्रतिक्रिया भी दी। पीएम मोदी का यह कार्यक्रम नए प्रयोगों का गवाह बना। युवाओं के गर्मजोशी भरे स्वागत पीएम मोदी खुश दिखे। उन्होंने दो बार रैंप वॉक के दौरान पलटकार अभिवादन को स्वीकार किया। यह पहला मौका जब पीएम मोदी के किसी सरकारी कार्यक्रम ने पूरे देश का ध्यान खींचा है।

### अब यूपीआई

देशों में काम कर रहा है और इसे सिंगापुर की स्थानीय भुगतान प्रणाली से भी जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री ने फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) क्षेत्र से पिछले एक दशक की उपलब्धियों पर संतुष्ट होकर रुकने के बजाय यूपीआई की पहुंच को और व्यापक बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने को कहा। पिछले एक दशक में यूपीआई देशभर में वास्तविक समय में भुगतान का व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाला मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि ध्यान उन देशों पर होना चाहिए जहां बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय रहते हैं, भारत के साथ व्यापार की मात्रा अधिक है या जो भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं।

### वडोदरा में

अगले साल 7 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। इनमें 22.78% वोटर जेन-जी हैं। यूपी में सबसे ज्यादा 2.8 करोड़ जेन-जी वोटर हैं। इसलिए सभी पार्टियां उन्हें साधने में लगी हैं।

### सीएम योगी

नायब तहसीलदार कुशीनगर, रविरंजन कश्यप तहसीलदार जौनपुर, राकेश कुमार तत्कालीन तहसीलदार जौनपुर व सम्प्रति तहसीलदार बलरामपुर, कविता ठाकुर तत्कालीन तहसीलदार बाराबंकी व सम्प्रति तहसीलदार गोंडा, देवानन्द तिवारी तत्कालीन तहसीलदार सुल्तानपुर व सम्प्रति तहसीलदार फिरोजाबाद, स्नेहल वर्मा तत्कालीन नायब तहसीलदार अयोध्या व सम्प्रति नायब तहसीलदार लखनऊ, राहुल सिंह तहसीलदार अमेठी, अनिल कुमार तहसीलदार प्रतापगढ़, यजुवेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार लखनऊ, सुखवीर सिंह नायब तहसीलदार लखनऊ, रमाशंकर मिश्रा नायब तहसीलदार रायबरेली और शार्द सिंह तहसीलदार लखनऊ शामिल हैं। राजस्व परिषद की ओर से इन अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। मामलों में जवाबदेही निर्धारित करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### यूपी अल्पसंख्यक

मुद्दों पर पार्टी और सरकार का प्रमुख चेहरा रहे। मोहसिन रजा की पहचान राजनीति के अलावा खेल और मनोरंजन की दुनिया से भी रही है। वह रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके साथ ही मॉडलिंग और अभिनय से भी उनका जुड़ाव रहा है। वर्ष 1995 में उन्हें प्रिंस लखनऊ चुना गया था। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनकी नई जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है, जब सरकार अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाओं और मुद्दों पर आयोग की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर जोर दे रही है।

### कक्षाओं में

बढ़ने का विश्वास भी देती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा को अवसर मिले तो वह न केवल परिवार का भविष्य बदल सकती है, बल्कि समाज और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय समाज में गुरु का स्थान सदैव विशिष्ट रहा है। शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर मौजूद प्रतिभा को पहचानने और उसे सही दिशा देने का कार्य करते हैं। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में तकनीकी और विषयगत ज्ञान जरूरी है, लेकिन इसके साथ मानवीय मूल्यों को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देने का आह्वान किया, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें और जिम्मेदार नागरिक बनें। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हर बच्चे की प्रतिभा और रुचि अलग होती है। कोई शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकता है तो कोई विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, खेल, उद्यमिता अथवा प्रशासन में योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि उपलब्धि कितनी भी बड़ी हो, उसके साथ समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना बनी रहनी चाहिए।

### यूपी एससीआर

होंगे। गांवों तक शहरी सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर आवास, व्यापार और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। छह जिलों के बीच हाईस्पीड कनेक्टिविटी विकसित होने से बड़े शहरों की ओर होने वाले पलायन को भी कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। बैठक में अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत अन्य अधिकारी और कंसल्टेंट मौजूद रहे।

### सपा सांसद

बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर पोस्टर चस्पा कर भाग निकले।

**पुलिस गश्त पर उठे सवाल:** सार्वजनिक स्थान पर पोस्टर लगने की घटना ने क्षेत्र में पुलिस की निगरानी और गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।




# पूर्व क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र के झटके छह विकेट

## दक्षिण क्षेत्र अभी पूर्व क्षेत्र के 708 रन के विशाल स्कोर से 466 रन पीछे

एजेंसी

चेन्नई। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की छोटे-छोटे स्पेल में प्रभावी गेंदबाजी की बदौलत पूर्व क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को दक्षिण क्षेत्र के 242 रन पर छह विकेट झटक कर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। दक्षिण क्षेत्र अभी पूर्व क्षेत्र के 708 रन के विशाल स्कोर से 466 रन पीछे है। पहली पारी में उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं और ऐसे में उसके लिए बढ़त हासिल करना लगभग असंभव नजर आ रहा है। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान तिलक वर्मा 56 रन (133 गेंद) बनाकर और सीवी मिलिंद बिना खाता खोले क्रीज पर थे। श्रेयस गोपाल 26 रन बनाकर दिन के अंतिम क्षणों में आउट हुए। शमी ने दिन में तीन छोटे स्पेल किए। उन्होंने पहले तीन ओवर में दो मेडन डालते हुए सिर्फ एक रन दिया। दूसरे स्पेल में चार ओवर में एक मेडन के साथ 10 रन देकर एक विकेट और तीसरे स्पेल में चार ओवर में एक मेडन के साथ छह रन देकर एक विकेट हासिल किया।

इस तरह उन्होंने कुल 11 ओवर में चार मेडन के साथ 17 रन देकर दो विकेट लिए। चेन्नई की उमस भरी परिस्थितियों को देखते हुए संभवतः शमी ने छोटे स्पेल में गेंदबाजी करना पसंद किया। शमी के आंकड़े शायद बहुत प्रभावशाली नहीं दिखते, लेकिन उन्होंने गेंद पर नियंत्रण और जरूरत के समय अपनी गति तथा धार बढ़ाने की क्षमता का भरपूर प्रमाण दिया। जिस सपाट पिच पर दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज शुरुआती दो दिन ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके थे, वहां शमी ने अपने अनुभव और कौशल का शानदार मिश्रण पेश किया। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपनी लेंथ में गजब की निरंतरता बनाए रखी और बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए बहुत कम जगह दी। शेख रशीद (29) और देवदत्त पडिक्कल (62) ने तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की लेकिन शमी ने खूबसूरत इनस्विंग



गेंद पर रशीद को पगबाधा कर इस साझेदारी को खतरनाक नहीं होने दिया। इसके करीब 20 ओवर बाद 36 वर्षीय शमी को कार्यवाहक कप्तान वैभव सूर्यवंशी ने फिर गेंद थमाई। ईशान किशन की गैरमौजूदगी में कुछ समय के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे सूर्यवंशी का यह फैसला तुरंत असरदार साबित हुआ।

शमी ने रविचंद्रन स्मरण को पवेलियन भेजकर तिलक के साथ उनकी 45 रन की साझेदारी तोड़ दी। ऑफ स्टंप से बाहर निकलती गेंद स्मरण के बल्ले को छूते हुए विकेटकीपर कुशाग्र के दस्तानों में चली गयी। कुशाग्र ने गेंद लपकने के बाद सूर्यवंशी को डीआरएस लेने के लिए प्रेरित किया और टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर के फैसले को बदलकर आउट करार दिया। श्रीलंका के सफल दौरे से लौटे पडिक्कल एक और बड़ी पारी की ओर बढ़ते नजर आ रहे थे।

उन्होंने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंद पर चौका जड़कर 65 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। मुकेश ने जल्द ही बदला ले लिया। उन्होंने पडिक्कल के पैड की ओर गेंद डाली। पडिक्कल के फ्लिक पर स्थानापन्न खिलाड़ी डीपी दास ने आसान कैच लपक लिया। दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे। उपकप्तान रिकी भुई के शुरुआती विकेट के बाद नारायण जगदीशन (32) ने पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। भुई ने मुकेश की गेंद पर विकेटकीपर कुशाग्र को कैच दिया था। जगदीशन ने कुछ शानदार चौके लगाए, लेकिन ड्राइव खेलने की उनकी जल्दबाजी ने उनकी पारी का अंत कर दिया। अनुकूल रॉय की उंगली में चोट के कारण जल्दी गेंदबाजी के लिए लगाए गए कामचलाऊ स्पिनर शिखर मोहन की गेंद पर वह कवर में खड़े अभिमन्यु ईश्वरन को कैच दे बैठे। तिलक ने इस प्रतियोगिता में लगातार तीसरा 50 से अधिक का स्कोर बनाया। उन्होंने बेहद संयमित पारी खेलते हुए 143 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने श्रेयस गोपाल के साथ दिन के अंतिम दो घंटों में 26.4 ओवर तक बल्लेबाजी की और 66 रन जोड़े।

इस साझेदारी के टूटने के बाद दक्षिण क्षेत्र के सामने अब फॉलोऑन बचाने की चुनौती है। वहीं दूसरी ओर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को बिग बैश लीग (बीबीएल) में निजी निवेश करने को मंजूरी दे दी है जिसके बाद इस टी20 लीग की टीम मेलबर्न रेनेगेड्स की बिक्री का रास्ता साफ हो गया है लेकिन देश के खिलाड़ियों के संघ ने कहा कि नई योजना में महत्वपूर्ण मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं। सीए ने घोषणा की कि वह मेलबर्न रेनेगेड्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए निजी मालिकों से बोलियां आमंत्रित करेगा।

लेकिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के सीईओ पॉल मार्श ने कहा कि दोनों संस्थाएं अभी नए समझौते के करीब नहीं पहुंचे हैं, जिसमें खिलाड़ियों के साथ वेतन से जुड़ा समझौता भी शामिल है। क्रिकेट डॉट कॉम एयू की रिपोर्ट के अनुसार फ्रेंचाइजी का नया स्वामित्व 2027-28 के बिग बैश लीग और महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के लिए लागू रहेगा तथा बिक्री प्रकिया का बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल के आगामी सत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मेलबर्न रेनेगेड्स टीम का संचालन अभी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कर रहा है।

# विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज : चौथे दिन भारत ने दो स्वर्ण समेत जीते पांच पदक



अहमदाबाद। भारतीय तीरंदाजों ने पैरा तीरंदाजी विश्व सीरीज के समापन से एक दिन पहले मंगलवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। पुरुषों की कंपाउंड और रिकर्व टीमों ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि स्वाति चौधरी ने एक ही दिन में दो पदक हासिल किए। मौजूदा विश्व चैंपियन तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी की पुरुष कंपाउंड जोड़ी ने इराक को 152-139 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह और विजय सुंडी की रिकर्व जोड़ी ने स्लोवाकिया को 6-2 से पराजित कर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला रिकर्व टीम में भावना और पूजा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन के हाथों 0-6 (23-34, 33-35, 30-31) से हार मिली। स्वाति चौधरी और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू-। (रिकर्वाकंपाउंड) स्पर्धा में रजत पदक जीता। स्वाति ने इसके बाद दोपहर के सत्र में व्यक्तिगत डब्ल्यू- । वर्ग में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। उन्होंने व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) के झंडे के तहत खेल रही रूस की एलेना कुतोवा को 6-2 से हराया। इस तरह स्वाति ने एक ही दिन में रजत और कांस्य, दोनों पदक हासिल किए।

स्वामी और तोमन ने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा के फाइनल में इराक के अब्बास कादिम और अनवर अलदावोद को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद जल्द ही लय हासिल कर ली और फिर उसे जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं हुई। हरविंदर और सुंडी ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्लोवाकिया के डेविड इवान और डेनिस इवान को 6-2 (34-37, 36-31, 38-34, 35-31) से हराया। महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में भी भारत कांस्य पदक से चूक गया। शीतल देवी और पायल नाग तीसरे स्थान के प्लेऑफ में चीन की वांग हुईटिंग और गाओ फांग्शिया की जोड़ी से हार गईं। चीन की तीरंदाजों ने यह मुकाबला 6-0 (34-23, 35-33, 31-30) से जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्वाति और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी को मिश्रित टीम डब्ल्यू-। (रिकर्वाकंपाउंड) के फाइनल में चेक गणराज्य की शार्का पुल्तार मुसिलेवा और डेविड द्राहोनिंस्की के हाथों 1-5 (31-38, 33-37, 33-33) से हार का सामना करना पड़ा।

### न्यूजीलैंड के बल्लेबाज चैपमैन ने कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट चुना, लेकिन भारत के खिलाफ उपलब्ध रहेंगे

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ औपचारिक केंद्रीय अनुबंध के बजाय कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट का विकल्प चुना है लेकिन वह भारत के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को बयान जारी कर चैपमैन के इस फैसले की घोषणा की। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, चैपमैन भारतीय टीम के दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने और टिम सीफर्ट सहित चार अन्य कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ी भी उपलब्ध रहेंगे। हांगकांग में जन्मे 32 वर्षीय चैपमैन 2018 से न्यूजीलैंड के लिए खेल रहे हैं।

## संक्षेप

### पहले दौर में संधू व दानेक को संयुक्त बढ़त

चेन्नई। भारत के अजितेश संधू और चेक गणराज्य के स्टेपन दानेक ने मंगलवार को यहां चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में सात अंडर 65 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली। संधू ने आठ बर्डी की लेकिन वह 12वें होल पर एक बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर सात अंडर रहा। दानेक ने बोगी रहित स्कोर बनाते हुए सात बर्डी की। चंडीगढ़ के जयराज सिंह संधू और दिल्ली के राशिद खान और पवन वर्मा छह अंडर 66 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। गत चैंपियन श्रीलंका के एन थंगराजा तीन अंडर69 के स्कोर से संयुक्त 16वें पायदान पर हैं।

### आईजीयू ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अनुरूप महत्वपूर्ण संशोधन किए

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने अपने संघ के ज्ञापन (एमओए) को राष्ट्रीय खेलप्रशासन अधिनियम के अनुरूप बनाने के लिए उसमें कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं जिसमें उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों (एसओएम) को शासी निकाय में शामिल करना और विवाद समाधान समिति का गठन करना भी शामिल है। सोमवार को यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में इन संशोधनों को सर्वसम्मति से अपनाया गया। इस बैठक में कुल 20 राज्य गोल्फ संघों (एसजीए) ने भाग लिया। अन्य प्रमुख संशोधनों में आंतरिक शिकायत समिति, एथलीट समिति और मध्यस्थता आयोग का गठन शामिल था। आईजीयू के अध्यक्ष बृजिंदर सिंह ने कहा, आईजीयू नए राष्ट्रीय खेलप्रशासन अधिनियम का पालन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### मुंबई सिटी एफसी ने किया लजार सिरकोविच से एक साल का करार

मुंबई। मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के 2026-27 सत्र के लिए मंगलवार को सर्बिया के लजार सिरकोविच के साथ एक साल का करार किया। आईएसएल में चेन्नईयिन एफसी और जमशेदपुर एफसी की ओर से खेल चुके 34 वर्षीय डिफेंडर सिरकोविच ने सर्बिया में भी कई क्लबों का प्रतिनिधित्व किया है। सिरकोविच ने अपने करियर की शुरुआत 2010 में सर्बिया के सुपरलिगा क्लब रेड स्टार के साथ की और फिर उधार पर पेलिस्टर से जुड़ गए।

# भारत अंडर-19 टीम में आर्यन व तन्मय शामिल

एजेंसी


नयी दिल्ली। सौराष्ट्र के आर्यन सवसानी और हरियाणा के तन्मय बलोदा को उम्र में धोखाधड़ी के मामले में बाहर किए गए रोहित यादव के स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया। रोहित को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय और लंबी अवधि के प्रारूप के लिए दोनों टीम में शामिल किया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन पर कथित तौर पर अपनी उम्र गलत बताने के आरोप में दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बीसीसीआई ने कहा कि सवसानी और बलोदा क्रमशः एकदिवसीय और बहुदिवसीय भारतीय टीमों में यादव की जगह लेंगे। बीसीसीआई ने बताया, जूनियर चयन समिति ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के आर्यन सवसानी को रोहित यादव के स्थान पर भारत की अंडर-19 वनडे टीम में, जबकि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तन्मय बलोदा को बहुदिवसीय टीम में शामिल किया है। भारत अंडर-19 टीम राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच और पहला बहुदिवसीय मैच खेलेगी, जबकि दूसरा बहुदिवसीय मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा।

# मंधाना अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के शीर्ष पांच में

एजेंसी

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ महिला एशिया कप के मुकाबले में 124 रन की शानदार पारी के बाद मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। मंधाना ने 64 गेंदों में 124 रन बनाए।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने हांगकांग को 137 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस दौरान मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह सभी प्रारूपों को मिलाकर महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। उनके नाम अब 10,880 रन हैं और उन्होंने भारत की पूर्व कप्तान



मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। यह मंधाना का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18वां शतक भी था। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली बल्लेबाजों की सूची में सबसे आगे निकल गईं। टी20 रैंकिंग में मंदाना पांचवें स्थान पर कायम हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दो पायदान की छलांग लगाई है। वह गेंदबाजों की रैंकिंग में अब छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्हें बल्ले और गेंद दोनों से उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है।

हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में दीप्ति पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। एशिया कप में भारत के लिए उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन से टीम में उनकी अहम भूमिका भी साफ होती है। यूएई की कप्तान ईशा ओझा एसोसिएट देशों की प्रमुख खिलाड़ियों में अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रही हैं। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में 39वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# टी20 में एशियाड के लिए चुनी गयी टीम ही उतारेगा जापान

एजेंसी

दुबई। जापान की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले केंडेल कादोवाकी फ्लेमिंग 22 सितंबर को सानो में भारत के खिलाफ होने वाले ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने देश की कप्तानी करेंगे। इस मैच में जापान ने वही टीम उतारने का फैसला किया है जो आइची-नागोया में एशियाइ खेलों में खेलेगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि जापान की टीम में इब्राहिम ताकाहाशी और डेक्लन सुजुकी मैककॉम्ब अन्य दो खिलाड़ी हैं जिन्हें 50 से अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने का अनुभव है। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

आईसीसी ने कहा, जापान ने एशियाई खेलों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए उन खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया है जो आईसीसी नियमों के तहत टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के योग्य हैं लेकिन एशियाई खेलों के नियमों के तहत अयोग्य हैं। तीस वर्षीय कादोवाकी फ्लेमिंग ने अब तक 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 139.41 के स्ट्राइक रेट से 1871 रन बनाए हैं। उनके नाम पर दो शतक और 12 अर्धशतक दर्ज हैं।

# मेरे करियर के लिए यह काफी अहम सत्र : मकेश

चेन्नई। दलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 11 विकेट अपने नाम कर भारतीय टीम में वापसी की कोशिशों में जुटे बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने कहा कि आगामी घरेलू सत्र उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मुकेश ने भारत के लिए पिछली बार 2024 में खेला था।

इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ जैसे नई पीढ़ी के तेज गेंदबाजों के उभरने के बीच वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए। मुकेश ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद पूर्व क्षेत्र के मुकेश ने कहा, यह सत्र मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। दलीप ट्रॉफी सत्र का पहला टूर्नामेंट है और अभी हम फाइनल खेल रहे हैं। इसकी तैयारी के लिए मैं दलीप ट्रॉफी शुरू होने से करीब चार दिन पहले ही बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंच गया था। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर ध्यान दे रहा था कि मुझे किस तरह गेंदबाजी करनी है।

लाल गेंद से अभ्यास किया और फिटनेस पर भी काम किया। उम्मीद है कि आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र भी मेरे लिए अच्छा रहेगा। मुकेश ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में सात विकेट लेकर पूर्व क्षेत्र की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# लक्ष्य के साथ एशियाड के लिए भारतीय टीम रवाना

एजेंसी

बेंगलुरु। विश्व कप में ऐतिहासिक पांचवें स्थान पर रहने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला हॉकी टीम स्वर्ण पदक जीतकर 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए मंगलवार को जापान रवाना हुई। कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में और कोच शोर्ड मारिन की निगरानी में भारत ने विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहकर 1974 के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब सबकी निगाहें एशियाई खेलों पर टिकी हैं, जहां स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे ओलंपिक में जगह बना लेगी।

सलीमा ने कहा, हम एशियाई खेलों में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ जा रहे हैं, लेकिन हम यह भी जानते हैं कि हर टूर्नामेंट एक नई चुनौती लेकर आता है। नेशंस कप और विश्व कप ने हमें यह विश्वास दिलाया है कि हम मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है, स्वर्ण पदक जीतना और लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना। हम जानते हैं कि इसके लिए निरंतरता, अनुशासन और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। एक टीम के रूप में हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत को जापान, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और उज्बेकिस्तान के साथ पूल बी में रखा गया है।

टीम 20 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद वह 21 सितंबर को इंडोनेशिया, 23 सितंबर को थाईलैंड, 25 सितंबर को जापान और 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ मैच खेलेगी। नॉकआउट चरण 30 सितंबर को होंगे जबकि दो अक्टूबर को स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला होगा। भारतीय टीम में सविता,



नवनीत कौर, नेहा, निक्की प्रधान, लालरेम्सियामी और सुशीला चानू पुखरामबम जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा कई युवा खिलाड़ी भी शामिल है जिन्होंने हाल में अपने प्रदर्शन से विशेष छाप छोड़ी है। एशियाई खेलों के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम में दो गोलकीपर (सविता, बिचू देवी खारीबाम), पांच डिफेंडर (इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, लालथंटलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास), छह मिडफील्डर (निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनिलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, दीपिका सोरेंग) और सात फॉरवर्ड (लालरेम्सियामी, रुतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग) शामिल हैं।

# रायबाकिना ने ओसाका को हराया, क्वार्टरफाइनल में झेंग से भिड़ेगी

एजेंसी

न्यूयॉर्क। एलेना रायबाकिना ने नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और अब वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनने से केवल एक जीत दूर हैं। उन्हें अब रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए झेंग किनवेन को हराना है, जो आसान नहीं होगा। रायबाकिना ने चौथे दौर में ओसाका के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना सेमीफाइनल में जगह बनाने पर एरीना सबालेंका को पछाड़कर डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगी। रायबाकिना ने कहा, निश्चित रूप से मैं ऐसा चाहती हूं। मुझे लगता है कि शायद ही कोई ऐसा होगा जो विश्व में नंबर एक नहीं बनना चाहे। निश्चित रूप से यह मेरे लक्ष्यों में से एक है। मैं उसी तरह से खेलने की कोशिश करती हूं। अपनी पूरी ताकत लगाती हूं। मैं आखिर तक हार नहीं मानती। उन्हें अब झेंग को रोकना होगा जिन्होंने लगातार दूसरे मैच में 0-5 के पिछड़ने के



बाद शानदार वापसी की। चीन की ओलंपिक 2024 की स्वर्ण पदक विजेता ने आठवीं वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 7-5, 6-3 से हराकर फ्लशिंग मीडोज में अंतिम आठ में पहुंचने वाली क्वालीफायर खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है।

इससे पहले एम्मा राडुकानु ने 2021 में यह कारनामा किया था। रायबाकिना ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया और नंबर दो रैंकिंग उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगर सबालेंका, कोको गॉफ या जेसिका पेगुला में से कोई भी खिताब नहीं जीतती है, तो झेंग से हारने पर भी वह नंबर एक पर पहुंच सकती हैं। इस बीच गॉफ ने नंबर 14 इवा जोविच को 6-1, 6-4 से हराकर 2023 में खिताब जीतने के बाद पहली बार यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

इस चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना फ्रेंच ओपन चैंपियन और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा से होगा, जिन्होंने 24वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। पुरुष एकल में वैन डे ज़ैंडस्चुल्प ने आर्थर गीया को पांच घंटे, 13 मिनट में 3-6, 6-7 (0), 7-6 (7), 7-6 (3), 6-4 से हराया, जो यूएस ओपन के इतिहास का चौथा सबसे लंबा मैच था। कारेन खाचानोव ने भी 14वें वरीय लर्नर टिएन 7-5, 4-6, 6-7 (6), 6-1, 6-4 से पांच सेटों में हराया, लेकिन यह मैच तीन घंटे 50 मिनट तक चला।

### एशियाई पैरा खेलों में भारतीय खिलाड़ी प्रदर्शन का स्तर और ऊंचा करेंगे : झाझड़िया

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने जापान में होने वाले आगामी एशियाई पैरा खेलों में भारतीय दल से दमदार प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि खिलाड़ियों की तैयारियां सही दिशा में चल रही हैं और ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों तथा 2024 पेरिस पैरालंपिक खेलों में मिली सफलता से टीम का मनोबल भी उंचा है। भारत ने 2023 में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे, जिनमें 29 स्वर्ण शामिल थे। दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी झाझड़िया का मानना है कि अगले महीने होने वाले आइची-नागोया एशियाई पैरा खेलों में भारतीय दल इस उपलब्धि का स्तर और उंचा कर सकता है।

# हार को भुलाकर आगे बढें : खेलमंत्री मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने नीदरलैंड और बेल्जियम में हाल ही में हुए हॉकी विश्व कप के बाद समीक्षा बैठक में कप्तानों और कोचों से हार की बजाय उसके कारणों पर फोकस करके एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिये कहा। सूत्रों के अनुसार

### हॉकी विश्व कप में प्रदर्शन की समीक्षा बैठक

सोमवार को खेलमंत्री ने पुरूष टीम के कोच क्रेग फुल्टोन, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, महिला टीम के कोच शोर्ड मारिन और कप्तान सलीमा टेटे के साथ बैठक में विश्व कप में प्रदर्शन की समीक्षा की और कमियों का पता लगाकर उन्हें दूर करने पर फोकस करने के लिये कहा।



मंत्रालय के सूत्र ने बताया, करीब एक घंटे तक साइ मुख्यालय में हुई बैठक में खेलमंत्री ने दोनों टीमों के कप्तानों और कोचों के अलावा हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों से बात की।

उन्होंने विश्व कप की निराशा को भुलाने और एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करके लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखने के लिये कहा। सूत्र ने कहा, खेलमंत्री ने दोनों टीमों से कहा कि बेंगलुरू स्थित साइ सेंटर में सारी सुविधायें उपलब्ध हैं लेकिन पदक जीतने के लिये अगर किसी और चीज की भी जरूरत है तो सरकार मदद के लिये तैयार है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की बजाय एक टीम के रूप में अच्छे प्रदर्शन का लक्ष्य होना चाहिये। बैठक में खेल सचिव हरिरंजन राव, हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह, टॉप्स सीईओ एनएस जोहल के अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक हुए विश्व कप में भारतीय पुरूष टीम निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आठवें स्थान पर रही।

# तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे राजनाथ



कोलंबो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा रक्षा और क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे।

सिंह ने श्रीलंका रवाना होने से पहले कहा कि मैं इस यात्रा के दौरान श्रीलंका के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत की उम्मीद करता हूं। वह श्रीलंका में भारतीय प्रवासी समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। सिंह ने कहा कि हमारी दीर्घकालिक साझेदारी और गहरे ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों के अलावा, श्रीलंका पड़ोस पहले और महासागर पहलों के तहत हमारे सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्रीलंका के उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अरुण जयसेकरा और श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने सिंह की अगवानी की। मंत्रालय ने कहा कि श्रीलंका की ओर से सिंह का गर्मजोशी से पारंपरिक स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के बीच करीबी और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को दर्शाता है। मंत्रालय के अनुसार, सिंह के साथ रक्षा और विदेश मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी गया है। यह 38 वर्षों में किसी भारतीय रक्षा मंत्री की श्रीलंका की पहली यात्रा है। भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित अत्याधुनिक स्टील्थ निर्देशित मिसाइल युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि भी मंगलवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा। श्रीलंका नौसेना ने बताया कि युद्धपोत का नौसैनिक परंपराओं के अनुरूप स्वागत किया गया। उसने कहा कि श्रीलंका नौसेना के कर्मी युद्धपोत की क्षमताओं से परिचित होने, ज्ञान साझा करने और जहाज पर प्रशिक्षण के लिए आईएनएस उदयगिरि का दौरा भी करेंगे। आईएनएस उदयगिरि के चालक दल के सदस्य श्रीलंका नौसेना के साथ सद्भावना कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे तथा पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों का दौरा करेंगे।

# ईरान ने नयी रक्षा रणनीति के संकेत दिये खतरा पैदा होने से पहले करेंगे कार्रवाई



वाशिंगटन। ईरान ने अमेरिका और इजराइल के साथ जारी युद्ध के बीच अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव के संकेत देते हुए कहा है कि वह किसी भी संभावित खतरे के पैदा होने से पहले ही उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा।

ईरान के सरकारी मीडिया ने बेहतर क्षमताओं वाली एक बैलिस्टिक मिसाइल का सोमवार को हवाला देते हुए इसे देश की रक्षा रणनीति में निर्णायक मोड़ बताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में सरकारी टेलीविजन पर एक दिन पहले प्रसारित ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख मोहसिन रेजाई की टिप्पणियों का बार-बार हवाला दिया गया। रेजाई ने ईरान की नयी मिसाइल क्षमता का दावा किया था और कहा था कि इसका एक अमेरिकी युद्धपोत के खिलाफ परीक्षण किया गया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि जिस मिसाइल का परीक्षण किए जाने की बात कही गई, वह वही ठोस ईंधन वाली कासेम बसीर मिसाइल थी, जिसका सोमवार की रिपोर्ट में जिक्र किया गया। अमेरिका ने शनिवार को कहा था कि ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं और इसके जवाब में अमेरिका ने तीन ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया। हाल के दिनों में ईरान की ओर से दिए जा रहे बयानों में अधिक आक्रामक रुख देखने को मिला है। सोमवार की रिपोर्ट में कहा गया कि कासेम बसीर ईरान की रक्षा रणनीति में एक निर्णायक मोड़ है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस मिसाइल की मारक क्षमता और सटीकता अधिक है तथा इसमें आधा टन वजन का वारहेड है। इस मिसाइल का अनावरण पिछले साल किया गया था और उस समय इसकी मारक क्षमता कम से कम 1,200 किलोमीटर बताई गई थी। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को लेकर चिंता उन कारणों में शामिल थी।

## संक्षेप

### नेपाल में भारत-चीन की मदद से पुलों के पुनर्निर्माण

काठमांडू। विनाशकारी बाढ़ से टूटे महत्वपूर्ण सड़क मार्गों को बहाल करने में जुटे नेपाल ने आपदा प्रभावित इलाकों में अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने के लिए भारत और चीन से अस्थायी पुल मुहैया कराने का अनुरोध किया है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के अनुसार, 26 अगस्त को आई आपदा में सोमवार तक 1,356 लोगों की मौत हो गई जबकि 4,994 लोग अब भी लापता हैं। अब तक कुल 13,396 लोगों को बचाया गया है। चट्टानों के खिसकने एवं हिमस्खलन के कारण नेपाल-तिब्बत सीमा के पास आई बाढ़ से भोटेकोशी नदी में पानी का तेज बहाव आया जिसमें उत्तरी और मध्य नेपाल में मकान, वाहन, सड़कें और पुल बह गए तथा पनबिजली परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा। नेपाल ने भारत और चीन दोनों से अस्थायी पुल देने का अनुरोध किया है और दोनों देशों ने इस अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। द काठमांडू पोस्ट की मंगलवार की खबर के अनुसार, चीन मुस्तांग में कोरला सीमा चौकी पर 100-100 मीटर लंबे दो बेली ब्रिज (अस्थायी इस्पात पुल) पहले ही भेज चुका है। सड़क विभाग ने सड़कों और पुलों को करीब 30 अरब नेपाली रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया है।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन संबंधी यातायात प्रतिबंधों के चलते घर से जल्दी निकलें यूजीसी नेट अभ्यर्थी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में यूजीसी-नेट पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए परामर्श जारी किया है कि वे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण लागू यातायात प्रतिबंधों के चलते घर से जल्दी निकलें।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 11 से 13 सितंबर तक आयोजित होगा। एनटीए ने परामर्श में कहा कि शिखर सम्मेलन के सिलसिले में व्यापक सुरक्षा इंतज़ाम किए जा रहे हैं और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में दिल्ली यातायात पुलिस तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा मार्ग परिवर्तन एवं यातायात पाबंदियां लागू की जा सकती हैं। इसमें कहा गया, हालांकि यूजीसी-नेट परीक्षा केंद्र उन इलाकों में नहीं हैं जिन पर बड़ी पाबंदियों का सीधा असर पड़ने की उम्मीद है, फिर भी दिल्ली में परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के क्रम में अभ्यर्थियों को सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की वजह से कुछ रास्तों पर जाम, मार्ग परिवर्तन और देरी का सामना करना पड़ सकता है।

# सत्य निकेतन हादसा: घायलों से मिलने एम्स पहुंचीं रेखा गुप्ता



नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिणी दिल्ली के सत्य निकेतन पीजी हादसे में जख्मी छात्रों के परिजनों से यहां एम्स में मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के मुताबिक, गुप्ता ने परिजनों से छात्रों के स्वास्थ्य और उपचार की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि सरकार घायल छात्रों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगी। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और छात्रों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों से घायल छात्रों की स्थिति और उन्हें दिए जा रहे उपचार की विस्तृत जानकारी भी ली। सत्य निकेतन इलाके में छात्रों के पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास के तौर पर इस्तेमाल की जा रही इमारत रविवार को दोपहर करीब 1:30 बजे मरम्मत कार्य के दौरान ढह गई। मलबे से कुल 12 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें से सात लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए।

# रूस के मिसाइल हमलों में यूक्रेन के दो लोगों की मौत

एजेंसी

कीव। रूस द्वारा सोमवार रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बीते सप्ताह हमले रुके थे। लेकिन सोमवार को रूस ने कीव पर फिर से हमला किया। इसी बीच, अमेरिकी दूत जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने के नये प्रयासों के तहत अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर कीव पहुंचे हैं। यूक्रेन की राज्य आपात सेवा ने बताया कि राजधानी के कम से कम पांच जिलों में नुकसान होने और आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, कीव के सैन्य प्रशासन ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि कम से कम 16 जगहों पर नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। 26 मंजिला एक गैर-आवासीय इमारत भी हमले की चपेट में आई है। उसी जिले में एक अन्य स्थान पर आग लग गई।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com